*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
28 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 09

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

भारत में टाटा ग्रुप बनायेगा आइफोन:विस्ट्रॉन के साथ टाटा की 1,000 करोड़ में डील फाइनल, ढाई साल में शुरू होगा प्रोडक्शन






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |



# आज रांची में नड्डा तय करेंगे झारखंड भाजपा का रोडमैप

## ■ बाबूलाल मरांडी को स्थापित करने के साथ आदिवासियों को साधेंगे

## ■ लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए बनेगी रणनीति

## ■ नेताओं और कार्यकर्ताओं के कान में चुनावी कामयाबी का मंत्र भी फूंकेंगे

**आजाद सिपाही विशेष**

**भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 28 अक्टूबर को रांची आ रहे हैं। उनकी इस यात्रा का घोषित उद्देश्य झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करना है। यह कार्यक्रम हरमू मैदान में होगा, जहां से कुछ सौ मीटर की दूरी पर प्रदेश भाजपा का मुख्यालय है। इसलिए नड्डा की यह यात्रा राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील मानी जा रही है। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब देश के पांच राज्यों, मिजोरम, राजस्थान, तेलंगाना, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होनेवाले हैं। इसके बाद लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू होगी, जो 2024 की पहली छमाही में होगा। उसके बाद झारखंड में विधानसभा के चुनाव होंगे। इस चुनावी सरगर्मी के माहौल में भाजपा अध्यक्ष की रांची यात्रा के दौरान बहुत से ऐसे काम होंगे, जिनकी झारखंड भाजपा को सख्त जरूरत है। पार्टी को लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव जीतने का रोडमैप तैयार करना है, जिसका स्वरूप नड्डा की यात्रा में तय हो सकता है। बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मजबूती से स्थापित करने के साथ प्रदेश कार्यसमिति के गठन तक का टास्क भी नड्डा की इस यात्रा में पूरा किया जा सकता है। इसके अलावा अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित उलीहातू यात्रा की तैयारियों के बारे में भी वह पार्टी की प्रदेश इकाई को दिशा-निर्देश देंगे, ताकि आदिवासी वोटों को साधने में मदद मिल सके। क्या है जेपी नड्डा की रांची यात्रा का राजनीतिक उद्देश्य और इसके बाद झारखंड भाजपा में क्या बदलाव हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

करीब चार महीने के अंतराल के बाद पूरे झारखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं की चहलकदमी है। चौक-चौराहा भारतीय जनता पार्टी के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। भाजपा के भीतर यह उत्साह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन को लेकर है, जिसका समारोह राजधानी रांची में 28 अक्टूबर को होना है और इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी शामिल हो रहे हैं। झारखंड भाजपा का यह कार्यक्रम रांची के उस हरमू मैदान में हो रहा है, जहां से कुछ मीटर की दूरी पर पार्टी का प्रदेश मुख्यालय है। इसलिए स्वाभाविक है कि पार्टी अध्यक्ष की यह यात्रा संकल्प यात्रा के समापन समारोह से इतर कुछ राजनीतिक उद्देश्यों की भी पूर्ति करेगी।

इस साल नड्डा दूसरी बार झारखंड आ रहे हैं। उनके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी दो बार झारखंड का दौरा कर चुके हैं। भाजपा के इन दोनों शीर्ष नेताओं की झारखंड यात्रा का अलग सियासी महत्व तो है ही, झारखंड के दुर्ग पर दोबारा कब्जा करने के प्रति भाजपा की बेचैनी भी दिखती है। इसलिए कहा जा सकता है कि नड्डा की इस रांची यात्रा से झारखंड भाजपा के अगले एक साल का रोडमैप तैयार हो सकता है। देश अभी चुनावी मोड में है। पांच राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में अगले महीने विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इसके बाद देश में संसदीय चुनावों की सुगबुगाहट शुरू होगी। उस चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से मैदान में उतरेगी। लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद झारखंड में विधानसभा चुनाव होंगे। इस तरह अगले एक साल तक पार्टी पूरी तरह चुनावी मोड में रहनेवाली है और नड्डा इन चुनावों को जीतने का मंत्र नेताओं और कार्यकर्ताओं के कान में फूकेंगे।

झारखंड भाजपा के लिए कितना महत्वपूर्ण है, यह इसी बात से प्रमाणित होता है कि नड्डा की यात्रा के बाद नवंबर महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी झारखंड आ सकते हैं। दरअसल 2019 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के बाद भाजपा के लिए अपने इस दुर्ग को दोबारा हासिल करना बेहद जरूरी हो गया है। पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से 11 सीटों पर कब्जा किया था, जबकि एक सीट उसकी सहयोगी आजसू ने जीती थी। लेकिन करीब छह महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी महज 25 सीटें ही जीत सकी थी, क्योंकि आदिवासियों का उससे मोहभंग हो गया था। उस हार का दर्द भूल कर भाजपा झारखंड में नयी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



### बाबूलाल मरांडी के सहारे आदिवासियों को साधेंगे

जेपी नड्डा वैसे तो भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन में शामिल होने आ रहे हैं, लेकिन इस यात्रा का एक बड़ा उद्देश्य मरांडी को स्थापित करने के साथ आदिवासियों को साधना भी है। इस साल जुलाई में झारखंड भाजपा की कमान संभालने के बाद बाबूलाल मरांडी ने 17 अगस्त से संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इस दौरान उन्होंने झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों का दौरा करने का लक्ष्य तय किया था। शुरुआत संथाल परगना के बरहेट के भोगनाडीह से हुई, जो हूल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू की जन्मस्थली है। पिछले दो महीने में बाबूलाल मरांडी 75 विधानसभा क्षेत्रों में जा चुके हैं और इस अभियान का समापन रांची में छह विधानसभा क्षेत्रों की संयुक्त सभा से होगा। वास्तव में बाबूलाल मरांडी ने यह संकल्प यात्रा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर ही निकाली थी। इस यात्रा के पीछे का कारण झारखंड के आदिवासियों को साधना था, जो पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा से बिदक गया था। नड्डा अपनी यात्रा में बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर स्थापित कर पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं को यह बड़ा संदेश देंगे कि भाजपा के लिए आदिवासी बेहद महत्वपूर्ण हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले महीने होनेवाली उलीहातू यात्रा को भी इससे जोड़ेंगे, ताकि आदिवासियों के बीच सकारात्मक संदेश जा सके।

### प्रदेश कार्यसमिति के गठन की पहल

नड्डा की रांची यात्रा के दौरान झारखंड भाजपा की नयी प्रदेश कार्यसमिति के गठन की पहल भी शुरू होगी, क्योंकि बाबूलाल मरांडी के लिए आगे का सफर बेहद चुनौतीपूर्ण होनेवाला है। नड्डा की यात्रा से पार्टी के भीतर जारी गुटबाजी को एक झटके में खत्म करने में मदद तो मिलेगी ही, साथ ही नयी कार्यसमिति पर बाबूलाल मरांडी की पूरी पकड़ पर भी मुहर लग जायेगी। इसलिए भाजपा के भीतर नड्डा की यात्रा को लेकर बेहद उत्साह है।

### भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों पर छेड़ेंगे बहस

बाबूलाल मरांडी की इसी संकल्प यात्रा के समापन में जेपी नड्डा न केवल आगामी चुनावों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे, बल्कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधेंगे। खनन घोटाला, जमीन घोटाला, शराब घोटाला का जिक्र अपनी सभा में करेंगे और यह बताने की कोशिश करेंगे कि झामुमो-कांग्रेस सरकार में झारखंड का कितना अहित हुआ है। राज्य में विधि-व्यवस्था का मसला भी ज्वलंत है। इसके अलावा बेरोजगारी और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को राज्य में सही ढंग से नहीं लागू करने की बात भी जेपी नड्डा मंच से कर सकते हैं।

## संकल्प यात्रा से उत्साहित हैं बाबूलाल मरांडी



संकल्प यात्रा के सफल समापन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इस पूरी यात्रा के दौरान जिस तरह से जनता का साथ मिला, लोगों में जो उत्साह दिखा, वह अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार के शासन की विफलता से कराह रही है। झारखंड के युवा ठगा महसूस कर रहा है। यहां की बहन-बेटियां अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की पुलिस से झारखंड के व्यवसायी-व्यापारी और सामान्य लोग बेहद डर गये हैं। खासकर व्यापारियों में भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जिस तरह भ्रष्टाचार ने अपनी जड़ जमा ली है, उसकी मार से जनता परेशान है। अधिकारी किसी की नहीं सुन रहे, पुलिस तो सेवा कर्म छोड़ कर वसूली में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान लोगों ने पुलिस की कारगुजारियों की कहानी उनके समक्ष कही। बाबूलाल मरांडी कहते हैं: झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही सबका हिसाब लिया जायेगा। पाई-पाई का हिसाब होगा।

## राजनीतिक हलचल

# छत्तीसगढ़ चुनावः पहले चरण में 46 प्रत्याशी करोड़पति, तो दो के पास कोई संपत्ति नहीं

### वहीं 26 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में प्रचार चरम पर है। राज्य में 7 नवंबर को पहले और 17 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होना है। इस बीच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिमार्म्स ने पहले चरण के उम्मीदवारों द्वारा दाखिल हलफनामों पर रिपोर्ट प्रकाशित की है। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पहले चरण की 20 सीटों पर कुल 233 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### कितने दागी

इस चरण में चुनाव लड़ रहे 233 में से 26 उम्मीदवारों (12 फीसदी) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 12 उम्मीदवारों (सात फीसदी) पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सबसे ज्यादा दागी उम्मीदवार भाजपा के हैं। भाजपा के 20 में से पांच उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, इनमें से चार उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। आप के 10 में से चार उम्मीदवार दागी हैं, जिनमें एक उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामले का सामना कर रहे हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) पार्टी के 15 में से तीन उम्मीदवारों पर केस चल रहा है, जिनमें दो गंभीर आपराधिक मामले का सामना कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के दो उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले चल रहे हैं।

### कितने करोड़पति

2023 में पहले चरण में उतरे 233 प्रत्याशियों में से 21 फीसदी यानी 46 प्रत्याशी करोड़पति हैं। इन सभी प्रत्याशियों के औसत धन की बात करें तो 1.34 करोड़ रुपये है। 11 प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनकी संपत्ति पांच करोड़ या इससे ज्यादा है। 18 उम्मीदवारों की दौलत दो से पांच करोड़ के बीच है। 50 लाख से दो करोड़ की संपत्ति वाले 38 उम्मीदवार मैदान में हैं। ऐसे उम्मीदवार जिनकी दौलत 10 लाख से 50 लाख है उनकी संख्या 50 है। 106 प्रत्याशियों की संपत्ति 10 लाख से कम की है। पहले चरण में कांग्रेस के 17 उमीदवार करोड़पति हैं। भाजपा के 14 प्रत्याशी करोड़पति हैं। आम आदमी पार्टी के कुल 10 उम्मीदवारों में से तीन करोड़पति हैं। वहीं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) के दो उम्मीदवारों की दौलत एक करोड़ रुपये से ज्यादा की है।

### सबसे अमीर उम्मीदवार के पास 40 करोड़ की संपत्ति

पहले चरण के सबसे अमीर प्रत्याशी कवर्धा सीट से आप के खडगराज सिंह हैं। खडगराज की कुल संपत्ति 40 करोड़ है। दूसरे नंबर पर पंडरिया से भाजपा की भावना बोहरा हैं, जिनकी संपत्ति 33 करोड़ रुपये है। वहीं, जगदलपुर से कांग्रेस के जतीन जयसवाल तीसरे सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। जतीन की कुल संपत्ति 16 करोड़ है।

### दो प्रत्याशियों के पास कोई संपत्ति नहीं

एडीआर की रिपोर्ट से एक दिलचस्प आंकड़ा भी सामने आया है, जिसके मुताबिक पहले चरण में चुनाव लड़ हे उम्मीदवारों में दो ऐसे प्रत्याशी भी मैदान में हैं, जिनकी कोई संपत्ति ही नहीं है। हालांकि, इस सूची में भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी या बीटीपी जैसी पार्टियों के प्रत्याशी नहीं हैं। कंकेर से आजाद जनता पार्टी की पर्वती तेता और मोहला मानपुर के उम्मीदवार नागेश पुरम ने बताया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है।

### पढ़े-लिखे उम्मीदवार

चुनाव के पहले चरण में किस्मत आजमा रहे 233 उम्मीदवारों में 115 यानी 52 फीसदी पांचवीं से बारहवीं कक्षा तक पढ़े हैं। 97 उम्मीदवारों (43 फीसदी) ने स्नातक या उससे अधिक की पढ़ाई की है। पांच प्रत्याशी डिप्लोमा धारी हैं। चार उम्मीदवारों ने खुद को साक्षर, जबकि एक ने निरक्षर बताया है। इनके अलावा एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता नहीं बतायी है।

### उम्रदराज उम्मीदवार

पहले चरण के उम्मीदवारों में 103 यानी 46 फीसदी की उम्र 25 से 40 के बीच है। 98 यानी की 44 फीसदी की उम्र 41 से 60 के बीच है। वहीं, 22 यानी की 10 फीसदी की उम्र 61 से 80 के बीच है। कुल 233 उम्मीदवारों में 25 यानी की 11 फीसदी महिला हैं।

# चंबल से ग्वालियर तक की सीटों का एमपी चुनाव में अहम योगदान, तय कर सकती हैं सत्ता

### सिंधिया की प्रतिष्ठा भी दांव पर



चंबल का नाम सुनते ही जेहन में बगावत करने वाले डाकुओं की तस्वीर उभर कर सामने आती है। ग्वालियर का नाम आते ही राजा रजवाड़ों और सियासत की एक वह तस्वीर उभरती है, जिसने एमपी से लेकर दिल्ली के सियासी गलियारों में बड़ी पहचान बनायी। लेकिन मध्यप्रदेश की सियासत में ग्वालियर और चंबल दोनों वे क्षेत्र हैं, जो यहां की सियासत को एक नया मोड़ भी देते हैं और एक तासीर भी पैदा करते हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा का इसी ग्वालियर और चंबल संभाग ने सूपड़ा साफ कर दिया था। फिलहाल मध्यप्रदेश की सियासत में मजबूत दावेदारी रखनेवाले ग्वालियर चंबल संभाग में इस बार बड़े-बड़े नेताओं की अग्नि परीक्षा भी हो रही है। इसमें केंद्रीय कृषि मंत्री से लेकर मध्यप्रदेश के गृह मंत्री और ज्योतिरादित्य सिंधिया की भी प्रतिष्ठा दांव पर है।

मध्यप्रदेश के सियासी जानकारों का कहना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में जिस तरीके से ग्वालियर चंबल संभाग ने भाजपा का सूपड़ा साफ किया और फिर यहां पर हुई नेताओं की बगावत ने सियासत को बदल दिया, वह बताने को काफी है कि यहां की सियासत की तासीर क्या है। 2018 के चुनाव में भाजपा को सबसे बड़ा झटका इस इलाके से लगा था। यहां के आठ जिलों की 34 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी के हिस्से में सात सीटें ही आयी थीं, जबकि 26 सीटें कांग्रेस को मिली थीं। वह कहते हैं कि जिस तरीके से इस इलाके में भाजपा के बढ़ रहे विजय रथ को रोक दिया था। ठीक उसी तरह इस क्षेत्र में हुई सियासी बगावत के बाद भारतीय जनता पार्टी को सत्तासीन कर दिया। 2018 के चुनावों के परिणाम के बाद हुई बगावत को भाजपा बहुत गंभीरता से ले रही है। यही वजह है कि इस चुनाव में बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को भाजपा ने सियासी मैदान में उतारा है। अगर चंबल और ग्वालियर संभाग को ही देखें तो केंद्रीय कृषि मंत्री और कद्दावर नेता नरेंद्र सिंह तोमर समेत मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और शिवराज की कैबिनेट में मंत्री प्रद्युम्न सिंह ग्वालियर से सियासी ताल ठोक कर राजनीति के सभी मोहरे दुरुस्त करने में लगे हैं। यह चुनाव बीते तीन चुनाव की तुलना में सबसे अलग माना जा रहा है। इसके पीछे उनके कई तर्क भी हैं। उसमें सबसे प्रमुख और महत्वपूर्ण तर्क यही है कि तीन बार की सरकार की एंटी इनकंबेंसी भी है और पिछले चुनाव में हुई सियासी उलटफेर की नाराजगी भी। हालांकि भाजपा ने पिछले चुनाव में हुई अपनी हार को देखते हुए इस बार बड़े मजबूत चेहरे इस इलाके में उतारे हैं। राजनीति के जानकारों का कहना है कि चंबल और ग्वालियर का सियासी समीकरण ही ऐसा है कि भोपाल में मुख्यमंत्री की कुर्सी को बनाने और बिगाड़ने का पूरा दमखम रखता है। इन दोनों संभाग के आठ जिलों भिंड, मुरैना, श्योपुर और ग्वालियर, शिवपुरी, गुना अशोकनगर समेत दतिया में 34 विधानसभा की सीटें हैं। इस इलाके की सियासत में जमीनी मुद्दे और किसानों के मुद्दे हमेशा से हावी रहे हैं। यहां की एक बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। इस इलाके में दलितों की ज्यादा आबादी होने के चलते यहां पर सियासी समीकरण भी इस लिहाज से तय होते हैं। फिलहाल ग्वालियर चंबल संभाग में इस बार बड़े सियासी मुद्दों में 2018 के चुनाव में हुई सियासत की बगावत का बड़ा मुद्दा बना हुआ है। चुनाव में जितनी प्रतिष्ठा भाजपा की दांव पर लगी है, उतनी ही कांग्रेस की भी लगी है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर हों या नरोत्तम मिश्रा या फिर ज्योतिरादित्य सिंधिया। यह पहला चुनाव है जब सिंधिया परिवार से सभी लोग भाजपा के साथ खड़े हैं। यही वजह है कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ सबसे बड़ी प्रतिष्ठा ज्योतिरादित्य सिंधिया की भी इसमें लग गई है। क्योंकि पिछले चुनाव के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से बगावत का बिगुल फूंकने के बाद यहां की राजनीति में न सिर्फ तूफान आया, बल्कि कांग्रेस को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 °c | 16.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.15 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.51 बजे | |






संकल्प यात्रा
28 अक्टूबर 2023
को
भारी संख्या में
हरमू मैदान
चलें
संकल्प यात्रा समापन
समारोह में भगवान
बिरसा मुंडा की धरती
पर जे पी नड्डा जी
का हार्दिक
स्वागत
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता
रांची, झारखंड

www.epaper.azadsipahi.in

28 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 09


भारत में टाटा ग्रुप बनायेगा आइफोनः विस्ट्रॉन के साथ टाटा की डील फाइनल, ढाई साल में शुरू होगा प्रोडक्शन









## महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का शानदार आगाज

# 10 दिनों तक हॉकी में डूबा रहेगा झारखंड

- पहले मैच में जापान ने मलेशिया को दी करारी शिकस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हॉकी का महिला एशियाइ चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट शुक्रवार से शुरू हो गया। यह टूर्नामेंट पांच नवंबर तक चलेगा। अगले 10 दिनों तक झारखंड हॉकी के महाकुंभ में डूबा रहेगा। शुक्रवार को जापान और मलेशिया के बीच पहला मैच हुआ। जापान ने मलेशिया को 3-0 से हराया। इसके बाद दूसरा मुकाबला चीन और कोरिया के बीच हुआ। कोरिया ने चीन को 1-0 से शिकस्त दी। शुक्रवार का आखिरी मैच भारत और थाइलैंड के बीच हुआ। मैच देखने के लिए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, खेल मंत्री हफीजुल हसन, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, रांची डीसी राहुल सिन्हा, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह समेत अन्य अधिकारी और हॉकी प्रेमी पहुंचे। रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम इस प्रतियोगिता का गवाह है।



मैच का फाइनल मुकाबला पांच नवंबर को होगा। क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल तक पहुंचने के लिए टीमों को एक-दूसरे से कड़ा मुकाबला करना होगा।

पहले मुकाबले के बाद जापान महिला टीम की खिलाड़ियों ने दर्शकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इतनी संख्या में लोग हमारा मैच देखने आये थे। उम्मीद है कि हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे होंगे। हमने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

> मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में पहली बार महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का आयोजन हो रहा है। यह समस्त झारखंडवासियों के लिए गर्व की बात है।
>
> -हफीजुल हसन, खेल मंत्री, झारखंड

### आज होनेवाले मैच

**28 अक्टूबर 2023**

शाम 4.00 बजे: जापान बनाम कोरिया
शाम 6.15 बजे: थाइलैंड बनाम चीन
रात 8.30 बजे: भारत बनाम मलेशिया

# भाजपा की संकल्प यात्रा का समापन आज, नड्डा आयेंगे

## रांची के हरमू मैदान में होगा समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा की संकल्प यात्रा का नौवां और अंतिम चरण चल रहा है। इसका समापन शनिवार को हो रहा है। प्रदेश भाजपा ने समापन समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की है। समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन रांची के हरमू मैदान में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्य अतिथि हैं। वह शनिवार को रांची आ रहे हैं। उनके आगमन से लेकर सभा तक की सारी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नड्डा का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया जायेगा। यहां से कार्यकर्ताओं के साथ वह हरमू मैदान पहुंचेंगे। वह यहां सभा को संबोधित करेंगे। यह जनाकारी पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि संकल्प यात्रा को सभी विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि कि प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं के लिए सौभाग्य की बात है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समापन संकल्प सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि समापन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव सहित प्रदेश के पदाधिकारी, सांसद और विधायकगण भी उपस्थित रहेंगे।

# सरकारी कर्मी दूसरी शादी करेंगे तो नौकरी खत्म

- असम सरकार का सर्कुलर जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम में सरकारी कर्मचारियों को दूसरी शादी के लिए अब राज्य सरकार से मंजूरी लेनी होगी। राज्य की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने सर्कुलर जारी कर इसकी जानकारी दी है। सरकार ने इसे फौरन लागू करने का निर्देश दिया है। सर्कुलर के मुताबिक, कोई भी सरकारी कर्मचारी, जिसकी पत्नी या पति जीवित हो, वो सरकार की अनुमति के बिना दूसरी शादी नहीं कर सकता, भले ही धर्म या पर्सनल लॉ के तहत उसे ऐसी शादी की अनुमति हो। सर्कुलर में यह भी लिखा हुआ है कि अगर कोई इन नियमों की अनदेखी कर दूसरी शादी करता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। विशेष परिस्थितियों में सरकार से अनुमति लेकर दूसरी शादी की जा सकती है। इसमें तलाक के मानकों के बारे में कोई बात नहीं लिखी है।

### बाल विवाह और दूसरी शादी करने पर सरकार सख्त

राज्य की हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने बाल विवाह पर रोक लगायी है। इसके कारण फरवरी से राज्य भर में हजारों गिरफ्तारी हो चुकी है। अक्टूबर की शुरुआत में पुलिस ने कम उम्र की लड़कियों से शादी पर रोक लगाने के लिए एक अभियान चलाया, जिसमें 1039 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन मामलों में ज्यादातर मामले लड़कियों की इच्छा के खिलाफ शादी के थे। प्रस्तावित बहुविवाह कानून की रूपरेखा बनाने के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है। इसके कानूनी मुद्दों पर विचार करने वाली कमेटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# भारत को जड़ से उखाड़ने के कई प्रयास हुए : नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज को लगाया गले

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतना।** चित्रकूट के तुलसी पीठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा में कहा कि गुलामी के एक हजार साल के कालखंड में भारत को तरह-तरह से जड़ों से उखाड़ने के प्रयास हुए। हम आजाद हुए, लेकिन जिनके मन से गुलामी की मानसिकता नहीं गयी, वे संस्कृत के प्रति बैर भाव पालते रहे। उन्होंने कहा कि लोग दूसरे देश की मातृभाषा जानें तो ये लोग प्रशंसा करेंगे, लेकिन संस्कृत भाषा जानने को ये पिछड़ेपन की निशानी मानते हैं। इस मानसिकता के लोग पिछले एक हजार साल से हारते आ रहे हैं और आगे भी कामयाब नहीं होंगे। संस्कृत परंपरा नहीं, हमारी प्रगति और पहचान की भाषा है। संस्कृ ?त समय के साथ परिष्कृत तो हुई लेकिन प्रदूषित नहीं हुई। प्रधानमंत्री ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज से कहा कि अदालत से लेकर अदालत के बाहर तक जिस राम मंदिर के लिए आपने योगदान दिया, वो भी बनकर तैयार होने जा रहा है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने मोदी से रामचरित मानस को राष्ट्र ग्रंथ घोषित करने की मांग की। इससे पहले प्रधानमंत्री जगद्गुरु को हाथ पकड़कर मंच तक ले गये। रामभद्राचार्य ने मोदी को सीने से लगा लिया।



प्रधानमंत्री ने तीन पुस्तकों पाणिनि अष्टाध्यायी, श्री कृष्ण की राष्ट्र लीला और श्री रामानंदाचार्य चरितम् का विमोचन किया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने बताया कि पाणिनि अष्टाध्यायी 900 पृष्ठ की है। इसका मूल आकार केवल 25 पृष्ठ का है। कृष्ण की रासलीला तो सारा संसार जानता है। भगवान की राष्ट्र लीला कितनी बड़ी है, इस पर मैंने पुस्तक लिखी है। तीसरी पुस्तक श्री रामानंदाचार्य चरितम् संस्कृत में महाकाव्य है। प्रधानमंत्री ने श्री रघुवीर मंदिर में पूजा की। रणछोड़दास और कांच मंदिर में भी दर्शन किये। इसके अलावा तुलसी पीठ में सभा से पहले प्रधानमंत्री स्व. अरविंद भाई मफतलाल के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने श्री राम संस्कृत महाविद्यालय में कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा की। विद्यार्थियों से वेद पाठ भी सुना।












## न्यूज रील्स

### विक्रम लैंडर ने उड़ायी थी दो टन धूल

बेंगलुरु। इसरो ने शुक्रवार को बताया कि चंद्रयान से विक्रम लैंडर जब चांद की सतह पर उतरा, तो उसने करीब 2.06 टन लूनर एपिरेगोलिथ यानी चंद्रमा की धूल को उड़ाया था। इससे वहां एक शानदार इजेक्टा हेलो यानी चमकदार आभामंडल बन गया। लैंडिंग पॉइंट (शिव शक्ति बिंदु) पर उठा यह धूल का गुबार करीब 108.4 वर्ग मीटर के हिस्से में फैल गया था।




## जयनगर प्रखंड में नये वोटरों को जोड़ने को लेकर चला अभियान



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जयनगर प्रखंड के मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर वहां उपस्थित बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर हैशटैग के साथ पोस्ट करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार सभी बूथ लेवल आफिसर्स का उत्साहवर्धन किये। अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बड़ाइक, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार ने मतदान केंद्र संख्या 59, 60, 63, 64 ,65, 66, 68 तथा 69 पर पहुंच कर मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ किये। उन्होंने बताया कि आज 27 अक्टूबर 2023 से 9 दिसंबर 2023 तक बूथ लेवल आफिसर अपने क्षेत्र में घर घर जाकर होम टू होम सत्यापन का कार्य करेंगे और दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। इस बीच पड़ने वाले सभी शनिवार और रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। बीएलओ अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे जहां पहुंच कर नये मतदाता प्रपत्र 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। यदि आवश्यकता हो तो अपने नाम को अन्य मतदान केंद्र में शिफ्ट करवा सकेंगे। यदि नाम की वर्तनी, जन्मतिथि आदि में त्रुटि हो तो उसमें सुधार इत्यादि के लिए प्रपत्र 8 और प्रपत्र 7 के द्वारा मृत मतदाताओं के नाम हटाए जा सकेंगे।

## जल्द होगा सड़क निर्माण: अमित यादव



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम ककरचोली के ग्रामीणों के द्वारा विधायक अमित कुमार यादव को आवेदन दिया है कि ककरचोली जाने में रास्ता की जो भी जमीनी समस्या था इसका निष्पादन हेतु पूरे ग्रामीण की बैठक की गयी। जिसमें सभी लोग रैयती जमीन देने का निर्णय लिया। उपस्थित ग्रामीणों को विधायक अमित कुमार यादव ने आश्वासन दिया की बहुत जल्द सड़क का निर्माण कराया जायेगा। मौके पर उप मुखिया हाशिम खान, अर्जुन यादव, सुरेंद्र साहू, रामप्रसाद यादव, रणजीत राणा, विजय राणा, रोहित राणा, मथुरा यादव, महेंद्र पासवान, आसीन खान, समीना खातून, लक्ष्मण राणा, पिंकी देवी, अनीता देवी, परमानंद पासवान, दीपक पासवान, राजेंद्र यादव, लियाकत अंसारी सहित दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया।

## 'मेरा मिट्टी मेरा देश' कार्यक्रम संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरा मिट्टी मेरा देश का कार्यक्रम समापन के उपलक्ष्य में जयनगर मंडल से कलश दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, महामंत्री यमुना यादव, उपाध्यक्ष सेनि शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, युवा मोर्चा जयनगर मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, उमेश मोदी, बिनोद गुप्ता, सदानंद सिंह, कुंदन गुप्ता, राजू साव, त्रिभुवन राम, बेदो सिंह, रामटहल स्वर्णकार, सीताराम, प्रदीप स्वर्णकार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नये अंचलाधिकारी के रूप में कमल किशोर ने दिया योगदान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नये अंचल अधिकारी के रूप में कमल किशोर सिंह ने शुक्रवार को अपना योगदान दिया। 30 वें अंचलाधिकारी के रूप में योगदान देने आये अंचल अधिकारी सिंह को 4 घंटे का इंतजार करना पड़ा। बाद में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि जितने भी भूमि विवाद से संबंधित मामले लंबित है उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जायेगा, साथ ही सरकार के दिये गये निर्देश के आलोक में सभी भूमि विवाद के मामले का निष्पादन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो आम जनों की समस्याओं को देखते हुए प्रत्येक शनिवार को विशेष कैंप आयोजित कर भूमि विवाद के मामले निष्पादित किये जायेंगे। जबकि प्रतिदिन आम लोगों की समस्या सुनने के लिए कार्य करेंगे। योगदान के पश्चात सभी अंचल कर्मचारियों से कार्य को लेकर वातालर्लाप किया। मौके पर वीडीओ सुमन गुप्ता, अंचल निरीक्षक जितेंद्र प्रसाद, अंचल नाजिर मंटू कुमार, प्रधान सहायक शशि कुमार सहित कई अचंल व प्रखंड कर्मी मौजूद थे। इस दौरान प्रखंड सभागार परिसर में एक समारोह आयोजित कर तत्कालीन अंचलाधिकारी अनिल कुमार को विदाई और नये अंचलाधिकारी के स्वागत में बुके देखकर सम्मानित किया गया।

## पांच जनवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन




**लोकतंत्र के महापर्व में सबों की अपनी भागीदारी अनिवार्य : सुलोचना मीणा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सहायक समाहर्ता (प्रशिक्षु आइएएस) सुलोचना मीणा तथा जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया की संयुक्त अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक समाहर्ता ने कहा लोकतंत्र के महापर्व में सबों की अपनी भागीदारी अनिवार्य है। लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान ही है। उन्होने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा सभी मतदाताओं को चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा और आपत्ति प्राप्त करने और उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन और त्रुटि में सुधार हेतु 7 अक्तूबर से 09 दिसंबर 2023 तक दावा और आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा और आपत्ति का निष्पादन हेतु 26 दिसंबर 2023 की अंतिम तिथि निर्धारित है। 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। दिनांक 28 और 29 अक्तूबर 2023 और 04 व 5 नवंबर 23 को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है।

# 7.9 किलो अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

**दो लाख पचासी हजार कैश बरामद**

**तस्कर चतरा से चौपारण के रास्ते बिहार ले जाने वाले थे अफीम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने चौपारण से सात किलो 900 ग्राम अफीम, दो लाख पच्चासी हजार कैश के साथ तीन तस्कर को धर दबोचा हैं। तस्कर अफीम को चौपारण होते बिहार ले जाने वाले थे। गुरुवार रात्रि को हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की चतरा की तरफ से एक स्विफ्ट वाहन सं डी एल 2 सीएके 2644 और एक आपाची मोटरसाईकिल सं- बीआर-02 बीके 4120 आ रही है, जिसमें अवैध रूप से भारी मात्रा में मादक पदार्थ अफीम और नगद राशि लेकर चौपारण होते हुए बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में पुअनि अरुण कुमार रवानी, पुअनि अजीत कुमार और सशस्त्र बल के साथ एक छापामारी दल टीम गठन किया गया। गठित टिम के द्वारा चतरा मोड़ के पास उक्त वाहन का आने का इंतजार करने लगा। कुछ समय बाद उक्त दोनो वाहन आते हुए दिखाई दिया जिसे सशस्त्र बल के द्वारा रुकने का इशारा किया गया परंतु पुलिस बल को देखकर उक्त वाहन और मोटरसाईकिल चालक अपनी गाड़ी को और तेजी से भगाने लगा जिसे संदेह होने पर पुलिस वाहन से खदेड़कर हथिया बाबा मंदिर के पास चारपहिया वाहन और मोटरसाईकिल को पकड़ लिया गया। पकड़ाये वाहन का तलाशी लेने पर चार पहिया वाहन में तीन प्लास्टिक में रखा करीब 7 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ और आपाची मोटरसाईकिल की डिक्की से 285,0000/-रू (दो लाख पच्चासी हजार रुपये) नगद तथा सीट के अंदर छुपा कर रखा हुआ प्लास्टिक में 900 ग्राम अफीम बरामद किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं-412/23 दर्ज कर पकड़ाये तीन व्यक्ति बलराम कुमार पिता सिताराम सिंह ग्राम हरनाही पोस्ट भलुआ थाना बाराचट्टी जिला-गया (बिहार), नरेश कुमार पिता दरिया सिंह ग्राम- लितानी पोस्ट+थाना- उकलाना मंडी जिला हिसार (हरियाणा) और गुलसन कुमार पिता-खुशी राम ग्राम बरवला पोस्ट +थाना- बरबला जिला हिसार (हरियाणा) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में बरही एसडीपीओ नाजीर अख्तर, पुअनि अरुण कुमार रवानी, पुअनि अजीत कुमार के अलावा चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# नियम के विरुद्ध चल रहे बड़कागांव के सभी बालू स्टॉक यार्ड: माइनिंग इंस्पेक्टर

**अन्य जिलों से बताया जाता है खरीद की चालान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग खनन निरीक्षक राहुल कुमार जैसे ही बड़कागांव के बालू स्टॉक यार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे सभी स्टॉक यार्डों पर सन्नाटा छा गया और जब बालू यार्ड से संबंधित कागजात मांगे गये तो कोई भी अपना कागज प्रस्तुत नहीं किया। जब स्थल पर पहुंचकर बालू स्टॉक यार्ड में संबंधित नियमों की जांच की गयी, तो किसी भी स्टॉक यार्ड में चार दिवारी नहीं थी। और ना ही एक दो को छोड़कर किसी में बोर्ड लगा था। हालांकि माइनिंग इंजीनियर ने बालू स्टॉक के संबंध में जांच कर बताने को कहा गया। जांच के दौरान बड़कागांव प्रखंड में चल रहे बालू स्टॉक यार्ड में से दीपक इंटरप्राइजेज, सूर्या सेंड स्टॉक, मनोज दांगी सेंड स्टॉक, मुस्कान एंटरप्राइजेज, यदु प्रसाद दांगी बालू यार्ड, अशोक महतो बालू यार्ड, बिंदेश्वर दांगी बालू यार्ड, पूनम सेंड स्टॉक यार्ड, रामानंद सेंड स्टोक यार्ड, प्रदीप दांगी बालू स्टॉक यार्ड, आरुषि सेंड स्टॉक यार्ड की जांच की गयी। जिसमें पूनम बालू स्टॉक यार्ड और बिंदेश्वर दांगी के स्टॉक यार्ड में सूचना पट तक भी नहीं पाया गया। वहीं उक्त किसी में भी बाउंड्री नहीं देखा गया जिसके कारण रोड के किनारे के स्टॉक यार्डो से बालू के धूल कन सड़क की ओर उड़ते है जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही संबंध में खनन निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि जितने भी नियम विरुद्ध बालू स्टॉक यार्ड चलाए जा रहे हैं जांच के उपरांत सभी पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

# उपायुक्त ने बीएलओ के साथ ली सेल्फी

आजाद सिपाही संवाददाता






**कोडरमा।** प्राउड ऑफ माई बीएलओ के साथ मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की शुरूआत शुक्रवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा से की गयी। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बीएलओ के साथ सेल्फी लेते हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की शुरूआत किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त द्वारा नये मतदाताओं को इपिक कार्ड वितरण किया गया। इपिक कार्ड प्राप्त मतदाताओं ने अपने अपने बीएलओ के साथ सेल्फी ली। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय ने भी बीएलओ के साथ सेल्फी ली। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 तक आयोजित होने वाले घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम शामिल हो और अगर मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है तो अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जोड़वाये। अपने मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क स्थापित करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, स्थान परिवर्तन आदि का कार्य अवश्य कर लें। बता दें कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा और आपत्ति प्राप्त करने और उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथि निर्धारित है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार व निर्वाचन शाखा के कर्मी व बीएलओ मौजूद रहे।

# प्रदीप पंडित हत्या मामले में पांच गिरफ्तार

**दो वाहन जब्त, अन्य की हुई पहचान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के गांधी स्कूल रोड निवासी प्रदीप पंडित की अपहरण कर हत्या करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में दलजीत सिंह भी शामिल है जिसकी गाड़ी का प्रदीप पंडित चालक था। इस मामले की जानकारी कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह कांड वादिनी सुनीता देवी पति प्रदीप पंडित के लिखित आवेदन पत्र के आधार पर अपहरण के संबंध में दलजीत सिंह और अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज कराया गया था। घटना के उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक दिवाकर कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया जिसमें सहयोग हेतु तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मी भी शामिल किये गये। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल सूरज कुमार राणा (पिता सुभाष राणा, ग्राम सिंगलोडीह, थाना डोमचांच) को गिरफ्तार किया गया। उसके स्वीकारोक्ति बयान और निशानदेही के आधार पर प्रदीप पंडित के शव को गुरुवार को डोमचांच अंबादाह खदान से बरामद कर पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपा गया। घटना में प्रयोग किये गये मोबाइल, सफेद रंग की आल्टो कार, काला रंग का हुंडई वेन्यू कार जप्त किया गया है। इस घटना में शामिल दलजीत सिंह, जगदीश महतो, सूरज कुमार सिंह उर्फ बादल और विवेक कुमार को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल सभी अन्य व्यक्तियों की पहचान कर दी गयी है और सभी के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी हो जायेगी। गिरफ्तार लोगों में सूरज कुमार राणा (पिता सुभाष राणा, सिंगलोडीह, डोमचांच), दलजीत सिंह (पिता परमजीत सिंह, भादोडीह, तिलैया), जगदीश महतो (पिता महावीर महतो, मंगुरा, थाना इचाक), सूरज कुमार सिंह उर्फ बादल (पिता विनोद सिंह, लारियाडीह, कोडरमा) और विवेक कुमार (पिता राजनीति पासवान, न्यू कॉलोनी, कोडरमा) शामिल है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक व तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस निरीक्षक रामनारायण ठाकुर, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, पुलिस अवर निरीक्षक अब्दुल्ला खान, सुमित साव, सुजीत कुमार सिंह और विशेष छापामारी दल के सदस्य शामिल थे। इधर हत्या के कारणों की अबतक कोई जानकारी नहीं दी गयी है। समझा जाता है कि सोना की तस्करी और इसपर हुए विवाद में उक्त घटना को अंजाम दिया गया है।

## छठ महा पूजा लेकर बैठक संपन्न



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आगामी छठ पूजा को लेकर झरपो सूर्य मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता छोटन कुमार और संचालन दयाल प्रसाद ने किया बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूजा प्रांगण में साफ सफाई करना, मंदिर का रंग रोगन करना, बिजली व्यवथा दुरुस्त करना है, समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया की इस वर्ष तालाब का गहरीकरण हुआ है और पानी भी अधिक है इसे देखते हुए छ्ठ्ठवर्तियों के लिए पानी से 4 या 5 फीट पर बांस का ब्रेकिंग सिस्टम बनाने का निर्णय लिया जिससे व्रती को नहाने और अर्ध देने में कठिनाई नहीं होगी इस बैठक में उपप्रमुख रवि कुमार वर्नवाल उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा सरयू प्रसाद, डॉ उमेश प्रसाद, गणेश माली, रवि कुमार, रघुनंदन प्रसाद, अरविंद पांडेय, अजय पांडेय, दशरथ प्रसाद, टिकेंद्र कुमार, सुरेंद्र रविदास, रवि कुमार, बिनोद माली उपस्थित रहे।

## संत विज्ञान देव जी महाराज के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विहंगम योग संस्थान द्वारा वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर के सहयोग से संत विज्ञान देव जी के जन्मदिन के अवसर पर आज इचाक प्रखंड के हदारी गांव स्थित विहंगम योग भवन में, 29 अक्टूबर को विहंगम योग आश्रम पदमा में और एक नवंबर को केरेडारी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन और विहंगम योग संस्थान के संयोजक संतोष कुमार ने इचाक, पदमा और केरेडारी के ग्राम वासियों से अनुरोध करते है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान कर मानवता का परिचय दें। रक्तदान करने से व्यक्ति स्वयं तो स्वस्थ रहता है साथ ही किसी के जीवन बचाने में सहयोगी बनता है। रक्तदान शिविर 11:30 बजे से प्रारंभ होगा। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 के बीच हो तथा जिनका वजन 45 किलो से ऊपर हो और हीमोग्लोबिन 12.5 से ऊपर हो वे रक्तदान कर सकते हैं।

## विधायक ने किया सहारा इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय और जेवर ज्वेलर्स का उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित प्रेम नगर के मायावती निवास में सहारा इंडिया परिवार का क्षेत्रीय कार्यालय और जेवर ज्वैलर्स का उद्घाटन कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने फिता काटकर की। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव की क्षेत्रीय कार्यालय से अभिकर्ताओं के साथ–साथ ग्राहकों को सहारा इंडिया बैंकिंग कार्यों के लिए आसान हो गई। विधायक ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि आपकी अगर कोई समस्या हो या कोई परेशानी हो तो आप मुझसे मिलिए मैं आपके लिए हमेशा काम करती रहूंगी सहारा इंडिया के फ्रेंचाइजी गार्जियन अजय पोद्दार ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के ज्वेलर्स उपलब्ध रहेंगे वहीं एनटीपीसी कार्यालय के समीप संचालित सहारा इंडिया परिवार कार्यालय का स्थानांतरण करते हुए अब हमारे आवास के ऊपरी ताले पर संचालन होगा। सहारा इंडिया परिवार में निवेश करने वाले उपभोक्ताओं को ऑनलाइन लाइन फार्म रजिस्टर्ड करने के पश्चात उन्हें राशि भुगतान की जा रही है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, कोलेश्वर साव, कुलेस्वर राम, हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य कृष्ण कुमार कन्हैया, अशोक राम, आदर्श मध्य विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार, अभिकर्ता नरेश कुमार, अरुण रंजन, आलोक कुमार, मेराज अंसारी, रीना कुमारी, रोशन, किशोरी साव, घनश्याम सोनी, अशोक साव, रूपेश गुप्ता, दीपक कुमार विश्वकर्मा, तीजन राम, विनोद कुमार खंडेलवाल, दीपक विश्वकर्मा, नवलेश कुमार, संजय सोनी, विनोद सोनी, विकास सोनी, पप्पू खान, मो सदीक, कार्तिक कुमार सोनी, नकुल महतो आदि उपस्थित थे।

## सदर के नये सीओ शशि भूषण सिंह ने संभाला पदभार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर प्रखंड के नये सीओ शशि भूषण सिंह ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया उन्हे प्रखंड विकास पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिन्हा और पूर्व सीओ राजेश कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया साथ ही उन्हें सीओ का प्रभार सौंपा। सीओ ने अचल में कार्यरत कर्मचारियों से एक–एक कर उन्होने परिचय प्राप्त किया और उनके कार्यों की जानकारी ली। सीओ ने साथ ही कहा कि सभी के साथ मिलजुल कर अंचल क्षेत्र का विकाश करना है। इस मौके पर सीआइ सीताराम महतो, अशोक कुमार, सुबोध प्रसाद, अनुराग सुमन, कामेश्वर रविदास, राम लखन उरांव, सतीश कुमार और दर्जनों की संख्या में आंचल कर्मी नये सीओ का स्वागत करने मे शामिल थे।

## मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि ने विष्णुगढ़ अस्पताल का किया निरीक्षण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोक सभा के सांसद सह वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति अध्यक्ष जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार मांडू विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा आज विष्णुगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह उन्हें अस्पताल के बाबत समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया जिसे उन्होंने अविलंब दूर करने की बात कही जिसमें पार्किंग शेड, फर्स में टाइल्स, डेंटल चेयर आदि प्रमुख है। इसके अलावा बताया गया कि अस्पताल में तीन महिला चिकित्सक व चार पुरूष चिकित्सक मौजूद है। टीवी बीमारी के सभी दवा उपलब्ध है, लेप्रोसी की दवाएं उपलब्ध है। गर्भवती महिलाओं की प्रसव आपरेशन की सभी सुविधाएं, व दवा उपलब्ध है। एक्स–रे मशीन है लेकिन मशीन का आपरेटर नहीं हैं। एनसीडी ब्लड प्रेसर, सुगर जांच घर में चेयर कि जरूरत है, अस्पताल के कर्मियों का क्वार्टर की मरम्मती जरूरत है। सहीया दीदीयो ने कहा कि बैठक के लिए दरी कि जरूरत है। बाथरूम की मरम्मती आदि कार्य बताया गया। मौके पर शंकर वर्मन, गोविद शर्मा के अलावा अस्पताल के कर्मी उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों पर बीएलओ को दिया गया सम्मान

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे से 12 बजे मध्याह्न तक बी एल ओ को सम्मानित किया गया, उनके साथ प्रबुद्ध जनों ने सेल्फी लिया, फोटो खिंचवाए। प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुधीर राय ने इस बाबत क्षेत्र के सभी बी एल ओ को सक्रिय करते रहे। उनके सक्रियता के कारण लोग बूथों पर रहे। मतदान केंद्रों पर बी एल ओ को कोई गुलदस्ता देकर सम्मानित किया तो कोई फूल देकर। मतदान केंद्रों पर लोग उनके द्वारा किये जा रहे जागरूकता के कार्य, मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य, मृत व्यक्तियों का नाम विलोपित करने, नये मतदाताओं के नाम को जोड़ने के प्रति जो बी एल ओ द्वारा कार्य किये गये, उसके लिए सांसद प्रतिनिधि जिला शिक्षा विभाग मिथिलेश पाठक ने बधाई दिया और अपने बी एल ओ रेशमी कुमारी के साथ फोटो खिंचवाए, पक्ष में सोसल मीडिया में ट्रेंड करवाया। वहीं डहरभंगा, खंभवा, टाटीझरिया, अमनारी, धरमपुर, कोल्हू, मंगरपट्टा, डूमर समेत अन्य बूथों पर ट्रेंड चलवाया गया। इस कार्य में झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, विधायक प्रतिनिधि बरकट्ठा उपेंद्र पांडेय, डहरभंगा मुखिया रेखा देवी, पंसस पुष्पा देवी प्रतिनिधि परमेश्वर प्रसाद यादव समेत अन्य शामिल थे।

# तोपा खदान में क्रेन पलटा, ऑपरेटर की मौत

## नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना स्थित खुली खदान के हॉल रोड में हैवी क्रेन के असंतुलित होकर पलट जाने से क्रेन चालक सीसीएल कर्मी की दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद परिजन व आसपास के ग्रामीण सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर नौकरी व मुआवजा के साथ उच्चस्तरीय जांच की मांग करने लगे। वही, मौके पर मौजूद कई लोगों ने सीसीएल तोपा प्रबंधन की लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि खदान में उत्खनन करने के लिए केवल ध्यान देती है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर परियोजना में कार्य किया जा रहा है। खदान में आने जाने वाले हॉल रोड का निर्माण भी सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर बनाया गया है। जिसपर भारी वाहनों का आवागमन होता है।



### क्या है मामला



जानकारी के अनुसार, सीसीएलकर्मी सह डटमा बस्ती निवासी 50 वर्षीय भोला प्रसाद पिता डोमन साव तोपा परियोजना में क्रेन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार की संध्या करीब चार बजे वह खदान के अंदर से हैवी क्रेन को लेकर बाहर की ओर आ रहा था। इस दौरान चढ़ाई पर चढ़ने के दौरान क्रेन में तकनीकी खराबी के कारण पीछे की ओर वापस तेज गति से लुढ़कने लगा। इस दौरान क्रेन हॉल रोड के किनारे चट्टानों से टकराकर असंतुलित होकर पलट गया। जिससे क्रेन चालक भोला प्रसाद क्रेन के नीचे दब गये। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने सीसीएल के अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे। साथ ही, नौकरी व मुआवजा सहित मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर शव को उठाने नहीं दिया। वही, मौके पर पहुचे कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। परंतु ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों ने शव को उठाने नहीं दिया।

**भरा पूरा परिवार को बिलखता छोड़ गये भोला प्रसाद:** डटमा बस्ती निवासी सीसीएल कर्मी भोला प्रसाद अपने पीछे भरा पूरा परिवार को बिलखता छोड़ गया। उन्होंने अपने पीछे अपने पिता 72 वर्षीय डोमन साव व माता फागुनी देवी सहित पत्नी अनीता देवी, 27 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी, 23 वर्षीय पुत्र बादल कुमार और 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार को छोड़ गए हैं, घटना के बाद से उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## परारिवारिक विवाद में पिता ने कुल्हाड़ी से की पुत्र की हत्या

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जोभिया गांव निवासी पनु महतो पिता लखन महतो उम्र 28 वर्ष का शव बारुडीह के एक कुवें से बरामद किया है। युवक पिछले 22 अक्टूबर से लापता था। इससे पूर्व युवक की पत्नी राखी देवी 20 अक्टूबर को गोला के सोटय गांव अपने मायके गई हुई थी। इस बीच उसका पति लापता हो गया। इसकी सूचना जब उसकी पत्नी को मिली तो वो गत बुधवार को ससुराल आयी और थाने में अपने पति की लापता होने की सनहा दर्ज करवाई। सनहा दर्ज करते हुए पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरू कर दिया। खोजबीन के दौरान युवक का शव उसके घर से एक किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित बारुडीह जंगल के एक सरकारी कुएं से सड़े गले हालत में बरामद किया। शव बरामद के बाद पुलिस ने युवक के पिता से पूछताछ की। बताया गया कि पूछताछ के दौरान युवक के पिता लखन महतो ने पुलिस को बताया कि पनु मेरा एकलौता पुत्र था। वो राजमिस्त्री का काम करता था। शाम को शराब के नशे में घर आता और अक्सर मेरे साथ झगड़ा करता था। साथ ही हम दोनों पति पत्नी के साथ मारपीट करता था। पिछले 22 अक्टूबर की रात को भी शराब के नशे में घर आया। घर में किसी कारण खाना नहीं बना हुआ था। जिस कारण गाली गलौज हम दोनों पति पत्नी को करने लगा। साथ ही हमलोगों को मारने के लिए लाठी खोजने लगा। इस बीच मैने पिछे से एक कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। पुत्र के मौत के बाद मैने डर से गांव के पारसनाथ महतो के साथ शव को दो स्थानों में पत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर थाने ले आयी और कागजी प्रक्रिया पुरी कर



पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। साथ से हत्यारे पिता को भी गिरफ्तार कर लिया है। मृतक ने तीन वर्ष पूर्व की थी लव मैरिज- मृतक की पत्नी राखी ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व हम दोनों ने लव मैरिज किया था। मेरे सास और ससुर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। जिस कारण घर में अक्सर झगड़ा हुआ करता था। हम दोनों का एक दो वर्ष का बेटा भी है। कुछ माह पहले थाना में इसको लेकर समझौता हुआ था।

## ग्रहण काल की समाप्ति पर स्नान के बाद दान का बहुत बड़ा महत्व: सुशांत पांडेय



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। इस बार भारत में चंद्र ग्रहण शनिवार 28 और 29 अक्टूबर 2023 की रात्रि मे 1 बज कर 5 मिनट में लगेगा। 2 बजकर 23 मिनट रात्रि मे ग्रहण छुट्ट जायेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि 28 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा भी है। इस दिन खीर को रात्रि में घर के आंगन, या छत पर चंद्रमां की रौशनी में रखा जाता है। जिसमे अमृत वर्षा होती है। वह अमृत वर्षा खीर को भी अमृत तुल्य बनाती है। शरद पूर्णिमा जरूर मनायें और खीर को खुले आसमान मे भी रखें। परंतु इस बात का जरूर ध्यान रखे की रात्रि 2 बजकर 23 मिनट के बाद स्नान करने के बाद खीर बनाये और उसे छत पर या आंगन में खुले आसमान के नीचे रखे। चंद्रमा की अमृत वर्षा 2.23 मिनट रात्रि के बाद पूर्णरूप से होंगी। अत: आप के पास दो विकल्प होगा या तो आप शाम 4:5 मिनट के पहले खीर बना कर उसमे तिल कुशा डाल कर और अच्छा से ढक कर रख देंगे या रात्रिकाल 2.23 सुबह के बाद तुरत स्नान कर के जाकर अपने छत पर रख देंगे या तुरत खीर बना कर भी रख सकते है। इसकी तैयारी पहले से ही आपकी होनी चाहिए और अपने भगवान को स्नान कर कपड़ा बदल कर भोग लगाये।

## भारी मात्रा में जब्त किया गया अवैध बालू

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम शुक्रवार को गोला थाना अंतर्गत हेसापोड़ा, परसाडीह बालू घाट व अन्य क्षेत्रों में चलाये गये छापेमारी अभियान के दौरान पिपराटांड़ क्षेत्र से कुल 9000 घन फिट अवैध रूप से बालू के स्टॉक को जब्त किया गया। जिसके उपरांत जब्त किये गये स्टॉक को गोला थाना को सुपुर्द किया गया। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार, गोला थाना प्रभारी प्रभात कुमार सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## इएमआइ वसूली के नाम पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने की गुंडागर्दी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कोरोना काल के बाद से छोटे व्यापारियों के हालात में कोई खास सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। नतीजा यह है कि छोटे व्यापार के लिए फाइनेंस कंपनियों से कर्ज ले चुके लोगों को अब खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कुछ फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी तो ग्राहकों के साथ गुंडागर्दी पर उतारू हो चुके हैं। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ शहर के विकास नगर से सामने आया है। विकास नगर निवासी रिंकू देवी पति मुकेश पंडित के साथ भी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने गुंडागर्दी की है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को रिंकू देवी रामगढ़ थाने पहुंची। उन्होंने पुलिस को बताया कि आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी से उन्होंने अपने व्यापार के लिए कर्ज लिया था। कर्ज की इएमआइ भी वे समय पर चुका रही थी। लेकिन अचानक उनके व्यापार में हुए घाटे ने उनकी कमर तोड़ दी। कुछ ईएमआई नहीं चुका पाइ तो वसूली के लिए फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। साथ ही उनसे कोरे कागज पर अंगूठे का निशान भी लिया गया। गुंडागर्दी पर उतरे कर्मचारियों ने उनका मोबाइल छीन लिया और उन्हें उठा लेने की धमकी भी दी। रामगढ़ पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मुखिया ने लगाया मारपीट करने का आरोप

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर पंचायत मुखिया नुरुल्लाह अंसारी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही समीर अंसारी, समीम अंसारी, सजिद अंसारी, पिता अब्दुल सत्तार मिया पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि 26 अक्टूबर को संध्या करीब सात बजे मैं अपने भाई गुलाम सरवर के साथ किसान मेडिकल दुकान मगनपुर जा रहा था। इसी दौरान समीर अंसारी ने गाली गलौच देते हुए अपने कर से लोहे के रड निकाल लिया। उसके बाद मेरे भाई पर हमला कर दिया। मेरे साथ भी उसने खूब मारपीट किया। मैं किसी तरह से जान बचा कर वहां से भाग गया। मेरे भाई का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## पतरातू में भगवती जागरण का आयोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा के अवसर पर गुरुवार की देर रात सिनेमा हॉल दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इसमें पतरातू सहित आसपास के ग्रामीण इलाके से सैकड़ो दर्शक पहुंचे। हरीश और ग्रुप के कलाकारों ने विभिन्न भक्ति गीतों को गाकर दर्शनों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम के बीच में आध्यात्मिक संदर्भों को लेकर झांकियां भी प्रदर्शित की गयी। रात भर चले जागरण में दर्शकों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुनीलाल सिंह अजय अग्रवाल वकील शर्मा हरि सिंह भुवनेश्वर मोदी सुरेश गुप्ता आदि समिति के पदधारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पोस्ता खेती की रोकथाम के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को राजपुर रेंज के कारी बीट के पंडरकोला उप परिसर के राजगुरु गांव में चतरा उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार पोस्ता खेती रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत लोगो को पोस्ता और अफीम से होने वाले दुष्परिणाम और नुकसान के बारे में बताया गया। पुलिस उपाधीक्षक वाशिम रज्जा और वन क्षेत्र पदाधिकरी अजीत राम ने लोगो से अपील के साथ-साथ चेतावनी देते हुए कहा कि अभी हम जागरुक करने आये हैं। अगर इसके बावजूद अफीम की खेती करते हैं तो चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही वशिष्ठनगर थाना जोरी के एसआई ओम शरण शर्मा ने भी लोगो से इस जहर की खेती न करने की अपील की। इस मौके पर वनरक्षी सुरेश कुमार दास द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को शपथ दिलायी गयी। इस आभियान में वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत राम, पुलिस उपाधीक्षक वाशिम रज्जा एस आयी ओम शरण शर्मा, प्रभारी वनपाल वीणा कुमारी, वनरक्षी सुरेश कुमार दास, जोलडिहा पंचायत के मुखिया सोनिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि रूपलाल भुइयां, पशूरक्षक सुखदेव राम, राजगुरु, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष किशोरी सिंह, महेश कुमार सिंह और कई ने न्यायालय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चतरा-गया मुख्य पथ के किनारे शव बरामद



चतरा/ हंटरगंज (आजाद सिपाही)। बीते गुरुवार की रात हंटरगंज थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के पास चतरा - गया मुख्य सड़क एनएच 22 के किनारे से शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान चकला पंचायत के गोसाइडीह गांव निवासी पुन प्रजापति का 35 वर्षीय पुत्र कौलेशर प्रजापति के रूप में हुई। घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं हो पाया। मृतक के परिजन थाना में हत्या कर सड़क किनारे शव को फेंकने की आशंका जाहिर कर रहे थे। मृतक डुमरी कला के शोवादाग गांव स्थित संदीप सिंह के हरिओम क्रेशर में खाना बनाने का काम किया करता था। ओर ये रद्दघटना के बारे में स्पष्ट जानकारी नही हो पाया। परिजनों द्वारा स्थानीय थाना में पहले हत्या, उसके बाद सड़क दुर्घटना से संबंधित आवेदन थाना में दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है मृतक के परिजनों के चित्कार से पूरा माहौल गमगीन था। मृतक अपने घर का इकलौता कमाउ सदस्य था। उसके मौत हो जाने से घर वालों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे तीन पुत्र एक पुत्री को छोड़ गया है।

## ओपी प्रभारियों के लगातार निलंबन से व्यवस्था पर उठे सवाल

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। लगातार हो रहे बरकाकाना ओपी प्रभारियों के निलंबन से क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है। विभिन्न चौक चौराहे पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे हैं सवाल। बताते चलें कि बरकाकाना ओपी क्षेत्र शांतिप्रिय माहौल के लिए जाना जाता रहा है। किसी भी समुदाय का त्योहार या विशेष आयोजन में सभी समुदायों के लोग मिलजुलकर पुलिस के बेहतर सहयोग से उन कार्यो को अंजाम देते आ रहे हैं। लेकिन पिछले वर्ष आयोजित दुर्गा पूजा के दौरान हेहल के सड़क हादसे में छह लोगों की मौत से लेकर वर्तमान समय तक पांच ओपी प्रभारियों ने बरकाकाना ओपी में अपना योगदान दिया, जिसमें कुछ प्रभारी विवाद में रहे जिसकी चर्चा चहुओर हुई थी और कुछ प्रभारी निलंबित किये गये। बरकाकाना ओपी के प्रभारियों के निलंबन से आमलोगों में सुरक्षा व्यवस्था का डर सता रहा है। ओपी प्रभारियों के निलंबन ने पुलिस पदाधिकारी व ओपी में स्थापित अन्य पदाधिकारी के बीच स्थापित संबंधों पर प्रश्नचिन्ह खड़े होते दिख रहे हैं। बेहतर पुलिसिंग के दृष्टिकोण से क्षेत्र के गणमान्य लोग व शांति समिति के सदस्यों के बीच संबंध स्थापित कर उनकी राय लेकर निर्णय पर पहुचना या कुछ चुनिंदा लोगो की रायसुमारी कर निर्णय पर पहुचना बरकाकाना ओपी प्रभारियों के लिए कई अनसुलझे सवाल हैं जो सायद जिले के आला अधिकारी ही बता सकते है।

## उपायुक्त ने जिले के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ के साथ ली सेल्फी

### कोई भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न छूटे: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत आज चतरा जिले में मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है थीम पर बीएलओ के कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए 11:00 बजे पूर्वाह्न से दोपहर 12:00 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान चलाया गया। इसे लेकर मतदान केंद्र संख्या 310, 311, 470, 471, 472, 473, 474 मतदान केंद्रों पर जाकर जिला निर्वाचन पधाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने बीएलओ का उत्साहवर्धन किया तथा उनके साथ सेल्फी लेकर उनके महत्व को बताया। साथ ही उक्त मौके पर निरीक्षण के क्रम में बीएलओ से 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलने वाले विशेष अभियान व बीएलओ ऐप से सबंधित विस्तृत जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी बीएलओ को तन्मयता के साथ काम करने के लिए उत्साहित किया और कहा कि कोई भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न छूटे।



## सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर ने रेफरल अस्पताल का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** मांडू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने शुक्रवार को टूटी झरना स्थित रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल चिकित्सा प्रभारी डॉ अजय कुमार रंजन से अस्पताल की वास्तुस्थिति से अवगत हुए। इस दौरान जगेश्वर प्रजापति ने अस्पताल का भ्रमण करते हुए भवन, संसाधन, मैनपॉवर, डॉक्टरों की संख्या, दवा की उपलब्धता, आवश्यक सामग्री, एंबुलेंस पेयजल और अस्पताल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां ली। इस दौरान उन्होंने भवन व शौचालय की स्थिति को जर्जर पाया। वही, एक्स-रे मशीन के लिए टेक्नीशियन व कमरा नहीं होने की बात सामने आयी। परिसर में स्ट्रीट लाइट का अभाव भी दिखा। साथ ही, परिसर में रखें जनरेटर बेकार और बेड की कमी, एक और एम्बुलेंस तथा चालक की कमी को देख उन्होंने जिला प्रशासन से साइलेंट जनरेटर, 20 बेड, एक और एंबुलेंस सहित चालक और दवा उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही, जिला प्रशासन से रेफरल अस्पताल परिसर में चिकित्सकों व कर्मियों के लिए आवास समेत नये भवन की मांग की है। मौके पर जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, सुखदेव सोनी, छोटन प्रजापति के अलावे अस्पताल के डॉ पूनम एक्का, लिपिक पृथु, संतोष पटेल आलोक सिंह, सुरेश राम, भूवेश कुमार, जेएनएम ज्योति एक्का, नीतू कुमारी, एएनएम अनिता कुमारी, मनीषा कुमारी, रूपा देवी, संजू, रेनू, सरिता, सविता, सुखदेव, मांझी, लक्ष्मी देवी, रेशमा देवी, ललिता देवी, गोविंद समेत कई कर्मी मौजूद रहे।



### अभियान की तैयारियों को लेकर उप निर्वाचन पदाधिकारी पहुंचे रामगढ़, दिये निर्देश

## ड्राफ्ट मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, 9 दिसंबर तक चलेगा होम टू रोल सर्वे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को राज्य मुख्यालय के उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार ने रामगढ़ जिले में होम टू रोल सर्वे की तैयारियों का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि आज 27 अक्टूबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ है। उसी क्रम में आगामी दो दिनों तक सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठेंगे। प्रकाशित हुई मतदाता सूची के संबंध में लोगों से दावे और आपत्तियां भी प्राप्त किये जायेंगे। आगामी 9 दिसंबर तक होम टू रोल सर्वे करते हुए यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि कोई योग्य मतदाता पंजीकृत होने से छूट तो नहीं गया है। साथ ही कटे फटे मतदाता पहचान पत्र तथा ब्लैक एंड व्हाइट फोटो वाले मतदाता पहचान पत्रों को भी बदलने का काम किया जायेगा।



### डाकघर का किया औचक भ्रमण

मतदाता पहचान पत्रों के विलंब से डिलीवर होने की शिकायतों के आलोक में संजय कुमार ने रामगढ़ प्रधान डाकघर का भी औचक भ्रमण किया, जहां उन्होंने प्रभारी पोस्ट मास्टर तथा मतदाता पहचान पत्र बुकिंग के प्रभारी पोस्टल सहायक से वार्ता कर विलंब का कारण पूछा। मौके पर लगभग 4000 अवितरित पहचान पत्रों का भंडार भी पाया गया। इस पर उन्होंने संबंधित डाक कर्मियों को निर्देश दिया कि अगले दो दिनों में सभी पहचान पत्रों को डिस्पैच करवाना सुनिश्चित करवायें।

**उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ कर्मियों के साथ की बैठक:** राज्य मुख्यालय के उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार ने नगर परिषद के सभागार में शहरी क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी सर्वे को लेकर जरूरी निर्देश दिये। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उनके साथ एइआरओ सह अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान और निर्वाचन कार्य से जुड़े हुए तमाम जिला स्तरीय कर्मचारी भी मौजूद थे। संजय कुमार ने सभी अधिकारीयों और कर्मचारियों को सुझाव दिया कि वे उन बीएलओ को यथासंभव सहयोग जरुर प्रदान करें जो किसी न किसी कारण से फील्ड में कमजोर पड़ जा रहे हों।

## भुरकुंडा पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में सीसीएल बरका- सयाल क्षेत्र के सौजन्य से ग्रामसभा का आयोजन किया गया। सीएसआर विभाग के नोडल ऑफिसर रमित देवांगन, एसओपी अजय कुमार, सहयोगी गोविंद कुमार पासवान सहित सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के अमला अधिकारी, कार्मिक और प्रशासनिक पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। ग्रामसभा में भुरकुंडा पंचायत के चहुंमुखी विकास सहित समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही ग्रामसभा में पहुंचे सैकड़ो महिला-पुरुषों के बीच सतर्कता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान भ्रष्टाचार निवारण हेतु संकल्प दिलाते हुए लोगों को जागरूक भी किया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया अजय पासवान, उप मुखिया संजीत राम, वार्ड सदस्य रौशन पासवान, विजय दुबे, लाली करमाली, समाजसेवी राजकिशोर सिंह, अशको करमाली, नरेश राम, राज नायक, भोला कुमार, जितेंद्र साव, रूपा देवी, विमला देवी, पम्मी देवी, उर्मिला देवी, सरिता देवी, कमला देवी, रूपा, रेखा देवी, आशा देवी, यसोदा देवी, राधा देवी, हेवंति देवी, सुनीता देवी, रूबी देवी, रेखा देवी, कुंती देवी, वरुणता देवी, नेपाली सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।

## लायंस क्लब का नि:शुल्क हड्डी घनत्व और ब्लड शुगर जांच शिविर संपन्न



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से उत्सव मैरेज हॉल में शुक्रवार को एक दिवसीय नि:शुल्क हड्डी घनत्व और ब्लड शुगर जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सदर हॉस्पीटल रामगढ़ के नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार अभिजीत ने बीएमडी मशीन से दर्जनों लोगों का नि:शुल्क हड्डी घनत्व जांच किया। साथ ही दर्जनों लोगों का नि:शुल्क ब्लड शुगर जांच भी की गयी। शिविर में पाये गये मरीजों को डॉक्टर ने उचित परामर्श भी दिया। इस दौरान मरीजों के बीच नि:शुल्क दवा का भी वितरण किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में 59 लोगों का हड्डियों की मजबूती से संबंधित जांच और कोरोना रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड की बीएमडी मशीन से जांच की गयी। हड्डियों के घनत्व की जांच प्रेम कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, संजय सिंह, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, शिवा प्रसाद सहित राज नर्सिंग होम की सिस्टर नीतू, गुड्डू आदि का विशेष योगदान रहा।

# साइंटिफिक नजरिया जरूरी

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीइआरटी) की एक उच्चस्तरीय समिति ने स्कूलों में सोशल साइंस के पाठ्यक्रम में संशोधन से जुड़ी जो सिफारिशें दी हैं, उनमें से कुछ को महज अनावश्यक कह कर काम चलाया जा सकता है, लेकिन कुछ सिफारिशें ऐसी भी हैं जिनके पीछे की दृष्टि गंभीर विचार-विमर्श की मांग करती है। समिति की जिस सिफारिश पर तत्काल और सबसे तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली, वह यह है कि स्कूली किताबों में देश का नाम अब सिर्फ भारत ही लिखा जाये, इंडिया नहीं। यह मसला कुछ समय पहले ही चर्चा में आ चुका है और इसके पक्ष-विपक्ष में दलीलें भी उसी समय से दी जाती रही हैं। उसे अलग से यहां दोहराने की जरूरत नहीं है, लेकिन चूंकि दोनों ही नामों का जिक्र संविधान में है, इसलिए दोनों में से किसी भी नाम को कमतर या हीन मानते हुए दिखना उचित नहीं कहा जायेगा। खैर, अभी इस सलाह को एनसीइआरटी ने भी स्वीकार नहीं किया है, इसलिए साफ नहीं है कि इस सलाह का भविष्य क्या होने वाला है। फिर भी इतना जरूर है कि इस सलाह से न तो स्कूलों के पाठ्यक्रम में किसी तरह का कोई गुणात्मक बदलाव होना है और न ही बच्चों की सोच-समझ या पढ़ाई में कुछ घटना या बढ़ना है। ऐसे में बेवजह एक राजनीतिक विवाद शुरू करना एनसीइआरटी की इस समिति के लिए जरूरी नहीं था। इससे आसानी से बचा जा सकता था। लेकिन समिति के अन्य सुझावों को बेवजह का नहीं बताया जा सकता है। न सिर्फ उनके पीछे पर्याप्त गंभीरता है, बल्कि उन पर खास तरह की वैचारिकता की छाप भी दिखती है। उदाहरण के लिए, समिति की एक सलाह यह है कि अतीत में हुए युद्धों का जिक्र करते हुए स्कूली किताबों में हिंदू विजयों को रेखांकित किया जाये। समिति के अध्यक्ष सीआइ इसाक के शब्दों में, पाठ्यपुस्तकों में हमारी विफलताओं का जिक्र तो है, लेकिन मुगलों और सुल्तानों पर हमारी जीतों का जिक्र नहीं है। जाहिर है, हिंदू जीतों पर जोर देने का समिति का आग्रह इस तथ्य से मेल खाता है कि समिति के अध्यक्ष खुद को युद्ध के एक पक्ष (मुगलों और सुल्तानों) के खिलाफ और दूसरे पक्ष के साथ खड़ा करके इतिहास को देखने की कोशिश कर रहे हैं। यह नजरिया दो वजहों से दोषयुक्त कहा जायेगा। एक तो इसमें वह वस्तुनिष्ठता या ऑब्जेक्टिविटी नहीं है, जो इतिहास जैसे विषय के साथ बरतने की जरूरत होती है। दूसरी बात यह कि अगर किसी खास समूह के साथ जुड़ाव रखते हुए भी चीजों को देखा जाये, तो अपनी गलतियों या कमजोरियों से बचने की या किसी उपाय से उन्हें छुपाने की जो घोषित-अघोषित इच्छा इसमें झलकती है, वह यूं भी किसी व्यक्ति या समाज को स्वस्थ नजरिया नहीं दे सकती। पाठ्यपुस्तकों में किसी भी तरह का फेरबदल करते हुए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि उसके पीछे नजरिया हमेशा स्वस्थ और वैज्ञानिक हो।


**समिति की जिस सिफारिश पर तत्काल और सबसे तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली, वह यह है कि स्कूली किताबों में देश का नाम अब सिर्फ भारत ही लिखा जाये, इंडिया नहीं। यह मसला कुछ समय पहले ही चर्चा में आ चुका है और इसके पक्ष-विपक्ष में दलीलें भी उसी समय से दी जाती रही हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**रेवड़ी कल्चर को सुप्रीम कोर्ट ने भी गंभीर मुद्दा माना है। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी मौसम के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त उपहार का वादा एक गंभीर मुद्दा है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट में अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त सौगातों का वादा करने वाले राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी है।**

# मुफ्त की रेवड़ियों का पैसा कहां से आयेगा

**रोहित माहेश्वरी**



देश में 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। जहां सभी राजनीतिक दल जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, वहीं विरोधियों को धूल चटाने और वोटरों का अपने पाले में लाने के लिए तमाम ऐसे वायदे कर रहे हैं, जिन्हें पूरा करने में राज्य के खजाने का दम फूलना तय है। मुफ्त की रेवड़ियों का सबसे ज्यादा शोर मध्य प्रदेश और राजस्थान में सुनायी दे रहा है।

रेवड़ी कल्चर को सुप्रीम कोर्ट ने भी गंभीर मुद्दा माना है। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी मौसम के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त उपहार का वादा एक गंभीर मुद्दा है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट में अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त सौगातों का वादा करने वाले राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी है। याचिका में चुनावी घोषणापत्र और उसमें किये गये वादों के लिए राजनीतिक दलों को जवाबदेह बनाने के लिए कहा गया है।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी करने में भले ही कांग्रेस पिछड़ गयी, किंतु मतदाताओं के समक्ष वायदे परोसने के लिए वचन पत्र जारी करने में उसने बाजी मार ली। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी के ढेर सारे नेताओं की मौजूदगी में सरकार बनने पर समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने वाले कार्यक्रमों और योजनाओं का ब्यौरा पेश किया। इस वचन पत्र में किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, श्रमिकों और पत्रकारों को दिल खोल कर उपकृत करने का वायदा किया गया है। इससे किसी को एतराज नहीं होगा, क्योंकि कमोबेश भाजपा भी ऐसा ही कुछ घोषणापत्र लेकर आयेगी। फर्क यह होगा कि वह कांग्रेस की तुलना में कुछ ज्यादा देने का वायदा कर सकती है। मसलन महिलाओं को कांग्रेस ने 1500 रुपये हर माह देने की बात कही है, जबकि शिवराज सरकार ने लाडली बहना योजना में पहले से ही 1250 रुपये देना शुरू कर दिया और उसे 3000 रुपये तक बढ़ाने का कह चुकी है। ऐसे ही अनेक मुद्दे हैं, जिनमें कांग्रेस मौजूदा सरकार से ज्यादा देने का वायदा कर रही है। गेहूं और धान के अधिक खरीद मूल्य सहित मुफ्त और सस्ती बिजली, सिंचाई और अन्य सुविधाओं के लिए खुला खर्च करने की बात वचन पत्र में शामिल है। कांग्रेस आजकल गारंटी शब्द का इस्तेमाल भी करने लगी है। हालांकि राहुल गांधी द्वारा 2018 में सरकार बनने के बाद 10 दिन में किसानों के कर्ज माफ करने की गारंटी जैसे तमाम वायदे अधूरे ही रह गये थे।

**500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देनेवाले राजनीतिक दल पेट्रोल-डीजल सस्ता करने हेतु उसे जीएसटी के अंतर्गत लाने का वायदा क्यों नहीं करते, यह बड़ा सवाल है।**

दरअसल राजनीतिक दलों के मन में यह बात बैठ चुकी है कि जनता की याद्दाश्त बेहद कमजोर होती है, इसीलिए 5 साल पहले किए वायदों को पूरे न करने के अपराध को नये वायदों की चकाचौंध में धोने का प्रयास बीते 75 साल से चला आ रहा है। 1971 के चुनाव में इंदिराजी ने गरीबी हटाओ के नारे पर दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लिया था। आज नौबत अति गरीब तक आ चुकी है, लेकिन कांग्रेस से कोई उसके बारे में नहीं पूछता। अन्य पार्टियां भी वायदे पूरे करने में विफल रहने के बाद नये झुनझुने पकड़ा कर मतदाताओं को बहलाने का प्रपंच रचती हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार ने मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी शालाओं के उन्नयन का वायदा पूरा कर एक उदाहरण पेश किया, किंतु राष्ट्रीय राजधानी होने से वहां विकास संबंधी ज्यादातर कार्य केंद्र सरकार करवाती है, जबकि अन्य राज्यों की स्थिति दिल्ली से सर्वथा भिन्न है।

ऐसे में मुफ्त उपहारों के अलावा सामाजिक कल्याण के जितने भी कार्यक्रम और योजनाएं हैं, उनकी जरूरत तो है, किंतु कांग्रेस के घोषणापत्र में प्रदेश के औद्योगिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात या तो है नहीं, अथवा किसी कोने में दबी हुई है। इसी तरह मुफ्त और सस्ती बिजली का वायदा तो आकर्षित करता है, किंतु विद्युत उत्पादन बढ़ाने और विद्युत कंपनियों को घाटे से उबारने की कोई कार्ययोजना पेश नहीं की गयी। कर्मचारियों को लुभाने के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू करने का वायदा भी कांग्रेस ने किया है, जबकि हिमाचल और कर्नाटक में उसकी सरकार को वेतन बांटने तक में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यह देखते हुए जरूरी हो गया है कि राजनीतिक दल विकास संबंधी अपनी कार्ययोजना भी वचनपत्र में पेश करें। नयी नौकरियों के वायदे तो कर दिये जाते हैं, लेकिन उन्हें कैसे अमल में लाया जायेगा, इसकी कोई रूपरेखा नहीं बतायी जाती। बेहतर हो घोषणा पत्र को विकास केंद्रित करने की परिपाटी शुरू हो। मसलन, सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने, सड़कों का निर्माण, औषधालय, विद्यालय/महाविद्यालय, जलापूर्ति और जन सुविधा केंद्र जैसी बातों पर ज्यादा जोर दिया जाना जरूरी है। जब तक औद्योगिकीकरण के लिए अनुकूल वातावरण नहीं बनाया जाता, तब तक रोजगार के अवसर पैदा करने की बात सपने देखने जैसा है। सरकारी नौकरियां तेजी से सिमट रही हैं, ऐसे में निजी क्षेत्र ही विकल्प है। सबसे बड़ी बात यह है कि राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारने के बारे में सभी राजनीतिक दल अपने चुनाव घोषणापत्र में शांत नजर आते हैं। ऐसे में जब प्रदेशों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है, तब मुफ्त उपहारों के लिए धन कहां से आयेगा, इसका उत्तर किसी के पास नहीं है। 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देनेवाले राजनीतिक दल पेट्रोल-डीजल सस्ता करने हेतु उसे जीएसटी के अंतर्गत लाने का वायदा क्यों नहीं करते, यह बड़ा सवाल है। मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में है, जहां पेट्रोलियम उत्पाद सबसे महंगे हैं। कांग्रेस यदि इनको सस्ता करने का वायदा करती है, तो उससे समाज का हर वर्ग आकर्षित होता, लेकिन राजनीतिक दलों का उद्देश्य प्रदेश के विकास की बजाय मुफ्तखोरी को बढ़ावा देना रह गया है और इसे देखते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र में किसी नयेपन का एहसास नहीं होता। सही बात तो यह है कि राजनीतिक दल इतने झूठे वायदे कर चुके हैं कि उनकी विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो चुकी है, इसीलिए वे आजकल नकदी बांटकर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास करने लगे हैं। लोकतंत्र के लिए यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है, इस पर रोक लगनी चाहिए।

**सही बात तो यह है कि राजनीतिक दल इतने झूठे वायदे कर चुके हैं कि उनकी विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो चुकी है, इसीलिए वे आजकल नकदी बांटकर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास करने लगे हैं। लोकतंत्र के लिए यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है, इस पर रोक लगनी चाहिए।**

# वैभव शाली भारत के दर्शन करवाता है नारी शक्ति वंदन विधेयक



**सुखदेव वशिष्ठ**

भारत के आजादी के अमृत काल में संसद के नये भवन में प्रवेश के साथ नरेंद्र मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन विधेयक लाकर यह संदेश दिया कि भारत आज भी मनुस्मृति की उन पंक्तियों को स्वीकार करता है जिनमें कहा गया है यत्र नार्यस्तु पूजन दे रमंते तत्र देवताः अर्थात जहां नारियों को पूजा जाता है, सम्मान दिया जाता है, वहां देवताओं का वास होता है। जिस प्रकार एक परिवार में नवीन गृह में प्रवेश किया जाता है तो कन्या पूजन घट स्थापना के साथ गृह लक्ष्मी की पूजन की जाती है ठीक वैसे ही नवीन संसद का शुभारंभ नारी शक्ति विधेयक से करने से संभवत यही भाव फलीभूत भी हो रहा है और स्वीकार किया है कि

**नारी अस्य समाजस्य कुशलवास्तुकारा अस्ति।।**

नारी समाज की कुशल शिल्पकार है। कल्याण की कामना नारी सम्मान पर ही निर्भर है। जहां स्त्रियों को कष्ट होता है वहां कुल, वंश सभ्यता का नाश होता है।

वर्तमान समय में नारी के सम्मान के साथ भारत का नये रूप में अभ्युदय हो रहा है। यह बिल लगभग 27 वर्षों से अधर में लटका हुआ था। 1996 में प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने इस बिल को रखा था। 1998 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने सदन में इस बिल को रखा था। 1999 में भी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने पुनः यह बिल को पारित करने का प्रयत्न किया। 2002-2003 में भी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने यह बिल सदन में रखा। 2008 में यूपीए सरकार द्वारा यह बिल सदन में रखा गया। 2010 में भी यूपीए सरकार द्वारा यह बिल राज्यसभा में प्रस्तुत किया गया। 2023 में नरेंद्र मोदी के द्वारा यह बिल नवीन संसद भवन में दूसरे दिन पारित किया गया और 454 मत प्राप्त करके सर्वसम्मति से इस बिल को पारित कर दिया गया। नये संसद भवन में नारी को अग्रणी मानकर उसकी सर्वश्रेष्ठ भूमिका को स्वीकार कर उसे स्वर्णिम उपहार दिया है।

**भारतीय चिंतन :** भारत को विश्व गुरु बनना है, तो भारत की मातृ शक्ति का जागरण, सशक्तिकरण और पुरुषों के बराबर उनका योगदान हो की स्थिति पैदा करना आवश्यक है। ऐसा अपने सनातन मूल्यों से ही संभव है। दुनिया बहुत से मामलों में अभी प्रयोगशाला में ही है। सुधार का विचार करते हुए उनकी सोच बदलती रहती है। हम ऐसे प्रयोगों में से गुजर कर जो शाश्वत सत्य अपने पास आया है उस पर ही खड़ा रहना होगा। जब राष्ट्र की सत्ता सशक्त हाथों में विश्व बंधुत्व के भाव को लेकर जन कल्याण के उद्देश्य की पूर्ति हेतु संभाली जाती है, तब नारी शक्ति विधेयक जैसे उत्कृष्ट कार्य संपन्न होते ही हैं। आरएसएस के सर संघ चालक मोहन भागवत के शब्दों में, महिला यह काम करे और पुरुष यह काम करे, यह एक सुविधा का बंटवारा है। वह कोई शाश्वत बात नहीं है। यह नहीं है कि पुरूष का काम महिला नहीं कर सकती।

मेरा तो अनुभव ऐसा है कि पुरुष के कई काम महिलाएं ज्यादा अच्छे से कर सकती हैं और महिलाओं के कई काम पुरुष उतना अच्छे से नहीं कर सकते, परंतु यह बंटवारा एक सुविधा के तहत समय को देख कर किया गया। तत्कालीन परिस्थितियों में व्याप्त हुई विसंगतियां पूर्व से तय किए गए संस्कारों से जोड़ दी गयी पर आज स्वाधीनता के अमृत काल में मातृशक्ति के शोषण, कुंठा व दमनकारी विचारों से ऊपर उठकर नारी शक्ति वंदन विधेयक उस वैभवशाली भारत के चित्र के दर्शन कराता है जिसका स्वप्न हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने देखा था।

## जमशेदपुर की खबरें

### मंत्री ने कल्याण और परिवहन विभागीय योजनाओं की समीक्षा की, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

# राज्य सरकार की याजनाओं को घरातल पर उतारें, सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हों : चंपई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के परिवहन विभाग व कल्याण विभाग की एक समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय में आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित बैठक राज्य में परिवहन मंत्री चंपई सोरेन शामिल हुए। इस दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेश पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री निशु कुमारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में बिरसा आवास, जाहेरस्थान, धुमकुड़िया, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, चिकित्सा अनुदान, वन पट्टा तथा मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना, सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई। बिरसा आवास की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने बताया वित्तीय वर्ष 2020-2023 में 371 आवास की स्वीकृति दी गई थी। जिनमें 271 का निर्माण कार्य पूर्ण है, 108 लंबित हैं। उप विकास आयुक्त ने बताया पिछले दो माह में 75 आवास का निर्माण पूर्ण किया गया है। 15 नवंबर तक 90 फीसदी आवास पूर्ण कर लिए जाएंगे। मंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए जल्द से जल्द शत प्रतिशत बिरसा आवास का निर्माण पूर्ण करें, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। मंत्री ने जाहेर स्थान का निर्माण किस प्रखंड में कहां-कहां लंबित है। इसकी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने निर्देशित किया जाहेर स्थान या धुमकुड़िया भवन को लेकर जमीन संबंधी या अन्य कोई समस्या हो तो प्रखंड के पदाधिकारी जिला के वरीय पदाधिकारी को तत्काल सूचित करें जिससे निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं आए । वित्तीय वर्ष 2020-21 के 18 जाहेरस्थान , 17 धुमकुड़िया तथा 2021-22 के 97 जाहेर स्थान, 48 धुमकुडिया का कार्य प्रगति पर है जिसे अनिवार्य रूप से दिसबंर माह के अंत तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। छात्रवृत्ति की समीक्षा में उप विकास आयुक्त ने कहा प्री मौट्रिक छात्रवृत्ति के कुल लाभुक 1,61,447 में से 1,48,341 छात्रों के बीच राशि का वितरण किया गया है। आवंटन आते ही शेष छात्रों को भी भुगतान कर दिया जाएगा। मंत्री ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना से ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित किए जाने तथा मनरेगा के कंवर्जेंस से पशु शेड बनाये जाने की बात कही गई। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चिन्हित 940 लाभुकों में से 873 को राशि हस्तांरित की गयी है। मंत्री चम्पई सोरेन ने आवेदन रिजेक्शन से पहले पूरी तरह से जांच करने का निदेश दिया। उन्होने कहा बिना पुख्ता कारण के कोई भी आवेदन रिजेक्ट नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान के लाभुकों का सत्यापन कराने के बाद भुगतान करने का निर्देश दिया।वन पट्टा वितरण को लेकर बताया पिछले 2 माह में 191 वन पट्टा वितरित किए गए हैं। 40 स्वीकृत है, मौके पर 5 लाभुकों के बीच वन पट्टा के स्वीकृति पत्र का वितरण मंत्री के हाथों कराया गया। मंत्री चम्पई सोरण ने स्पष्ट निर्देश दिया वन पट्टा के वितरण में यह ध्यान रखें लाभुक जितने जगह में रह रहे हैं और खेती-बाड़ी कर रहे हैं उसमें किसी प्रकार का कटौती नहीं हो।

वन पट्टा वितरण में आवास के अलावा खेती-किसानी के लिए जगह भी पर्याप्त रहे। बैठक से अनुपस्थित रहने पर स्पेशल डिविजन के कार्यपालक अभियंता को शो कॉज किया।

**वन पट्टा के लाभुकों को मंत्री के हाथों मिला स्वीकृति पत्र**



**मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के रूट में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, प्रखंड मुख्यालय से जुड़ें**

**मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की। उन्होने निर्देशित किया ओवर लोड वाहन, सड़क किनारे अनाधिकृत पार्किंग जो संभावित दुर्घटना के कारण बन सकते हैं इसपर सघन अभियान चलायें। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर उन्होने कहा रूट ऐसा हो जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, प्रखंड मुख्यालय आने में सहूलियत हो। उन्होने कहा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे जहां सुविधा के अभाव में स्कूल आना छोड़ देते हैं, उन्हें विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए यह योजना राज्य सरकार द्वारा लाई गयी। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं को हाट बाजार आना हो या सरकारी कार्यालय, अस्पताल, स्कूल कॉलेज इन सभी का ध्यान बस के रूट में जरूर रखें। मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया राज्य सरकार गांव, ग्रामीण, गरीब को ध्यान में रखकर योजनायें बनाती है, सही लाभुकों तक उनका लाभ पहुंचे, सरकार की कल्याणकारी योजनायें धरातल पर उतरें इसे सुनिश्चित करेंगे।**

# रिपोर्ट में खुलासा: बंकर ध्वस्त करने का नक्सलियों ने लिया था बदला, दो जवान गोलीबारी में हुए थे शहीद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** नक्सलियों ने बंकर ध्वस्त किये जाने का बदला लेन के लिए एसटीएफ में एसॉल्ट ग्रुप 22 के प्रभारी सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और गौतम पासवान की हत्या कर दी थी। चाइबासा पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है। पश्चिम सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के बंकर ध्वस्त कर दिये थे और कई हथियार भी बरामद हुए थे, जिसका बदला नक्सलियों ने इस तरह लिया।

**शाम सात बजे नक्सलियों ने शुरू की थी फायरिंग :** चाइबासा पुलिस की इस रिपोर्ट में एसटीएफ एसॉल्ट ग्रुप 22 के हवलदार दामोदर महतो के बयान को आधार बनाया गया है। इस बयान में उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को घटना के दौरान वह तुंबाहाका गांव की एक पहाड़ी पर थे। पोस्ट नंबर एक में वह, सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी, गौतम पासवान सहित अन्य लोग थे। अचानक शाम के लगभग सात बजे के आसपास नक्सलियों की तरफ से ब्रस्ट फायर किया गया। इसमें अमित तिवारी और गौतम पासवान को गोली लगी थी।

**बंकर उड़ाये जाने का बदला है :** नक्सली गोलीबारी के बाद लाल सलाम जिंदाबाद और सुरक्षा बलों को गालियां देते हुए निकल गये। नक्सली चिल्ला कर कह रहे थे हमारा एक बंकर उड़ाये हो न, गोला बारूद भी नष्ट किये न, आज तुम लोगों को नहीं छोड़ेंगे, जान से मार देंगे।

**20 मिनट तक गोलीबारी :** नक्सलियों ने लगातार तीन पोस्ट पर फायरिंग की । फायरिंग 20 मिनट तक चलती रही। फायरिंग रुकने के बाद हवलदार ने देखा कि गोली लगने से अमित तिवारी और गौतम पासवान की मौत हो गयी है। पुलिस की रिपोर्ट में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन की सेंट्रल कमेटी के शीर्ष नक्सली मिसिर के अलावा पतिरम मांझी, कांडे होंहांगा, अश्विन, बुधराम, सुशांत, सालुका कायम, सागेन अंगरिया, अमित मुंडा, पिंटू लोहरा, अपटन, मोझू, सोहन, लालू, संदीप, रापा, सिंगरी, देवन, राजेश, अमन, पगला, पांडू और सुशील के इस गोलीबारी में शामिल होने का जिक्र है।

# आजसू नेता ने मुस्लिम समाज के साथ की बैठक



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ताजनगर स्थित मदरसा आयशा में मुस्लिम समाज के लोगों के आग्रह पर आजसू नेता हरेलाल महतो ने बैठक में शामिल हुए। शुक्रवार को बैठक के दौरान क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर जर्जर सड़क, पेयजल संकट का समाधान के लिए विचार विमर्श किया गया। मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध लोगों ने आजसू नेता से समस्याओं का समाधान में सहयोग के लिए आग्रह की। मौके पर आजसू नेता हरेलाल महतो ने कहा 30 साल से कपाली की जो स्थिति बनी हुई है वह किसी से छिपी नहीं है। यहां जर्जर सड़कें, गंदे नाले, बिजली कटौती, पेयजल संकट आम बात है। उन्होंने कहा चार साल पहले जिन सड़कों और पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू किया गया। वह कार्य आज भी अधूरे हैं। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा 2024 में परिवर्तन लाने का संकल्प लें। निश्चित रूप से कपाली क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा अल्पसंख्यक समुदाय के लोग विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों को चुनें, न की भावनाओं में आकर किसी को भी वोट दें। मौके पर कालू अंसारी, शेख आमिर, शेख निजाम, लियाकत अंसारी, कारी इब्राहिम, मुक्ति असीम अंसारी, अफजल अंसारी, शेख नदीम, सुखियान, मद्रास सहित अन्य मौजूद रहे।

## पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन उमड़ पड़ी भारी भीड़

# सही मार्ग और ईश्वर की प्राप्ति का रास्ता बताते हैं धर्म गुरुः मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता







**श्री बंशीधर नगर।** पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन अभूतपूर्व भीड़ उमड़ पड़ी। जिससे यज्ञ स्थल के साथ पूरे शहर में जनसैलाब जैसा दृश्य रहा। 10 लाख से अधिक लोगों के यज्ञ स्थल पहुंचने का अनुमान रहा। अहले सुबह से ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के परिक्रमा के बाद यज्ञ में आये साधु संत का आशीर्वाद लेते रहे। वहीं यज्ञ मंडप में 305 कुंडों पर बैठे यजमानों के आहुति देते हुए स्वाहा की आवाज से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। वैदिक मंत्रोच्चार से भक्ति का सागर उमड़ रहा था। परिक्रमा के दौरान कई एकड़ में बने यज्ञ मंडप छोटा पड़ जा रहा था। महिलाओं की उपस्थिति सबसे अधिक रही। पुलिस प्रशासन को भीड़ नियंत्रित करने में पसीने छूट गए। वोलेंटियर भी लोगों को व्यवस्थित करने में लगे रहे।

वही यज्ञ स्थल पर कई स्थानों पर भजन कीर्तन का दौर लगातार चलते रहा। कोलकाता से आये मंडली द्वारा अखंड कीर्तन किया जा रहा था। प्रसाद वितरण केंद्र पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। देश के महान संत पूज्य श्री जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में महायज्ञ हो रहा है। महायज्ञ का समापन 28 अक्टूबर को होना है।

### पुलिस रख रही थी विशेष नजर

महायज्ञ में चौथे दिन उमड़ी भीड़ अभूतपूर्व था। प्रशासन व यज्ञ समिति जे अनुमान से काफी अधिक लोग यज्ञ में पहुंचे। जिसके कारण पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। भारी भीड़ के कारण कुछ चैन स्नैचर के भी यज्ञ में शामिल होने की बात सामने आई। जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और चाक चौबंद किया गया। वाच टावर से दूरबीन द्वारा पुलिस भीड़ पर नजर बनाए रख रही थी। वहीं भीड़ भाड़ वाले इलाके में महिला पुलिस की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ी। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर इंस्पेक्टर कृष्णकांत, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह के अलावे दर्जनों पुलिस अधिकारी सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में भी दिन भर होता रहा इलाज

महायज्ञ के चौथे दिन भारी भीड़ के कारण कई लोगों की तबियत बिगड़ गयी। जिस कारण यज्ञ परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने पहुंचे। अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य टीम बनाकर कैम्प में बारी-बारी से ड्यूटी कराई जा रही थी। वही गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा 2 एम्बुलेंस की व्यवस्था यज्ञ स्थल पर की गई थी। इसके अलावे श्री त्रिदंडी देव सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा भी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। यहां भी काफी भीड़ रही।

### अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन

शुक्रवार को लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन किया गया। धर्म संसद में देश के महान धमार्चार्य मौजूद रहे। धर्म संसद में कांचीपुरम के पूज्य पाद गादी स्वामी जी महाराज, बालक स्वामी जी महाराज, बिहार के पूर्व डीजीपी जगद्गुरु गुप्तेश्वर गोविंदाचार्य महाराज, इस्कॉन के प्रमुख, स्वामीनारायण मंदिर मुंबई के भक्ति प्रकाश दास, अक्षरधाम मंदिर के श्यामनारायण महाराज, स्वामी सत्यप्रकाश दास जी, शास्त्री स्वामी हरिओम प्रकाश दास जी, शास्त्री स्वामी श्री स्वरूप दास जी सहित सनातन व जैन धर्म के कई धर्मगुरु मौजूद रहे। वहीं झारखंड सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख, मिथिलेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय लोक जनता दल के केंद्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, विधायक सरयू राय, रामचन्द्र चंद्रवंशी, भानू प्रताप शाही, बिहार के विधान पार्षद जीवन कुमार, अशोक सिंह, पीएचइडी के प्रधान सचिव मनीष रंजन, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव सहित अन्य लोग धर्म संसद में मंचासीन रहे।

### महान संतों के विचारों को जीवन में उतारने की जरूरतः उपेंद्र कुशवाहा

धर्म संसद में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि स्वामी जी का जहां भी कार्यक्रम होता है मैं जरूर जाता हूँ। यहां का दृश्य देखकर मैं देखकर चकित हूं। कई किलोमीटर में सिर्फ लोग ही नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नही है। यह जीवन जीने का सही मार्ग भी बताता है। यज्ञ के आयोजन का अर्थ यहां से मिले अमृतवाणी संदेश को अपने जीवन मे उतारना है। सेवा भाव विकसित करना है। अपने बुजुर्गों का सम्मान करना है। तभी यज्ञ की साथर्कता होगी। यहां देश के कोने-कोने से धर्म गुरु आये हैं। उनके विचारों को जीवन मे उतार कर लोगों की सेवा के साथ राष्ट्र की प्रगति कर सकते हैं।

### पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने धर्म गुरुओं की महत्ता बतायी

धर्म संसद में शामिल होने आए सूबे के पीएचईडी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यहां आकर और यहां लोगों का धर्म के प्रति आश्था देखकर मैं काफी खुश हूं। यहां लोगों की संख्या का अनुमान लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम लोग राजनीति में हैं और राजनीति का का भी एक धर्म है। धर्म एक आस्था है। राजनीति को धर्म से अलग रखना चाहिए। ईश्वर सभी लोगों को मानव बनाकर धरती पर भेजते हैं लेकिन धरती पर आकर धर्म, जाति बदलता है। उन्होंने कहा कि स्वामी जीयर स्वामी जी महाराज की जीवन शैली देखकर लगता है कि वो साक्षत भगवान हैं। इस युग मे आजतक मोबाइल, टीवी का प्रयोग नही करना, मीडिया को इंटरव्यू नही देना, 24 घण्टे में एक बार सिर्फ नारियल पानी और दूध पीकर रह जाना यह सिर्फ महापुरुष ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी यहां आने वाले थे लेकिन माता की तबियत खराब होने के कारण नही आ सके।

### सनातन कल भी प्रासंगिक था, आज भी है और कल भी रहेगा: बादल पत्रलेख

मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में धर्म संसद में शामिल होने आए सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सीएम के निर्देश पर महाकुंभ में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं देवघर से हूं। बाबा भोले का सेवक हूं। सावन में वहां भक्तों का सैलाब देखता हूँ। लेकिन यहां का सैलाब अपने आप मे अनोखा है। लोग खुद चलकर इस समागम में शामिल होने आए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमे सही जीवन जीने का तरीका बताता है। सनातन कल भी प्रासंगिक था, आज भी है और कल भी रहेगा। धर्म संसद में शामिल होने आए जमशेदपुर विधायक सरयू राय ने कहा कि राजनीति धर्म के बिना सुना है। धर्म दीर्घकालिक राजनीति है। राजनीति समेत समस्त कार्य धर्म आधारित होने चाहिए। राजनीति और धर्म को अलग नही कर सकते। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से धर्म संसद में शामिल होने धर्म गुरु आये हैं। धर्म की अवधारणा क्या है यह धर्म गुरु हमलोगों को बताएंगे लेकिन धर्म विहीन जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यहां आकर वे धन्य हो गए। यहां का माहौल काफी धार्मिक है। धर्म संसद में सचिव मनीष रंजन, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

### भारी भीड़ के कारण ट्रैफिक व्यवस्था चरमरायी

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन बंशीधर नगर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गया। शुक्रवार को अहले सुबह से ही महायज्ञ में जाने वाले लोगो का तांता लग गया। देखते देखते पूरा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था उत्पन्न हो गया। यज्ञ स्थल पर पहुंचने तक जगह जगह पर पुलिस प्रशासन द्वारा बेरीकेट लगाया गया था। पूरी व्यवस्था पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह सहित यज्ञ समिति के सदस्य पूरी तरह नजर रखे हुए थे।

### भंडारे में भीड़ को व्यवस्थित रखने में करनी पड़ी मशक्कत

यज्ञ में बनाये गए भंडारे में चौथे दिन भारी भीड़ के कारण व्यवस्था बनाये रखने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लाखों लोगों ने भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। महिला, पुरुष व साधु-संत के लिए अलग-अलग भंडारे की व्यवस्था की गई है। युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव अपने सैकड़ो समर्थको के साथ भंडारे का व्यवस्था संभाला। इस दौरान लोगों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए लगातार कार्य रहते रहे। भंडारे में शुद्ध घी से बनाये भोजन परोसे जा रहे थे। 400 कारीगर व मजदूर खाना बनाने में लगे थे।

### कई सरकारी विभाग भी रहे मुस्तैद

महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो इसके लिए कई सरकारी विभागों के लोग भी पूरे दिन मुस्तैदी से काम करते नजर आये। नगर पंचायत द्वारा साफ-सफाई को लेकर पर्याप्त संख्या में कर्मियों को लगाया गया था। कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी, सिटी मैनेजर रवि कुमार खुद पूरे काम का मोनिटरिंग कर रहे थे। वहीं पीएचईडी विभाग के लोग पेयजल व शौचालय व्यवस्था बनाये रखने में मुस्तैदी से काम करते नजर आये। इसके अलावे बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन के लोग भी व्यवस्था बनाये रखने में लगे रहे।

## संसार के साथ रहना और परमात्मा से दूर जाना किसी मनुष्य के लिए संभव ही नहीं: जीयर स्वामी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** जैसे भगवान्का आश्रय कल्याण करनेवाला है, ऐसे ही रुपये आदि उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओंका आश्रय पतन करने वाला है। प्राकृत पदार्थमात्रको महत्त्व देना अनर्थका मूल है। विश्वास भगवान्पर ही करना चाहिये। उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओंपर विश्वास करनेसे धोखा ही होगा, दुःख ही पाना पड़ेगा। भगवान के साथ हमारा वियोग और संसारके साथ हमारा संयोग कभी हो ही नहीं सकता।हम संसारके साथ कभी रह ही नहीं सकते और परमात्मासे अलग कभी हो ही नहीं सकते। असत्य के सँगसे ही संपूर्ण दोषों और विषमताओंकी उत्पत्ति होती है। मनुष्य ही आसक्तिपूर्वक संसारसे सम्बन्ध जोड़ता है, संसार कभी सम्बन्ध नहीं जोड़ता। संसारके साथ मिलनेसे संसारका ज्ञान नहीं होता और परमात्मासे अलग रहनेपर परमात्माका ज्ञान नहीं होता झ यह नियम है। संसार के साथ एकता और परमात्मासे भिन्नता भूलसे मानी हुई है। विनाश से अपना संबंध माननेसे अन्तःकरण, कर्म और पदार्थ तीनों ही मलिन हो जाते हैं और विनाशीसे माना हुआ सम्बन्ध छूट जानेसे ये तीनों ही स्वतः पवित्र हो जाते हैं। जब तक संसारसे संयोग बना रहता है, तबतक भोग होता है, योग नहीं। संसारके संयोगका मनसे सर्वथा वियोग होनेपर योग सिद्ध हो जाता है अर्थात परमात्मासे अपने स्वतः सिद्ध नित्ययोगका अनुभव हो जाता है। उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओं का आश्रय लेकर, उनसे संबंध जोड़कर सुख चाहनेवाला मनुष्य कभी सुखी नहीं हो सकता - यह नियम है।

## सच कहूं तो महापुरुष ही नमन के योग्य हैं: जगद्गुरु रामानुजाचार्य



**बंशीधर नगर।** वाल्मीकि राम को महापुरुष कहकर नमन करते हैं। सच कहूं तो महापुरूष ही नमन के योग्य है। महापुरूष वो है जिसके आगे सिर स्वतः झुक जाता है। आज तो स्वार्थ के लिये हर कोई हर किसी के आगे झुकने को तैयार है। पर नमस्कार की सार्थकता तो महापुरूष के ही चरणों में झुकने में हैं। कोई महापुरूष बनता कैसे है? जीवन में महत्ता आती कैसे है? ये विचारणीय है ताकि उसे जानकर प्रेरणा ली जा सके।

क्षुद्र-स्वार्थ और व्यक्तिगत सुख के लिये जीने वाले कभी महापुरूष नहीं बन सकते। उसके लिये समस्त सुख-सुविधाओं का त्याग करके घर से बाहर निकलना पड़ता है। कुश-कंटकों पर चलते हुये सर्दी, गर्मी और बरसात को सहते हुये महान लक्ष्य की ओर अग्रसारित होते रहना पड़ता है। घर में पलंग पर लेटकर ख़्वाब गढ़ने वाले कोई बड़ी क्रान्ति नहीं करते जब तक संघर्ष की आग में तपने के लिये बाहर न निकलें। श्रीराम महापुरूष इसीलिये कहे गये क्योंकि समस्त अवतारों में सर्वाधिक दुख उन्होनें ही उठाये हैं। दूसरे की पीड़ा के दंश को वही समझ सकता है जो दुख की आग में स्वयं झुलसा हो। और इसका परिणाम यह हुआ कि श्रीराम सर्वाधिक सुख देने वाले भी हुये। श्रीराम के जीवन की दो बातें जो विशेष उल्लेखनीय है और हमारे लिये सबसे अधिक प्रेरक है। पहली बात तो यह कि बड़ी से बड़ी विपत्ति से वो घबराये नहीं, कभी हिम्मत नहीं हारे। ईश्वर होते हुये भी एक मनुष्य की नियति की समस्त बिडम्बनाओं का मुकाबला मनुष्योचित तरीके से अपने पौरूष-पराक्रम और बल-विक्रम से कर-के दिखाये। उन्होनें कभी ऊंचाई पर रहने देवताओं से कभी कोई सहायता नहीं मांगी। दूसरी बात यह कि उन्होनें ने कभी किसी को छोटा और बड़ा नहीं समझा। अपने आदर्शों की पूर्ति के लिये सबको अपनाया। अपने प्रेममय विनीत आचरण से वन में रहनेवालों को अपना बनाकर इतना निर्भय बना दिया कि वे अन्याय और अत्याचार के विरूद्ध खड़े हो गये। श्रीराम अकेले रावण को मारते तो लोगों के हृदय में बैठा भय रूपी रावण कभी न मरता, उन्होनें लोगों में इतना विश्वास जगाया कि पशु पक्षी तक रावण से युद्ध के लिये तैयार हो गये। फलतः समाज से बुराई का अन्त हुआ, लोग मानवता के सहयोग के लिये सतत तैयार रहने लगे।

### गढ़वा जिला की सुख-शांति के लिए हो रहा है श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ : अलखनाथ पांडेय



**गढ़वा।** जिला के श्री वंशीधर नगर के गांव पाल्हे-जतपुरा की पावन भूमि पर हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ नेता गण। इस अवसर पर अलखनाथ पांडेय ने महान संत श्री 1008 परम पुज्यनीय श्री जियर स्वामी जी से शिष्टाचार भेंट कर कर उनका सानिध्य प्राप्त किए। उक्त मौके पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सेवादारों के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए जाने के बाद अलखनाथ पांडेय ने कहा कि यह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ पूरे झारखंड प्रदेश के लिए अविश्वसनीय, अकल्पनीय, अद्वितीय और ऐतिहासिक यज्ञ है। इस यज्ञ का महाप्रसाद ग्रहण करना अपने आप में सौभाग्य की बात है। उन्होंने इस यज्ञ समिति और वहां की व्यवस्थापक और सेवादारों की खूब प्रशंसा करते हुए कहा कि धन्य हैं वह लोग जिन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन कराया है।

### झामुमो की महिला नेता के निधन पर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के शेरासाम निवासी और झामुमो मेराल प्रखंड महिला मोर्चा की अध्यक्षा आराधना सिंह के पिता ललन सिंह की आकस्मिक निधन की खबर सुन कर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह और झामुमो परिवार दुख की घड़ी में शामिल हुए और परिवार जनों को ढांढस बधाई। इस मौके पर नितेश कुमार सिंह ने दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ईश्वर शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की दें। मंत्री मिथिलेश ठाकुर और झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा जिला परिवार दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ा है। इस अवसर पर खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका अनुमंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पू यादव, आराधना सिंह, युवराज पांडेय, पहलवान सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### शिवपूजन तिवारी ने नये अंचल पदाधिकारी के रूप में राकेश भूषण सिंह को पदभार सौंपा



**भंडारिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय में रंका अंचल पदाधिकारी सह भंडारिया अंचल पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी ने नये अंचल पदाधिकारी के रूप में राकेश भूषण सिंह को पद भार सौंपा। प्रभार लेने के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने बुके देकर सम्मानित किया व सभी अंचल कर्मी से बारी बारी परिचय प्राप्त किया। ततपश्चाताप सभी कर्मचारी गुलदस्ता भेट किया और परिचय प्राप्त किया। मौके पर प्रधान सहायक राकेश विश्वकर्मा, राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार, अंचल ऑपरेटर उदित आदि उपस्थित थे।

### सेवाडीह युवा कमेटी ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के ग्राम सेवा डीह युवा कमेटी के द्वारा माँ दुर्गा पूजा की समाप्ति के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए नितेश कुमार सिंह ने कहा कि मां दुर्गा सभी लोगों की सुख शांति व समृद्धि प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में विकास के कार्य करने वाले माता के परम भक्त गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर नित्य निरंतर विकास के इतिहास बना रहे हैं। ये सब माँ दुर्गा की कृपा से हो रही है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से युवा कमेटी सेवाडीह को ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए हौसला बढ़ाने हेतु नितेश कुमार सिंह ने 21 हजार रुपये सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर मुखिया करमदयाल सिंह, बीडीसी हिरामणि देवी, झामुमो आदिवासी नेता नारद सिंह, अमीन स्यानी, पूर्व प्रमुख लिलावती देवी, रतन सिंह, जिपस प्रमिला देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों पर पहुंचे उपायुक्त, बीएलओ संग सेल्फी लेकर किया उत्साहवर्धन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित प्राउड ऑफ माय बीएलओ कार्यक्रम के तहत आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा गढ़वा और मेराल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ का उत्साहवर्धन और उनके महत्व को रेखांकित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ संग सेल्फी लेकर उसे एक्स (पहले ट्विटर) सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया गया। जिससे बीएलओ का उत्साह वर्धन किया जा सके। वहीं जिला भर कद मतदाताओं ने भी अपने मतदान केंद्रों पर जाकर बीएलओ संग सेल्फी लेकर उसे सोशल मिडिया पर अपलोड कर बीएलओ का उत्साह वर्धन किया। उल्लेखनीय है कि विशेष संछिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिसे देखते हुए झारखंड निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के सभी बीएलओ के उत्साहवर्धन और सम्मान में 27 अक्टूबर को 1 घंटे का सोशल मीडिया अभियान चलाए जाने का निर्देश प्राप्त था। जिसे लेकर आज जिले भर में अभियान चलाकर विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंच बीएलओ संग मतदाताओं ने सेल्फी लेकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

## बाइक दुर्घटना में पांच लोग घायल

आजाद सिपाही संवादाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मी चंदवंशी कन्या उच्च विद्यालय के पास शुक्रवार को आमने-सामने के मोटरसाइकिल दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र कांडी में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव रेफर कर दिया गया। घायलों में हरिहरपुर निवासी बबलू चौधरी पिता द्वारिका चौधरी, मानिक राम पिता कुलदीप राम तथा कुंदन बैठा पिता नंदकिशोर बैठा का नाम शामिल हैं। उक्त तीनो घायल युवक एक ही मोटरसाइकिल से सेमौरा बाजार से अपने घर जा रहे थे। जबकि दूसरी मोटरसाइकिल से पलामू जिले के मोहम्मद गंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ निवासी रवि शंकर सिंह अपनी पत्नी मंजू देवी के साथ जतपुरा नगर से यज्ञ देखकर अपने घर जा रहे थे। लक्ष्मी चंदवंशी कन्या विद्यालय के पास सड़क में बने ठोकर पार करने के दौरान दोनों मोटरसाइकिल में आमने सामने टक्कर हो गया। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी।सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर सीएचओ वीरेंद्र सिंह ने सभी का इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से मझिआंव भेजा गया। दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कांडी थाना पुलिस जब्त कर थाना ले गयी है। घायलों में मानिक, बबलू और कुंदन बैठा गंभीर रूप से घायल थे।त ीनो को पैर में गंभीर चोट आयी है। जबकि रविशंकर सिंह का पैर का तलवा कट गया है व उनकी पत्नी को भी अंदरूनी चोट लगी है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 28 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# बिना अनुमति के 2 जून को पुल निर्माण स्थल पर किया गया 45 ब्लास्ट पर बिफरी संतोषी शेखर

- दिये गये रिपोर्ट को बताया फर्जी सदन में आजाद सिपाही मे छपी खबर को दिखा कार्रवाई करने की मांग की
- काम की देखरेख कर रहे थे कुंमडीह के सरकारी शिक्षक विनय शर्मा
- 2 जून को ब्लास्टिंग के दौरान योजना स्थल पर मौजूद थे शिक्षक विनय शर्मा





शिक्षक विनय शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** बिना अनुमति के 2 जून को पुल निर्माण स्थल पर किया गया 45 ब्लास्ट, मामले पर लातेहार जिला परिषद कार्यालय कक्ष मे जिला परिषद की मासिक बैठक मे संवेदक और मुंशी सह सरकारी शिक्षक विनय शर्मा पर कार्रवाई नही होने पर सदन में जमकर बिफरी जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर दिए गए रिपोर्ट को बताया फर्जी साथ ही आजाद सिपाही मे 2 जून को छपी खबर को दिखा कार्रवाई करने की मांग की। और कहा कि दोषियों को किसी सूरत पर बक्शा नही जाना चाहिए नही तो सड़क से सदन तक आंदोलन किया जायेगा। बता दें कि बरवाडीह मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के पैतृक गांव मंगरा के धड़धड़ी नदी में 2 जून को मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से कराये जा रहे पुल निर्माण कार्य में संवेदक की लापरवाही और मनमानी के कारण पुल निर्माण स्थल व उसके आसपास के कई घरों को काफी नुकसान पहुंचा था। इस संबंध में संवेदक के द्वारा बिना किसी सरकारी अनुमति के पुल के निर्माण कार्य के दौरान पत्थर पड़ जाने के कारण पत्थर को ब्लास्ट कर हटाये जाने का काम को शुरू किया गया था। जहां इस दौरान लगभग 45 ब्लास्ट किए गये, जिसके कारण आसपास के कई घरों को क्षति हुई। वहीं सबसे आश्चर्य की बात है कि ब्लास्ट करने को लेकर किसी भी तरह की सरकारी अनुमति नहीं ली गयी थी। और ना ही आसपास के लोगों को एहतियात बरतने के लिए कोई पूर्व सूचना दी गयी। जिसे ब्लास्टिंग किये जाने के बाद ग्रामीणों में खासा आकोश देख गया था और आक्रोश के कारण पेटी कांट्रेक्टर के रूप में काम की देखरेख में मौके पर मौजूद बरवाडीह निवासी और मनिका प्रखंड कुंमडीह के सरकारी शिक्षक विनय शर्मा को घेर कर मौके पर बिठाए रखा था और ब्लास्टिंग किये जाने का जमकर विरोध किया था। वही मामले को लेकर विभाग के सहायक अभियंता अनिमेष के द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य पलामु की राजवीर कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है। जहाँ काम के दौरान पत्थर निकलने की सूचना थी जिसे मशीन से हटाने को कहा गया था पर ब्लास्टिंग करने का कोई आदेश नही दिया गया था। उधर इस सम्बंध में जब पश्चिमी जिला सदस्य संतोषी शेखर से दूरभाष पर बात हुई तो उन्होंने ने बताया कि 45 ब्लास्ट हो जाने के बाउजूद संवेदक पर कार्रवाई नही होना व सबसे बड़ी बात सरकारी शिक्षक होने के बाउजूद उनके द्वारा सरकारी कार्य कराना समझ से परे है। और कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए व इसे लेकर पीएमओ ऑफिस, सड़क परिवहन और राजमार्ग, जहाजरानी, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री नितिन गडकरी सूबे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ साथ चतरा लोकसभा के सांसद को भी पत्र लिख कार्रवाई की मांग की जायेगी। इसके अलावा मामले को लेकर जिला परिषद सचिव के द्वारा विभाग को फटकार लगाते हुए मामले की जांच कराने का निर्देश दिया वो भी खनन विभाग और सदस्य के साथ मिलकर जांच में किसी भी तरह की लापरवाही न करने का भी निर्देश दिया गया। जिला परिषद की बैठक में संतोषी के द्वारा प्राचीन पहाड़ी मंदिर को पर्यटन क्षेत्र के रूप में बढ़ावा देने को लेकर कई योजनाओं का प्रस्ताव देने का भी काम बैठक के माध्यम से किया गया साथ ही साथ प्रखंड मुख्यालय बस स्टैंड अंतर्गत दुकानों के निर्माण जल्द कराने, जिला परिषद के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय में डाक बंगला निर्माण करने, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बिना निविदा के मोरवाई मंगरा समेत अन्य जगहों में स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत करने, छेचा के दुरजगीन गमहेल स्थान का सीमांकन, प्रखंड मुख्यालय के आदिवासी बालिका छात्रावास को शुरू करने, जल जीवन मिशन के तहत मंगरा में हो रहे हैं कार्य में अनियमित, भूमि संरक्षण विभाग के अभियंता अमित कुमार को हटाने, केचकी से बरवाडीह से सड़क किनारे पहले झाड़ियां को सफाई करने की भी बात रखा।

**इनलोगों का घर हुआ क्षति**
सुकन सिंह, परमेश्वर सिंह, भुनेश्वर सिंह, कुंज बिहारी सिंह, ठाकुर सिंह, बनवारी सिंह, जगदंबा देवी, मनोरमा देवी, पुष्पा देवी।

मंगरा के परमेश्वर सिंह को लगी चोट हुआ घायल...ब्लास्ट के चपेट में पुल के कुछ ही दूरी पर परमेश्वर सिंह का घर उसके झटके से और पत्थर लगने से घायल हो गया।

उधर दूसरी और पूर्व में ही भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की थी व मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्रवाई की मांग की थी।

## चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार



**कुडू - लोहरदगा।** बीते गुरुवार को कुडू बाजार टांड से चोरी हुई बाइक का कुडू पुलिस ने उद्भेदन करते हुए थाना क्षेत्र के लावागाई निवासी नईम खान का पुत्र अदनान अल्तमश 22 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। साथ ही उसके पास से चोरी की गयी बाईक भी बरामद कर लिया है। ज्ञात हो कि गुरुवार 21 अक्टूबर को कुडू निवासी विनय कुमार की बाइक सुपर स्प्लेंडर जेएच 0आरई - 7805 घर के बाहर से चोरी कर ली गयी थी। जिसके बाद विनय कुमार ने कुडू थाना में लिखित शिकायत की थी। शिकायत पर पुलिस आज्ञात चोर के खिलाफ कांड संख्या 118/23 दर्ज कर अनुसंधान में जुटी थी। मिली जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह को सूचना मिली कि उक्त बाइक को एक व्यक्ति टाटी के पास लेकर खड़ा है। जिसपर तत्काल केस के अनुसंधानकर्ता सअनि सुकु सोरेन को दल बल के साथ टाटी के लिए रवाना किया। जहां पहुंचने पर युवक बाइक को लेकर जल्दबाजी मे टाटी कैरो रोड में भागने लगा। जिसे पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। पुलिस को मिली इस सफलता से उम्मीद जतायी जा रही है कि लंबे समय से कुडू में हो रही बाइक चोरी पर लगाम लगेगी।

## दो दोस्तों ने किया दुष्कर्म, एक को जेल दूसरा से पूछताछ जारी

**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो थाना के अंतर्गत नगड़ा गांव दशहरा जतरा देखने आई 13 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ दो युवकों ने बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरडीह निवासी नाबालिक युवती ने आवेदन में कही की कूड़ु थाना क्षेत्र के लावागाई निवासी चंदर उरांव से विगत छः माह पहले सरहुल पर्व समय में जान पहचान हुआ था चन्दर उरांव नाबालिक युवती को एक मोबाइल फोन सिम कार्ड के साथ गिफ्ट दिया था। वहीं खबर लिखने तक दूसरे आरोपी शैलेश उरांव को भी पुलिस गिरफ्तार कर थाना में पूछताछ कर आगे की करवाई में जुट गया था।

## लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी में सरगर्मी तेज



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला परिसदन में कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा लोकसभा स्तरीय बैठक लेने कांग्रेस पार्टी के एसटी एससी ओबीसी के कोऑर्डिनेटर के राजू लोहरदगा पहुंचे। राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, संयोजक प्रदीप तुलसियान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू सहित लोहरदगा गुमला और मांडर क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक स्तर के नेता और कोऑर्डिनेटर समिति के सदस्य शामिल हुए। लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने पिछली बार की बैठक में दिये गये टास्क की समीक्षा किया। कांग्रेस पार्टी के कोऑर्डिनेटर के राजू ने झारखंड प्रदेश में कांग्रेस के सभी 14 लोकसभा सीटों को लेकर अल्पसंख्यक मॉनेटरी ओबीसी एसटी एससी को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य और टास्क देने का काम किया है ताकि पिछला वर्ग से नए नेतृत्व को आगे लाया जा सके। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत का दावा किया है तो वही लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड प्रदेश के जन मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी चुनाव मैदान में आएगी और इस बार भाजपा को शिखस्त देगी। हम गांधी को मानने वाले हैं गोडसे के पथ पर चलने वालों को जनता सबक सिखायेगी।

## ऐतिहासिक पहाड़ जतरा 30 अक्टूबर को, अध्यक्ष बने फूलकुमार उरांव

**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड अंतर्गत सढ़ाबे पंचायत के बक्सी पहाड़ में लगाने वाले ऐतिहासिक पहाड़ जतरा को सफल बनाने को लेकर 27 अक्टूबर दिन शुक्रवार को ग्राम प्रधान सनिया पहान की अध्यक्षता मे सढ़ाबे एवं बक्सी के ग्रामीण ने बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा-परिचर्चा किया गया। साथ ही 30 अक्टूबर दिन सोमवार को जतरा को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए जतरा कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष फूलकुमार भगत, उपाध्यक्ष जगबन्धन भगत,जगरनाथ उराँव, विनोद साहू, मनोज यादव, प्रदीप महली, सचिव शंकर उराँव, जयशिंग उराँव को बनाया गया है। और समस्त नवयुवक संघ के सभी सदस्यों को चयनित किया गया और सभी ग्रमीणों को सहयोग करने की अपील की गयी। बैठक मे उपस्थित ग्राम प्रधान सनिया पहान,लखन उराँव, विजय कुमार एक्का,धना साहु,चन्द्रदेव भगत, चरकु उरांव, धुचु उरांव, गनेश उराँव, होसने उराँव,राजेश्वर भगत और सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

## चोरी के आरोपी की हाजत में मौत मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू, मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हुआ शव का पोस्टमार्टम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले के चंदवा थाना में गुरुवार की शाम हाजत में बंद एक आरोपी की मौत के मामले में उच्च स्तरीय जांच आरंभ हो गयी है। वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा भी मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। वहीं आरोपी के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल टीम के द्वारा किया गया। बता दें कि गुरुवार की शाम चंदवा थाना के हाजत में चोरी के आरोप में बंद कैलाश सिंह की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। हाजत में बंद कैलाश को अचेत अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया। इधर शुक्रवार को मेडिकल टीम के द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया। वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि कैलाश ने हाजत में ही आत्महत्या कर ली थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए लातेहार सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि मृतक के शव के पोस्टमार्टम के लिए तीन सदस्यीय मेडिकल टीम का गठन किया गया। सभी प्रकार की वैधानिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दिया जायेगा। घटना को लेकर लातेहार एसडीएम परवेज आलम ने बताया कि हाजत में आरोपी की मौत के मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को प्रशासन द्वारा नियुक्त किये गये मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में किया गया है। एसडीएम ने कहा कि जांच कमेटी के द्वारा मामले की जांच आरंभ कर दी गयी है। इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि आरोपी की मौत के मामले में पुलिस के द्वारा जांच आरंभ कर दी गयी है। पुलिस के वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी है, जो पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जायेगा।

## जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक हुई संपन्न




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले पूर्व की बैठक में जिला परिषद सदस्यों के द्वारा उठाऐं गए मामले पर हुई कार्रवाई और अनुपालन संबंधित एजेंडा को रखा गया। जिस पर जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा सभी सदस्य और पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही गयी और जिला परिषद सदस्यों के द्वारा उठाए गए मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिला परिषद सदस्यों के द्वारा बतायी गयी समस्याओं पर पदाधिकारी गंभीरता से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष ने आमजनों का आभार व्यक्त किया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने शारदीय नवरात्र भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से संपन्न होने पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने शारदीय नवरात्र को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में लगे केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी संरक्षक, पदाधिकारी, सदस्य, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, दंडाधिकारी, मीडिया, सुरक्षा बल,मेडिकल की टीम, अग्नि शमन की टीम, सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारी और माता रानी के भक्तों का आभार व्यक्त किया।

## उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया और संबंधित बीएलओ के साथ सेल्फी ली गयी। इन मतदान केंद्रों में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मन्हो का मतदान केंद्र संख्या 214, राजकीय बुनियादी विद्यालय हिरही का मतदान केंद्र संख्या 207, 208, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय लोहरदगा का मतदान केंद्र संख्या 281, राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय का मतदान केंद्र संख्या 279 और 280 शामिल है। उपायुक्त द्वारा उप निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा को नये बीएलओ का प्रशिक्षण कराये जाने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने, मतदाता की अर्हता तिथि आदि से अवगत कराया गया। निरीक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## के रवि कुमार ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का निरीक्षण किया



**लोहरदगा।** के रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव झारखंड के द्वारा शुक्रवार को लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड में ड्रॉप पब्लिकेशन के क्रम में वाचन निरीक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 69-बिशनपुर का मतदान केंद्र संख्या 80 और 81 का निरीक्षण किया गया। बीएलओ से प्राप्त जानकारी के बाद मतदाताओं का एपिक कार्ड जिसका स्पीड पोस्ट के माध्यम से पोस्ट ऑफिस के द्वारा वितरण किया जाता है, की समीक्षा के क्रम में बीएलओ द्वारा मतदाता अंजली कुमारी का मतदाता पहचान पत्र के संबंध में डिलीवरी की जानकारी हेतु मसमानो पोस्ट ऑफिस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पोस्ट ऑफिस में 19 मतदाता पहचान पत्र अन-डिलीवर्ड पाया गया। इसके विषय में बीपीएम और पोस्टमैन से पूछताछ की गई जिनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। सभी मतदाता कार्ड का आर्टिकल नंबर और एपिक नंबर का डिलीवरी का जांच करने हेतु अपने साथ संख्या के साथ सूची बनाकर सूची से वेरीफाई करने के लिए साथ ले गये। पोस्ट ऑफिस के द्वारा एपिक कार्ड वितरण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ आदि उपस्थित थे।

## पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने दी 30 अक्टूबर से कफन सत्याग्रह पर बैठने की चेतावनी



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर टोरी चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज और स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं होने पर कफन सत्याग्रह पर बैठने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि नेशनल हाईवे (एनएच) विभाग के अधिकारियों और फुट ब्रिज निर्माण के एजेंसी जानबूझ कर फ्लाई ओवरब्रिज ओर फुट ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रहे हैं। फ्लाई ओवर ब्रिज और फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं की गयी तो दिनांक 30 अक्टूबर 2023 से सत्याग्रह किया जायेगा। इसमें फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण और फुट ओवरब्रिज निर्माण शुरू करने में विलंब करने वाले एनएच के अधिकारीयों और फुट ब्रिज के एजेंसियों पर भी कार्रवाई की मांग की जायेगी।

## 28-29 अक्टूबर को रात 11 बजे से चंद्र ग्रहण



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** 28-29 अक्टूबर को चंद्र ग्रहण लगेगा। पिछले सप्ताह अमेरिका में हुए सूर्य ग्रहण के 14 दिनों बाद यह चंद्र ग्रहण होने जा रहा है। यह एक आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। नासा के मुताबिक पूर्णिमा के दौरान चंद्र ग्रहण होता है। जब चंद्रमा और सूर्य ऐसी स्थिति में हों कि उनके बीच पृथ्वी आ जाए तो ग्रहण लगता है। पृथ्वी की छाया तब चांद पर पड़ती है, जिसके कारण यह हमें लाल रंग का दिखायी देता है। चांद पूरे भारत में दिखायी देगा। पृथ्वी की दो तरह की छाया होती है। पहली पेनुम्ब्रा और दूसरी उम्ब्रा। पेनुम्ब्रा बाहरी या हल्की छाया होती है, जिसे उपच्छाया चरण कहा जाता है। चांद 28 अक्टूबर की रात साढ़े 11 बजे के बाद इसमें प्रवेश करेगा। 29 अक्टूबर को रात 1:05 पर चांद उम्ब्रा में प्रवेश करेगा। उम्ब्रा पृथ्वी की गहरी परछाई होती है। 2:24 बजे के बाद चंद्रमा इससे बाहर निकल जाएगा। उम्ब्रा में चांद एक घंटा 19 मिनट रहेगा। स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक चंद्र ग्रहण कई जगहों पर दिखाई देगा। यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिकी, पूर्वोत्तर दक्षिण अमेरिका और प्रशांत महासागर से लोग इसे देख सकेंगे। भारत में दिल्ली, मुंबई, चेन्नी, कोलकाता, प्रयागराज और देहरादून और पटना समेत भारत के अन्य हिस्सों में चंद्र ग्रहण दिखेगा।

## पुलिस ने चार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तिहार



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** बारियातू पुलिस ने चतरा व पलामु के चार अभियुक्त के घर पहुँच कर शुक्रवार को स्थानीय पुलिस के सहयोग से विधिवत इश्तिहार तामिल किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ थाना ( वर्तमान थाना बारियातू ) कांड संख्या 248/19 के प्राथमिक अभियुक्त युगल भारती पिता श्री भारती ग्राम चिन्दरी गोविन्दपुर थाना प्रतापुर, जिला चतरा, कांड संख्या 181/21 के प्राथमिक दो अभियुक्त उपेन्द्र भुईयां पिता स्व बांधो भुईयां एवं राजेश सिंह पिता झुगुल सिंह ग्राम केहल दोनों थाना मनातु जिला पलामू एवं कांड संख्या 71/21 के प्राथमिक अभियुक्त आक्रमण जी उर्फ रविंद्र गंझु उर्फ विनायक सिंह भोकता पिता गुनेश्वर गंझु ग्राम नागद थाना मनातु जिला पलामू के विरुद्ध मननीय न्यायालय के द्वारा उक्त सभी चारो अभियुक्त का इश्तिहार निर्गत किया गया था।

## सीओ बीडीओ ने किया मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण प्रकाशन का निरीक्षण




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची का प्रकाशन लोहरदगा और बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र के भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सभी बुथो का निरीक्षण सीओ दिनेश कुमार गुप्ता एवं बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। इस क्रम में सभी मतदान केदो में बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जिसमें मतदाताओं के द्वारा अपने नाम का सूची में वेरिफिकेशन किया गया. इस मौके पर मतदाताओं के द्वारा सूची के निरीक्षण करने के बाद नाम दर्ज करवाने, त्रुटि निराकरण करने, फोटो में सुधार करने सहित अन्य बिंदुओं पर बीएल ओ को जानकारी दी।

## अज्ञात शव की हुई शिनाख्त, परिजनों ने प्रशासन से शव की मांग की



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नीचे तुरियाडीह सड़क दुर्घटना में अज्ञात साइकिल सवार अधेड़ की मौत के दो दिन बाद समाचार पत्र के माध्यम से हुआ शव का शिनाख्त। सेन्हा थाना क्षेत्र के नीचे तुरियाडीह में हुई सड़क दुर्घटना में साइकल सवार अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का इलाज के दौरान मौत हो गया था। जिसकी पहचान समाचार पत्र के माध्यम से मृतक के परिजनों को सूचना मिला तो खबर की पुष्टि करते हुए सेन्हा थाना में पुलिस पदाधिकारी से संपर्क कर भंडरा थाना अंतर्गत बेदाल बुडका टाइन टोली निवासी धुरन महली के पुत्र हरि महली ने मृतक का पहचान करते हुए बताया कि मेरा बड़ा भाई हीरू महली है जो 23 अक्टूबर को बुडका टाइन टोली अपना घर से बहनोई राजेश महली के घर गढ़कसमार नवाडीह गया था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि शव का शिनाख्त के उपरांत जांचोपरांत पहचानी पुष्टि करवाते हुए परिजनों को शव सौपने का अग्रतर कारवाई पुलिस द्वारा आरम्भ कर दिया गया है।

## मारपीट के आरोप में तीन व्यक्ति गये जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रानीगंज साप्ताहिक बाजार से लौटने के दौरान वाहन से साइड मांगने पर हुआ विवाद में तीन नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वाहन चालक स्व सगीर खान के पूत्र इम्तियाज खान न्यू रोड लोहरदगा निवासी से मारपीट के दौरान घायल हो गया था। वही इंतियाज खान ने लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पुलिस को आवेदन देकर कहा है कि साप्ताहिक बाजार रानीगंज से बुधवार को देर शाम लोहरदगा सवारी लेकर आ रहे थे। तभी बदला मेला मैदान के पास साइड लेने को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ। जिसे निगनी गांव निवासी जय गोविंद साहू के पूत्र जितेंद्र कुमार साहू, बालकेश्वर साहू के पूत्र केशरी कुमार साहू तथा सुरेश साहू के पूत्र संतोष कुमार साहू ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। घायल इम्तियाज खान के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने थाना कांड संख्या 136/23 दर्ज कर नामजद तीनों आरोपी को गिरिफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की मारपीट मामला की पुष्टि के उपरांत तीनों आरोपी को गिरिफ्तारी कर जेल भेजा गया।

### कर्मा पूर्व संध्या का टोटांबी में हुआ आयोजन

# जल-जंगल-जमीन को हम सभी को संरक्षित करने की जरूरत : चमरा लिंडा

**कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से 62 खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल हुए। जहां नृत्य गीत प्रस्तुत किये।**

**हमें अपने संस्कृति सभ्यता को बचा के रखने की जरूरत है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के टोटांबी गांव में शुक्रवार को करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिशनपुर विधायक चमरा लिंडा शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से 62 खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल हुए। जहां नृत्य गीत प्रस्तुत किये। मौके पर उपस्थित बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि हमें अपने संस्कृति सभ्यता परंपरा रीति रिवाज को संजोय के रखने की जरूरत है। जल जंगल जमीन कि हम सभी को संरक्षण करने की जरूरत है। हम सभी प्रकृति के पूजन है। समाज के लोगों को एकजुट होकर रहने की जरूरत है ताकि सभी संरक्षित रह सकेंगे। वही लिंडा ने यह भी कहा कि राजा जमीदार आए हम सभी को गुलाम बनाएं और हम लोग का संस्कृति सभ्यता को बदल के रख दिया। हमें अपने संस्कृति सभ्यता को बचा के रखने की जरूरत है एकजुट करने की जरूरत है, जैसा हमारे पूर्वजों ने बताया था। कोई अतिथियों द्वारा सभी खोल दल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। जहां समाज का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में शिवराम कच्छप, संतोष तिर्की, देवेंद्र तिर्की, विधायक प्रतिनिधि संजीव उराव, मुखिया विनोद उराव, चंद्रदेव सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डीन फा. रजत एक्का का शव कुएं से मिला



**हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** संत जॉन पारिस के डीन फादर रजत एक्का का शव शुक्रवार को पारिस के बगान स्थित कुवा में मिला। मिली जानकारी के अनुसार डीन फा. रजत एक्का फादर पवन लकड़ा के साथ गुरुवार रात 8:30 बजे खाना खाया। इसके बाद दोनों अपने-अपने कमरे में सोने चले गये। फादर पवन लकड़ा ने बताया कि सुबह 5:30 बजे प्रत्येक दिन डीन फादर रजत एक्का मिस्सा के लिए मिस्सा घंटी बजाते थे। मगर शुक्रवार को मिस्सा घंटी नहीं बजाया तो मैंने घंटी बजाय फिर लगा कि सुबह-सुबह कहीं गए होंगे जिसके कारण मिस्सा भी मैंने ही कराया। सुबह 8:00 बजे तक नाश्ता के लिए वह नहीं पहुंचे तो उनका खोजबीन किया गया मगर कहीं पता नहीं चला। सुबह 9 बजे के लगभग पारिस के बगान में काम करने गये विमला तिर्की ने डीन फा रजत का चप्पल एवं टॉर्च को कुएं के पास देखा इसके बाद इसकी सूचना पारिस में दी गयी। जब लोग कुएं के पास पहुंचे तो फादर रजत का टोपी कुवा में दिखा। कुछ देर बाद फादर का शव कुआं में दिखने लगा। फादर पवन लकड़ा के द्वारा चैनपुर थाना को घटना की सूचना दी गई। चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर कुआं से फादर के शव को निकलवाया। हत्या या आत्महत्या दोनों पहलू की पुलिस गहनता पूर्वक जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा जायेगा। इधर डीन फादर रजत एक्का का शव कुवा से मिलने के बाद ख्रीस्तीय समाज के लोग काफी मर्माहत है। फादर के एक झलक पाने के लिए चैनपुर बारिश में लोगों की भीड़ जुट गयी। इधर मामले की जानकारी मिलते हैं पर प्रशासक फा लीनुस पिंगल एक्का चैनपुर बारिश पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

**जीवन परिचय**



फा. रजत एक्का का जन्म 27 जनवरी 1962 को जारी प्रखंड के रिगनी टोली गांव में हुआ था। 61 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पुरोहिताभिषेक 1993 में हुआ था। 2018 में उनके पुरोहिताई जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह मनाया गया था। वही 2019 में फा. रजत पहली बार डीन बनकर आए थे। वह पांच भाई बहनों में तीसरे स्थान पर थे। उनके कुशल व्यवहार एवं लोगों के लिए किये गये बेहतर कार्य चैनपुर के लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ गया है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ काउंसलिंग सेशन

# किसी व्यक्ति को परिभाषित करता है उसका अपना चरित्रः सुधीर गुप्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कक्षा दशम के विद्यार्थियों के लिए एक काउंसलिंग सेशन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अपर समाहर्ता गुमला सुधीर गुप्ता उपस्थित थे। अपर समाहर्ता ने विद्यार्थियों को सफलता के कई टिप्स दिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सर्वप्रथम अपना लक्ष्य निर्धारित एवं स्पष्ट करें और उस पर अपना ध्यान केंद्रित करें। जीवन में कई बार भटकाव आता है, उससे बचें। आप खुद पर विश्वास रखें और अनुशासित बनें। हमेशा बुरी संगत से दूर रहें और आप किसी भी प्रकार का नशा न करें। आप आदर्श विद्यार्थी के सभी गुणों को आत्मसात कर करें। पढ़ाए गये पाठों की पुनरावृत्ति करें और स्वाध्याय के लिए छे घंटे से ज्यादा समय निर्धारित करें। हमेशा लक्ष्य पर फोकस करें और खुद पर विश्वास करें। अपने सिलेबस को 50 दिनों में पूरा कर बाकी समय रिवीजन पर लगाएं। जो भी आपके अंदर बुराईयां हैं उन्हें दूर करें। अपना चरित्र उत्तम बनाएं क्योंकि चरित्र किसी व्यक्ति को परिभाषित करता है।

### मेरी माटी मेरा देश के निमित्त घाघरा मंडल ने सौंपा अमृत कलश

# भाजपा सभी के सम्मान को लेकर कृत संकल्पित है : अशोक उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** मेरा माटी मेरा देश के निमित्त घाघरा मंडल ने शुक्रवार को मुख्यालय के चांदनी चौक स्थित शहीद देवनारायण भगत के स्मारक स्थल पर भाजपा नेता अशोक उरांव के नेतृत्व में पूरे घाघरा प्रखंड से इकठ्ठा किये हुए मिट्टी को अमृत कलश में भरकर जिला प्रभारी को सौंपा गया। बतातें चलें कि अमृत कलश को दिल्ली स्थित अमृत वाटिका भेजने के लिए नियुक्त जिला प्रभारी राम अवतार भगत को पूरे जिला के कलश को लेकर दिल्ली रवाना होना है। इस मौके पर भाजपा नेता अशोक उरांव ने कहा कि दिल्ली में बना रहे अमृत वाटिका में प्रखंड क्षेत्र के कई जगह से संग्रह किए गए मिट्टी का उपयोग किया जायेगा। जिस नियमित और मिट्टी अमृत कलश में भरकर दी गई है। भाजपा सभी के सम्मान को लेकर कृत संकल्पित है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष सोनी, जिला कार्य समिति सदस्य विपिन बिहारी, अरुंजय, अमित, सुशित गोस्वामी, आशीत, अनिल, पवन गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा देवी, अलका सहित अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

## दो दर्जन पशु लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात लगभग तीन बजे गुमला रांची नेशनल हाइवे में पलमा डीपा के समीप दो दर्जन से गोवंशीय पशु लदा ट्रक को जब्त किया है। ट्रक खड़ा कर भाग रहे तीन लोगों में पुलिस ने चालक इजराइल ओहदार को धर दबोचा। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी के अनुसार टाटा कंपनी का ट्रक संख्या सीजी08 ऐल1695 सिसई से रांची की ओर गोवंशीय पशु की तस्करी की भरनो पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस अधीक्षक को सूचित करते हुए छापामार दल का गठन किया गया। रात्रि गश्ती कर रही भरनो थाना की पुलिस ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया तभी ट्रक चालक तेज गति से ट्रक को भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने जब पीछा किया तब ट्रक चालक ने पलमा डीपा के समीप ट्रक खड़ा कर दिया और ट्रक से तीन लोग भागने लगे। अंधेरा का लाभ उठाकर दो लोग भागने में सफल हो गए जबकि एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लियसा गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अपना नाम इजराइल ओहदार ग्राम अटरिया गुमला बताया। वह ट्रक चालक है। ट्रक से भागने वाले दो लोगों में खलील साई और सिराज भंडारी के नाम शामिल है। दोनों मुर्गू सिसई थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार ट्रक चालक, फरार दो तस्कर और ट्रक रजिस्ट्रेशन के आधार पर भरनो थाना में कांड दर्ज किया गया। ट्रक से 24 गोवंशीय पशु को पुलिस ने जब्त किया है।

## फुटबॉल मैच की तैयारी को लेकर बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कार्तिक उरांव जतरा सह फुटबॉल मैच की तैयारी को लेकर शुक्रवार को बैठक बदरी पंचायत भवन में अयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मुखिया फिरंगी उरांव ने की। बैठक में आगामी 6 नवंबर से फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत व आगामी 17 नवंबर को कार्तिक उरांव जतरा को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही सफल आयोजन को लेकर कमेटी का बंटवारा भी किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला परिषद सदस्य तिम्बू उरांव ने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत आगामी 6 नवंबर से होगी, जिसका समापन 17 नवंबर को होगा। उक्त जतरा सह फुटबॉल समापन समारोह में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी है। उक्त कार्यक्रम में प्रथम बार राज्यपाल शामिल होंगे।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भगवान चंद्र दीक्षित, देव मोहन भगत, अमित ठाकुर, आशीष सोनी, सुनील कुमार, अवधेश सिंह, निरंजन टोपो, प्रदीप उरांव, बिल्लू भगत, कुशील भगत, शंकर उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने हाइ स्कूल और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर ईचा का निरीक्षण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी ने राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल हापामुनि, राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल ईचा, और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर ईचा का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में मुखिया ने हापामुनी की शिक्षिका से लेसन प्लान मांगा, जिसे शिक्षिका सुपुर्द नहीं कर पाई। वहीं विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान, इंग्लिश विषय का शिक्षक कमी की जानकारी दी। इसी प्रकार ईचा विद्यालय में भी लेसन प्लान की मांग की गयी, जहां निराशा ही हाथ लगा। शिक्षा के विद्यार्थियों ने की कमी की जानकारी देते हुए कहा कक्षा पांच और छह का क्लास एक ही रूम में लिया जाता है। जिससे बच्चों को एक साथ एक रूम मे बैठा कर पढ़ाने में काफी कठिनाई होती है। बताते चले कि इसी विद्यालय में वर्ष 2011 में नया भवन का निर्माण हो रहा था, जिसका निर्माण अभी भी अधूरा रह गया है। मुखिया विनीता कुमारी ने विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति को देखकर भड़कते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक से कारण पूछा जिसपर उन्होंने बताया कि 3 शिक्षक छुट्टी पर है। निरीक्षण के क्रम में मध्यान भोजन संतोषजनक पाया गया। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर ईचा का निरीक्षण किया गया। जहां सीएचओ के द्वारा सेंटर में शुद्ध पेयजल की मांग की गयी। इस मौके पर उपस्थित उप मुखिया अजित मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, संजय ठाकुर,संजेश उरांव, सीएचओ एलेन कुजूर, पूनम देवी, सत्यवती कुमारी, बैजनाथ माझी, प्रभारी प्रधानाध्यापक और शिक्षक शिक्षिका, मुन्नी कश्यप, सचदेवा उरांव, कृष्णा साहू, प्रदीप मनी पाठक, सुरेंद्र साहू, उर्मिला देवी, अन्य लोक उपस्थित हुए।

# कुआं से महिला का शव बरामद

## मृतका का पुत्र लक्ष्मीनारायण तुरी हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिछले दिनों एक कुआं से बरामद महिला के शव मामले में पुलिस ने अनुसंधान करते हुए मृतिका के पुत्र लक्ष्मीनारायण तुरी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि पिछले 25 अक्टूबर को खरवा गढ़ा गांव स्थित जद्दु महली के कुआं से 55 वर्षीय महिला का पुलिस ने शव बरामद किया था। जिसकी पहचान गांव के ही मुनी देवी के रूप में की गयी थी। पेटीकोट से गला बांध कर हत्या किया गया था। मृतिका की बेटी कालो देवी के बयान पर पुलिस ने भरनो थाना में भादवि की धारा 302/201/34 के तहत 25 अक्टूबर 23 को कांड संख्या 46 दर्ज किया गया था। एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। कांड अनुसंधान में ग्रामीणों से पूछताछ की गई। सभी बिंदुओं पर अनुसंधान के बाद मृतिका मुनी देवी के पुत्र लक्ष्मीनारायण तुरी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार लक्ष्मी नारायण तुरी ने अपनी मां की हत्या की संलिप्ता स्वीकार किया। कहा कि उसकी मां मुनी देवी उस दिन काफी शराब पी रखी थी। उसे पैसा नहीं देती थी। इस बात को लेकर कहासुनी हुई तो उसकी मां उसके खिलाफ शोर मचाते हुए जद्द महली के घर तरफ भागने लगी। उसे समझाने की कोशिश किया तब वह गिर गयी। उसी दौरान उसके पेटीकोट से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के लिए कुआं में डाल दिया था।

## मिशन बदलाव के जनक गोप और पारस नाथ की प्रेरणा से 3 साल के मरीज को मिला खून

**पहली बार रक्तदान कर बहुत खुश हुए मरीज के बड़े पापा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के जनक गोप और पारस नाथ सिंह को व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना मिला कि एक मरीज जिस का नाम कृष्णा बड़ाइक, उम्र 3 साल है, वह कुम्हारी घुंसेरा का रहने वाला है और सदर अस्पताल गुमला में एडमिट है। ब्लड की व्यस्था को लेकर उनके परिजन बहुत परेशान हैं। जैसे ही जनक गोप और पारस नाथ सिंह को पता चला कि बच्चे को तत्काल ब्लड की जरूरत है, और उन्होंने ने मरीज के परिवारों वालों से संपर्क किया और मरीज के बड़े पिता को रक्तदान के महत्व के बारे में समझाया। मरीज के बड़े पिता को रक्तदान को लेकर बहुत डरे हुए थे। और वो ब्लड देना ही नही चाहते थे। उसके बाद जनक गोप और पारसनाथ सिंह ने सभी गलत भ्रांतियों को दूर किया, और उनकी प्रेरणा से वह रक्तदान के लिए तैयार हो गये।

रक्तदान करने के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि उन्होंने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने ने कहा कि वे प्रत्येक तीन महीने में रक्तदान करेंगे।

## उदय ने कंचन कुमारी को ब्लड देकर सहायता की



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला के ब्लड बैंक में विश्व हिंदू परिषद सिसई प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा ने आपातकालीन स्थिति में इ पोजेटिव ब्लड डोनेशन करके अस्पताल में इलाजरत मरीज सिसई प्रखंड के समल ग्राम निवासी रौशन गोप की पत्नी कंचन कुमारी को ब्लड देकर सहायता की। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा अब तक दस बार रक्तदान किया गया है। साथ ही उन्होंने लोगो से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि सभी नौजवान रक्त दान जरूर करें। रक्तदान करने से खून फिल्टर होते रहता है जिससे बहुत सारी बीमारी होने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

## ललित उरांव की 19 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** लोकप्रिय सांसद सह जननायक स्व ललित उरांव की 19 वीं पुण्यतिथि मनायी गयीं। इस दौरान शुक्रवार को सिसई व पुसो भाजपा मंडल के नेता व कार्यकर्त्ताओं ने उन्हें नमन करते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित स्व ललित उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने कहा राजनीति के संत कहे जाने वाला स्व ललित उरांव की सादगी,शालीनता व ईमानदारी की आज भी मिसाल दी जाती है। उन्होंने आदिवासी समाज के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने झारखण्ड के लिए काफी कुछ किया है जिसे कुछ पंक्तियों में बयान नहीं किया जा सकता है। इनकी साफ बेदाग राजनीतिक छवि और कुशल नेतृत्व राजनीतिज्ञों के लिए अनुकरणीय है।

# जश्ने इद-ए-गौसिया पर बज्मे रब्बानी कमेटी ने फातेहा और लंगर का किया भव्य आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जश्ने ईद-ए-गौसिया के मौके पर बज्मे रब्बानी कमेटी ने शुक्रवार को बाजार टांड़ चांदनी चौक में लंगरे गौसिया का आयोजन किया। मोती मस्जिद के ईमाम हाफिज जाहिद रब्बानी ने कार्यक्रम की शुरूआत तिलावते कुरआन पाक से की। इसके बाद मदरसा कादरिया रजविया का छात्र मो.साहिल रजा ने नात -ए -पाक पेश किया। मध्य प्रदेश के जबलपुर से तशरीफ लाए पीरे तरीकत सैय्यद अहमद रब्बानी साहब ने लंगर पर नियाज-ए-गौसे आजम यानी फतिहा ख्वानी की। फातेहा पढ़ने के बाद उन्होंने गुमला और झारखंड समेत पूरे देश में सुख शांति और तरक्की की दुआ की। इधर बाद नमाज जुम्मा गौस -ए -पाक से अकीदत रखने वाले मुस्लिम धर्मावलंबी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर लंगर में शिरकत दी। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। गुमला में पहली बार लंगरे गौसिया का इतना भव्य कार्यक्रम देखकर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बज्मे रब्बानी कमेटी का खूब सराहना की। लंगरे गौसिया कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के सदर पप्पू रब्बानी, सचिव आमिर रब्बानी, खजांची वसीम रब्बानी, एखलाक रब्बानी, बबलू रब्बानी, रिंकू रब्बानी और छोटू रब्बानी समेत सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## झारखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी खेलगांव रांची रवाना हुए



**सिसई (आजाद सिपाही)।** राज्य स्तरीय खेलो झारखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सिसई के खिलाड़ी खेलगांव रांची रवाना हुए। सभी खिलाड़ियों को पुसो उच्च विद्यालय की शिक्षिका बबीता मिंज लेकर रांची रवाना हुई। एथलेटिक्स प्रतियोगिता खेलगांव रांची में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होगी। सिसई के ये सभी खिलाड़ी गुमला जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों को सिसई के खेल प्रेमियों ने प्रखंड मुख्यालय के समीप शुभकामनाएं देकर रवाना किया। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता खेल में भाग लेने वालों में आकांक्षा टोप्पो, सोनामनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, रूपंती कुमारी, मोनिका कुमारी, अनामिका उरांव, कलेश्वरी उरांव, तेम्बू व अभिनय उरांव शामिल हैं।

### जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

# नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करें अधिकारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीसी ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिला योजना कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया।


पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

## मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

डीसी ने एमएमसीएच के बाउंड्री वॉल के निर्माण की स्वीकृति दी। वहीं साहित्य समाज चौक स्थित केंद्र पुस्तकालय के परिसर में एक नया पुस्तकालय के निर्माण की भी स्वीकृति देने के साथ ही डीएमएफटी फंड से छतरपुर में भी एक पुस्तकालय निर्माण की दिशा में डीडीसी को निर्देशित किया। इसी तरह छतरपुर व लेस्लीगंज में केज कल्चर के माध्यम से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने की योजना पर कार्य करने के लिए संबंधितों को निर्देश दिया। वहीं हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस के समीप तालाब निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं एक कस्तूरबा विद्यालय का जीर्णोद्धार कराने पर भी सहमति बनायी गयी। इसी तरह लेस्लीगंज में नाली निर्माण कराने जाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश, मत्स्य पदाधिकारी विभिन्न विभागों के कार्यपालक व सहायक अभियंताओं सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जागरूक होकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम छेड़ने की जरूरत है : कर्नल संजय सिंह

**घूसखोर कर्मचारी को पकड़वाने वाले राजेश तिवारी को किसान ब्रिगेड ने किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में घुसखोर कर्मचारी सचिन गुप्ता को रंगे हाथ पकड़वाने वाले दरुआ निवासी समाजसेवी राजेश तिवारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। किसान ब्रिगेड के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि किसान ब्रिगेड भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाती रही है। मैं संगठन के तरफ से इस मुहिम में शामिल एसीबी के पूरे टीम को धन्यवाद देता हूं। संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को इसी तरह से जेल भेजा जाना चाहिए। राजेश तिवारी जैसे हर व्यक्ति की साथ देने की जरूरत है। इनकों सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि समाज के लोग इन्हें देखकर जागरूक हो और भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक मुहीम छेड़ें ताकि भ्रष्टाचार का उन्मूलन न हो। वहीं, राजेश तिवारी ने लोगों से अपील की कि किसी भी कार्यालय में घूस की मांग की जाती है तो डरने की जरूरत नहीं है। बल्कि निडर होकर एसीबी को इसकी सूचना देनी चाहिए। जबतक भ्रष्टाचारियों के मन में डर पैदा नहीं होता वे घूस लेना बंद नहीं करेंगे। गौरतलब हो कि राजेश तिवारी की शिकायत पर विगत सप्ताह हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में कार्यरत हल्का कर्मचारी सचिन गुप्ता को पलामू प्रमंडलीय कार्यालय की एसीबी की टीम ने चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।


राजेश तिवारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते कर्नल संजय व अन्य।

## मुखिया की तत्परता से दुर्घटना में घायल युवक को पहुंचाया गया अस्पताल

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज थाना से 100 मीटर की दूरी पर शुक्रवार को दो बाइक की आपस में हुई टक्कर में 30 वर्षीय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान सतुल उरांव के रूप में हुई है। वह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जरू का रहने वाला है। वहीं, हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला की तत्परता से उसे लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। लगे हाथ आर्थिक सहयोग भी किया गया। जहां घायलों को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर भेजा गया है।बताते चले की पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ में लगातार दुर्घटना घट रही है।

# मतदान केंद्र पहुंचे जिला निर्वाचन पदाधिकारी, बीएलओ के साथ खुद सेल्फी लेकर उनके कार्यों की सराहना की

**पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में बीएलओ के साथ सेल्फी लेने का चला कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन शुक्रवार को मेदिनीनगर नगर निगम में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 185,186 पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय बीएलओ ममता कुमारी व ज्योतशाना कुमारी के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में बीएलओ की भूमिका बेहद ही महत्वपूर्ण है। इनके कार्यों को सम्मान देने के लिये ही आज यह कार्यक्रम आयोजित की गयी है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के साथ ही पलामू के सभी मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम से मतदाता जागरूकता में मदद तो मिलेगी ही साथ ही इस तरह के कार्यक्रम से बीएलओ के मनोबल को भी बढ़ाया जा सकेगा। मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिति किस्कु आदि मौजूद रहे।




# डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने डीसी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान कराने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में चैनपुर थाना क्षेत्र के सिराजुद्दीन अंसारी ने डीसी से वृद्धा पेंशन बनवाने की मांग किया। इसी तरह नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के वृजनंदन पासवान ने डीसी से अंबेडकर आवास देने की मांग की। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के परवेज अहमद ने कैंसर से पीड़ित अपने पिता के इलाज करवाने का अनुरोध किया, जिस पर डीसी ने पीड़ित का इलाज मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज करवाने का आश्वासन दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे डीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।



# भूमि विवाद संबंधी समस्याओं का त्वरित निष्पादन हमारी प्राथमिकता: धनंजय गुप्ता

**हुसैनाबाद के नए अंचल पदाधिकारी ने ग्रहण किया पदभार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अंचल में नये सीओ धनंजय कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। विदित हो कि निवर्तमान सीओ नंद कुमार राम का बरियातू स्थानांतरण हो गया है। नए सीओ के रूप में धनंजय कुमार गुप्ता द्वारा पदभार करने के बाद अंचल कर्मियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। वहीं, पदभार ग्रहण के बाद नव पदस्थापित सीओ ने कहा कि समय पर आम लोगों के कार्यों का निष्पादन, दाखिल खारिज, भूमि संबंधी विवादों का निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। बिचौलियों को कभी पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद संबंधी कार्यो का त्वरित निष्पादन हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने आम लोगों से सहयोग की अपील की है। मौके पर अंचल नाजिर सुनील कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी राजेंद्र राम, संतोष कुमार, कौशिक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर सूर्यप्रताप, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, विकाश कुमार कुशवाहा, सहायक कर्मी कामेश्वर पहाड़िया, संतोष कुमार रवि आदि मौजूद थे।



# पलामू पहुंचे भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक एवं केंद्रीय अध्यक्ष



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने पार्टी के मुख्य संरक्षक सरयू राय व केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के मेदिनीनगर आगमन पर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे व गढ़वा जिला अध्यक्ष सुयस पांडे के नेतृत्व में जिले के दर्जनों पदाधिकारी पलामू आगमन पर उपस्थित थे। स्वागत के बाद सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर एक-एक कर परिचय हुआ और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें पार्टी का पंचायत स्तर तक विस्तार करने, प्रशासन में फैले भ्रष्टाचार रोकने, स्वास्थ्य सुविधाओं की लचर व्यवस्था, बालू को जनता के लिए फ्री करने और बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को मनमाना बिल भेजने आदि पर चर्चा हुई। इस मौके पर शत्रुघ्न ओझा, जिला उपाध्यक्ष हरि नारायण प्रजापति, रोहित मेहता, अभिषेक पांडे, अनूप शर्मा, सुशील कुमार, सुनील सिंह, अभय यादव, विश्वजीत दूबे आदि मौजूद थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा (स्पेशल कैंपेन 3.0) अभियान के तहत शुक्रवार को ग्रामीण एवं शहरी इलाके में जागरूकता को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्र-छात्राओं ने पहले स्वामी विवेकानंद चौराहे तक रैली निकाल कर स्वच्छता पर विशिष्ट संदेश प्रेषित किया। बैनर, पोस्टर एवं स्लोगन के साथ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सफाई कर हरी झंडी दिखाई गई। स्लोगन एवं स्वच्छता गान का उच्चारण करते हुए छात्रगण हर्षित और प्रसन्नचित्त थे। विद्यालय के शिक्षकों ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इसके बाद शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर एवं समीपस्थ स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिससे लोगों में स्वच्छता संबंधी नवीन चेतना का संचार हो और हमारा स्वच्छ भारत का संकल्प पूरा हो सके। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने अभियान में भाग लेने के लिए छात्रों-शिक्षकों को विशेष धन्यवाद दिया। अपने संदेश में उन्होने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की सभी सामाजिक एवं जन-जागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी रही है। विद्यालय के रुप में समाज को जागरूक करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गांधी जी स्वच्छता के पूजक रहे हैं। यह अभियान आजीवन चलने वाली सतत प्रक्रिया है, जो हमारे अंतर्मन को पवित्र बनाती है। स्वच्छ परिसर में स्वस्थ व्यक्ति एवं स्वस्थ विचार फलते-फूलते हैं इसलिए हम सभी को अपने आसपास को स्वच्छ रखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस अभियान में छात्रों, शिक्षकों-सहयोगियों द्वारा उत्साहित होकर हिस्सा लिया गया।



## रबी फसलों के प्रत्यक्षण को लेकर पीपरा ब्लॉक में बैठक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिता केरकेट्टा और प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत 2023-24 मक्का, सरसों, चना फसल का प्रत्यक्षण कराए जाने को लेकर बैठक कि गई। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि प्राप्त बीजों को सभी पंचायत में एक समान टोकन के माध्यम से वितरण करना है। जिसके लिए सभी जन प्रतिनिधियों के सहमति से सभी प्रकार के बीजों का 36 से अधिक गांवों का चयन किया गया है। वहीं, प्रखंड कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष गौतम राज ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जो भी बीज प्रखंड को प्राप्त होता है, उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची
(जिला नजारत शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

दिनांक 15.11.2023 एवं 29.12.2023 को राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जाना है। मुख्य समारोह स्थल पर मंच का निर्माण एवं सुसज्जीकरण, जर्मन हैगर, बैरिकेटिंग, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य कार्य दर निर्धारण हेतु मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 04.11.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक जिला नजारत शाखा, रॉची में जमा कर सकते हैं। निविदा उसी दिन अपराह्न 2.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में समाहरणालय ब्लॉक "ए" में कमरा संख्या 207 में खोली जायगी।

नोटः– निविदा के शर्त्ते **www.prdjharkhand.in** एवं **कार्यालय के सूचना पट्ट** पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, रांची

PR 310030 Ranchi(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

ई– निविदा (द्वितीय आमंत्रण)

PR No-305742,305822, 306788 & 307744 (Drinking water and sanitation)23-24 D

निविदा सं०:–12 of 2023–24 तिथि –26.10.2023

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 15 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Super Speciality and Dentistry campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 80,96,920.00 | 1,62,000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.10.2023 up to 05.00 P.M. | | | |
| 3 | बीड प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 08.11.2023 up to 03.30 P.M. | | | |
| 4 | बैंक गारण्टी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं स्थान, | 09.11.2023 10:00 A.M. से 3:00 P.M. तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि | 10.11.2023 up to 4.00 P.M. | | | |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | | | |
| 7 | ई0 प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0 | 9835068475 | | | |
| 8 | ई0 प्रोक्युरमेंट केन्द्र का हेल्पलाईन नम्बर :– | | | | |

नोट :– 1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तदनुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गोन्दा, राँची।

PR 310020 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

उपायुक्त –सह– जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, गुमला
(मनरेगा कोषांग)

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के संकल्प ज्ञापांक–4729 दिनांक–04-06.2007, संकल्प ज्ञापांक–6440 दिनांक–17-07.2012 संकल्प ज्ञापांक–848 दिनांक–21-03.2017 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2020 दिनांक 09.04.2010 एवं यथा संशोधित ज्ञापांक 1617 दिनांक 17.03.2023 के आलोक में जिला स्तर पर महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत संविदा के आधार पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों की संख्या निम्नवत् है :–

| क्र० | पदनाम | रिक्तियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | आ०क०व० | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | कुल |
| 1 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 2 | तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 01 | 0 | 01 | 0 | 02 |
| 3 | तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 02 | 01 | 02 | 0 | 05 |
| 4 | लेखा सहायक | 0 | 01 | 02 | 0 | 03 |
| 5 | कम्प्युटर सहायक | 02 | 01 | 02 | 0 | 05 |
| 6 | ग्राम रोजगार सेवक | 07 | 02 | 08 | 01 | 18 |

इच्छुक अभ्यर्थी उपायुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (मनरेगा कोषांग) विकास भवन, गुमला को निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 11.11.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है।

नोटः– नियुक्ति की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला।

PR 310022 Rural Development(23-24)D

कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग
(DMFT, हजारीबाग)

आपत्ति निराकरण संबंधित सूचना

DMFT, हजारीबाग के अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सक/चिकित्सा पदाधिकारी एवं पाराचिकित्सा कर्मीयों के विभिन्न अनुबंध आधारित पदों पर नियुक्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ज्ञापांक– 739/DHS हजारीबाग दिनांक 03.06.2023 के आलोक में नियुक्ति संबंधित विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटनी तथा अन्य प्रक्रिया के उपरांत गठित चयन समिति एवं उपायुक्त सह अध्यक्ष, DMFT प्रबंधकीय समिति, हजारीबाग के निदेश के आलोक में पाराचिकित्सा कर्मीयों (क्र0स0 13 से 27 तक) के आपत्ति निराकरण हेतु विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट **www.hazaribag.nic.in** पर अपलोड किया गया है।

उपरोक्त वर्णित पद क्रम स0 के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 02.11.2023 के अपराह्न 5:00 बजें तक अपने आवेदन के साथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य अवधि के दौरान आपत्ति हाथों–हाथ जमा कर सकते है। अन्य किसी माध्यम सें आपत्ति से संबंधित आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

**नोटः– वैसे कुछ आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनसें संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन नही कराया गया था, उन सभी आवेदन पर कोई कार्रवाई नही की गई है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार मान्य नही किया जायेगा।**

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 310025 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

# हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार छुपाने के लिए खेल रहे हैं आदिवासी कार्ड : बाबूलाल मरांडी

**इचागढ़ में बाबूलाल मरांडी ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान**

**महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दुनिया के किसी देश ने नहीं दिया, मोदी जी ने कर दिखाया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**इचागढ़।** संकल्प यात्रा के अंतिम चरण में शुक्रवार को इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा हुई। जनसभा मेंभ ारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी गांव गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबी को करीब से देखा है। मां बहनों की कठिनाइयों को देखा है, इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने मां बहनों को ध्यान में रख कर सबसे पहले इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनधन खाते खुलवा कर एक एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। एक-एक पैसा गरीबों के खाते में गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने गैस कनेक्शन के साथ साथ गैस पर सब्सिडी भी दी, जबकि 75 लाख बहनों को नया कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने ऐसी व्यवस्था खड़ी कर दी है, जिससे खाद की कमी नहीं रह रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध करवाया ,जबकि घोषणावीर हेमंत ने एक लाख अतिरिक्त तो क्या मोदी जी द्वारा भेजे जा रहे पैसों का भी बंदरबांट कर दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य मोदी जी ने किया है। दुनिया के किसी देश में ऐसी व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉच किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गयी है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है, जबकि आम जनता खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण, दुष्कर्म हो रहा है। अपराधी बेखौफ हैं। आम आदमी डरा हुआ है। प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या और दुष्कर्म की घटना से झारखंड भयभीत है। उन्होंने कहा कि अंचल, ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। जन्म प्रमाण पत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी पैसा देना पड़ रहा है। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए घुस देनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि पिछले छह महीने में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है, जिनमें से नौ व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी, बावजूद सुरक्षा नहीं मिली। उन्होंने कहा कि लापरवाह अधिकारी पर कार्रवाई होनी ही चाहिए। इडी ने दर्जनों बार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर को लिखा , किंतु हेमंत ने फाइल को दबा रखा है। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई पर हेमंत सोरेन आदिवासी कार्ड खेलते हैं, जबकि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, छवि रंजन कोई आदिवासी नहीं हैं। श्री सोरेन भ्रष्टाचार छुपाने के लिए आदिवासी कार्ड खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पता था कि कुछ लोग झारखंड को लूटने का कार्य करेंगे, उनके लिए ही होटवार जेल बनवाया था। हेमंत के लिए होटवार सबसे सही जगह है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार महाजनों से लड़ते लड़ते खुद महाजन हो गया। संथाल से लेकर रांची तक सबसे ज्यादा जमीन सोरेन परिवार की ही है। यह जमीन आदिवासी समाज से ही ली गयी है। उन्होंने कहा कि जो परिवार और पैसे के लिए राजनीति करते हैं, उनसे झारखंड का कभी भला नहीं हो सकता है। हेमंत सरकार भ्रष्ट अधिकारियों के साथ खड़ी है। ऐसीसरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने जब से कहा है न खायेंगे न खाने देंगे, इससे विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो गांव गरीब किसान, महिला की चिंता करते हैं, हमे उनकी चिंता करनी है। हम सबको संकल्प लेकर जाना है, फिर से 2024 में केंद्र में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनानी है।

# कांग्रेस का लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

## प्रभारी समेत कई राष्ट्रीय नेता हिस्सा लेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा 28 अक्टूबर को लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से गीतांजलि बैंक्वेट हॉल चिरौंदी में होगा।

कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, नेशनल कोऑर्डिनेटर के राजू, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होंगे। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित उदयपुर चिंतन शिविर में निर्णय लिया गया था कि एससी और एसटी आरक्षित संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों में वंचित वर्गों के बीच नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन यानी नेतृत्व विकास ध्येय चलाया जायेगा। इसमें एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की सक्रिय भूमिका होगी।

### पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव घर वापसी करेंगी

राकेश सिन्हा ने बताया कि कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे आ अब लौट चले अभियान के तहत कई पुराने और नये लोगों की कांग्रेस में वापसी हो रही है। इसी के तहत पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव शनिवार को दिन के तीन बजे इटकी रोड मेजर कोठी के पास आगमन बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगी। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थिति रहेंगे।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्धा महिला क्लब ने सीएसआर के तहत गर्भवतियों के बीच बांटा पौष्टिक खाद्य पदार्थ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुनेशवर।** एनटीपीसी स्वयंसिद्धा महिला क्लब, कोयला खनन मुख्यालय ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन पर जागरूकता पैदा करने के लिए सीएसआर पहल रूप में, एनटीपीसी स्वयंसिद्धा महिला क्लब, कोयला खनन मुख्यालय ने आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान किया, जो गर्भवती महिलाओं की अच्छा स्वास्थ्य और बच्चे के विकास के लिए आवश्यक है।




यह पहल स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन के मार्गदर्शन में आशा होम, तुपुदना के सहयोग से की गयी। इस पहल के तहत, महिला कल्याण विंग ने स्थानीय समुदाय की 40 गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान की। इस अवसर पर जैन ने लाभार्थियों को खाद्य सामग्री जैसे काजू, गुड़, डलिया, मूंग दाल, सूजी, चना, सरसों का तेल, सोयाबीन, आटा, और अंडे आदि वितरित किए, महिलाओं के साथ बातचीत करते हुए, उन्होंने गर्भवती माताओं के लिए संतुलित आहार और सकारात्मक विचारों की महत्व व्यक्त किया।

इसके अलावा स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब सीएसआर के तहत 25 महिलाओं को सिलाई, सिलाई प्रशिक्षण और 50 प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण पर कौशल विकास प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर जैन ने सिलाई प्रशिक्षुओं को सिलाई किट वितरित की और कम्प्यूटर प्रशिक्षण कक्ष का दौरा कर प्रशिक्षुओं के उज्वल और सफल भविष्य की कामना की। लक्ष्मी मूर्ति, अनीता प्रसाद, मनसा वर्मा, दीपा और परमेश्वरी और वैशाली भी उपस्थित थीं। यह सीएसआर पहल महिला क्लब के सदस्यों द्वारा पूरे दिल से योगदान के बिना संभव नहीं होती।

# हाइकोर्ट पहुंचा हजारीबाग में वकीलों की मारपीट का मामला

**रांची (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग बार एसोसिएशन के चुनाव की मतगणना के दौरान वकीलों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। यह मामला अब अदालत की दहलीज तक जा पहुंचा है। हजारीबाग सिविल कोर्ट के वकील और निवर्तमान कमिटी के सदस्य मनोज कुमार यादव ने हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है, जिसमें उन्होंने बार चुनाव करवा रहे रिटर्निंग ऑफिसर और हजारीबाग बार एसोसिएशन समेत अन्य को पार्टी बनाया है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव को रद्द किया जाये और मतों की गिनती पर रोक लगायी जाये। अपनी याचिका में मनोज कुमार ने मतगणना के दौरान हुई मारपीट की घटना का वीडियो और अन्य साक्ष्य भी संलग्न किये हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –24 / 2023–24

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 03.11.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 04.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 04.11.2023 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का सीन :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of septic tank soak pit sewerage line inspection chamber, replacement of door of toilet and its allied work at Rims campus Boy's hostel No-04 under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 393672.00 | 8000.00 | 750.00 | 45 Days |
| 2. | Construction of 200mmX165mm dia 225.00M dock HYDT with 3 HP submersible motor pump for improvement water supply of Boys Hostel No-04 Rims campus under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 479977.00 | 10000.00 | 750.00 | 20 Days |
| 3. | Renovation of toilet cum bath room, replacement of damaged sanitary fittings, improvement of W/S, S/I & sewerage work at Doctors Qtr. No-15 Rims Bariatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 498020.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 Month |
| 4. | Replacement of old pipe of Boy's Hostel No-1 B Rims under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 844142.00 | 17000.00 | 1250.00 | 10 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.310021 Drinking Water and Sanitation(23-24):D
































## न्यूज रील्स

### प्रकाश झा राजद प्रमुख लालू पर बायोपिक बनायेंगे



पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। उनका मजाकिया अंदाज या राजनीति में उनके दाव पेंच सभी में उनका एक अलग ही अंदाज है। आसान भाषा में कहें तो वह हर चीज में माहिर हैं। खबर आ रही है कि अब लालू प्रसाद यादव के जीवन पर एक फिल्म बनने जा रही है। फिल्म निर्देशक प्रकाश झा उन पर बायोपिक बनायेंगे।

### शिक्षक ने डंडा मारा, तो छात्र ने गोली मारी

कानपुर। कानपुर में एक निजी स्कूल के बाहर 10वीं के छात्र ने अपने शिक्षक पर गोली चला दी। शिक्षक के गले पर गोली के छर्रे लगे हैं। साथ ही, एक 10वीं क्लास की छात्रा भी घायल हुई है। छात्र अपने चचेरे भाई के साथ शिक्षक पर हमला करने आया था। चचेरा भाई 11वीं क्लास में पढ़ता है। दोनों नाबालिग हैं। हमला करने के बाद मौके से भाग गये। शिक्षक ने एक दिन पहले यानी गुरुवार को छात्र को क्लास में डंडा से मार दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुझे जेल में दिया जा सकता है जहर: इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि जेल में धीमा जहर देकर उनकी जान लेने का एक और प्रयास किया जा सकता है, क्योंकि उन्होंने देश छोड़ने से इनकार कर दिया है। पीटीआइ पार्टी के प्रमुख के परिजनों की ओर से शुक्रवार को एक्स पर उनकी ओर से संदेश साझा किया गया है।

**समापन समारोह : स्वायत्त निकाय 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) की होगी शुरुआत**

# 31 को 'मेरी माटी मेरा देश' के समापन समारोह में बहादुरों को श्रद्धांजलि देंगे प्रधानमंत्री मोदी

> 30 और 31 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह में 20 हजार से अधिक अमृत कलश यात्री होंगे उपस्थित

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर को इंडिया गेट स्थित कर्तव्य पथ/विजय चौक पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में 766 जिलों के 7000 ब्लॉकों से अमृत कलश यात्री भी उपस्थित होंगे। इस समापन समारोह के लिए 8500 से अधिक कलश 29 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के समापन का भी प्रतीक होगा। आपको बता दें कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पिछले दो सालों में दो लाख से अधिक कार्यक्रम भारत के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित किये गये।

इस कार्यक्रम में स्वायत्त निकाय मेरा युवा भारत (माय भारत) की भी शुरुआत होगी, जो युवा आधारित विकास पर सरकार का ध्यान केंद्रित करेगा और युवाओं को विकास का एक्टिव ड्राइवर बनाने में मदद भी करेगा। इस स्वायत्त निकाय का उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन एजेंट और राष्ट्र निमार्ता बनने के लिए प्रेरित करना है, जिससे वे सरकार और नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य कर सकें। कर्तव्य पथ/विजय चौक पर आयोजित इस दो दिवसीय (30 और 31 अक्टूबर) मेरी माटी मेरा देश अभियान के समापन समारोह में भाग लेने के लिए 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 हजार से अधिक अमृत कलश यात्री विशेष रूप से समर्पित ट्रेनों, बसों और स्थानीय परिवहन जैसे विभिन्न साधनों से 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेंगे। ये अमृत कलश यात्री दो शिविरों-गुड़गांव में धनचिरी शिविर और दिल्ली में राधा स्वामी सत्संग ब्यास शिविर में रूकेंगे।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

30 अक्टूबर को, सभी राज्य अपने-अपने ब्लॉक और शहरी स्थानीय निकायों का प्रतिनिधित्व करते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को दशार्ते हुए अपने कलश से मिट्टी को एक विशाल अमृत कलश में डालेंगे। अमृत कलश में मिट्टी डालने की रस्म के दौरान प्रत्येक राज्य के लोकप्रिय कला रूपों को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा और देर शाम तक चलेगा। 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ एक सार्वजनिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। शाम 4 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत कलश यात्रियों समेत संपूर्ण राष्ट्र को संबोधित कर उन बहादुरों को याद करेंगे, जिन्होंने भारत को स्वतंत्र रूप से सांस लेने और समृद्ध बनाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान की उपलब्धियां

आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के उपलक्ष्य में शुरू किया गया मेरी माटी मेरा देश अभियान देश के वीर-वीरांगनाओं के सम्मान में शुरू किया गया अभियान है। यह अभियान देश के वीरों को नमन और देश की पवित्र मिट्टी का वंदन करता है। इस अभियान को दो चरणों में मनाया गया। पहले चरण में स्वतंत्रता सेनानियों और सुरक्षा बलों के लिए शिलाफलकम, पंच प्राण प्रतिज्ञा, वसुधा वंदन और वीरों का वंदन जैसी पहल शामिल थी, जो बहादुरों के बलिदान का सम्मान करती थी। अपने पहले चरण में, अभियान को भारी सफलता मिली, जिसमें 36 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 2.33 लाख से अधिक शिलाफलकम बनाए गए, लगभग 4 करोड़ पंच प्राण प्रतिज्ञा सेल्फी अपलोड की गयीं और देश भर में 2 लाख से अधिक वीरों का वंदन कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अतिरिक्त, 2.36 करोड़ से अधिक स्वदेशी पौधे लगाये गये और वसुधा वंदन थीम के तहत 2.63 लाख अमृत वाटिकाएं बनायी गयी। मेरी माटी मेरा देश के दूसरे चरण में अमृत कलश यात्राओं का आयोजन किया गया। भारत भर के ग्रामीण क्षेत्रों के 6 लाख से अधिक गांवों और शहरी क्षेत्रों के वार्डों से मिट्टी और चावल एकत्र किये गये। प्रत्येक गांव से एकत्रित मिट्टी को ब्लॉक स्तर पर लाया गया और फिर राज्य की राजधानी में लाया गया और एक समारोहपूर्वक विदाई के साथ हजारों अमृत कलश यात्रियों के साथ राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना किया गया।

# गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गाजीपुर।** गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर तीन एमपी/एमएलए कोर्ट अरविंद कुमार मिश्र की अदालत ने सजा सुना दी है। मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा और पांच लाख का जुमार्ना लगा है। दूसरे दोषी सोनू यादव को पांच साल की सजा और दो लाख का जुमार्ना लगा है। बता दें कि गुरुवार को गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी और उसके शार्गिद सोनू यादव को दोषी करार दिया गया था। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार बांदा जेल से न्यायालय में पेश हुआ जबकि सोनू यादव न्यायालय में मौजूद था।

**क्या है करंडा मामला :** 2009 में करंडा थाना क्षेत्र के सबुआ निवासी कपिलदेव सिंह की हत्या और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले को आधार बनाकर मुख्तार अंसारी और सोनू यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत करंडा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से इस मामले में सुनवाई चल रही थी। सात अक्तूबर को मुख्तार अंसारी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए और सोनू यादव का बयान दर्ज हुआ था। इसके बाद बहस के लिए 11 अक्तूबर की तिथि तय की गई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। 17 अक्तूबर को अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव, मुख्तार अंसारी और सोनू यादव के अधिवक्ताओं ने अपना-अपना तर्क प्रस्तुत किया था।

**पैसों की कमी के आगे झुका टैलेंट, जैसे-तैसे हो रहा गुजारा**

# बकरी चरा रही है कबड्डी खिलाड़ी नमिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा महिला कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली एक खिलाड़ी आज खेतों में काम करने के साथ बकरी चराने को मजबूर है। बलांगीर जिले के गुडभेला ब्लॉक के गंभारीगुडा गांव की 23 वर्षीय आदिवासी लड़की नमिता भोई अपार क्षमता होने के बावजूद वित्त और परिस्थितियों के दबाव से पीछे छूट गयी हैं।



**ओड़िशा अंडर-14 कबड्डी टीम की थी कप्तान :** गंभारीगुड़ा गांव के चतुर्भुज भोई और वैदेही भोई की बेटी नमिता संइतला हाई स्कूल में पढ़ती थीं। उस समय वह खेल में रुचि के कारण कबड्डी खेलने लगी। 2014 में उन्होंने ओडिशा अंडर-14 कबड्डी टीम की कप्तानी की और छत्तीसगढ़ में खेली गयी प्रतियोगिता में अपने प्रतिभा के बल पर सबका ध्यान आकर्षित किया।

# प्रति सप्ताह 3 लाख मीट्रिक टन गेहूं खुले बाजार में उतारने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय खाद्य निगम के क्षेत्रीय जनरल मैनेजर ने बताया कि गेहूं की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओएमएसएस (डी) के तहत चरणबद्ध तरीके से ई-नीलामी के माध्यम से प्रति सप्ताह 3 लाख मीट्रिक टन गेहूं खुले बाजार में उतारने का निर्णय लिया गया है। मौजूदा दर गेहूं के लिए 2150 रुपये प्रति क्विंटल, लागू करों के साथ गेहूं (यूआरएस) के लिए 2125 रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं प्रोसेसर/ आटा चक्की/गेहूं उत्पाद के आटा मिलर्स ई-नीलामी के माध्यम से भाग ले सकते हैं। बोली लगाने वाले के पास वैध एफएसएसएआई लाइसेंस, ओड़िशा राज्य का जीएसटी/ व्यापार कर पंजीकरण, पैन होना चाहिए और उसे सरकार के डब्ल्यूएसएम पोर्टल में अपने मौजूदा स्टॉक होल्डिंग की घोषणा करनी होगी। गेहूं के मामले में भारत का एक पात्र बोलीदाता न्यूनतम 10 एमटी से लेकर अधिकतम तक की मात्रा के लिए बोली लगा सकता है। एफसीआइ द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआइ ओड़िशा क्षेत्र के 13 केंद्रों से 10500 मीट्रिक टन गेहूं ई-नीलामी के लिए पेश किया गया है। योजना के तहत गेहूं बिक्री के लिए एफसीआइ द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को टेंडर निकाला जाता है। बोलीदाता ई-नीलामी में भाग लेने के लिए एम-जंक्शन (http://www.valuejunction.in/fci) पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# खेल के माध्यम से अपने भविष्य को संवारें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**खोरीमहुआ (गिरिडीह)।** भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह एवं जिला परिषद अध्यक्ष मुनियां देवी गुरुवार देर रात धनवार प्रखंड के हरिनमरवा पहुंचे। वहां उन्होंने आदर्श युवा क्लब द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट मैच का उद्घाटन कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजकों की भी प्रशंसा की। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को सिर्फ खेल भावना से खेलना चाहिए और खेल के माध्यम से अपने भविष्य को संवारने का प्रयास करना चाहिए। केवल शिक्षा प्राप्त कर लेना जीवन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के बाद भाजपा नेता रात को ही गादी पहुंचे और दिवंगत पवन राय के परिजनों से मिल कर मृतक के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

जिप अध्यक्ष ने कहा कि एक खिलाड़ी की पहचान उच्च कोटी के तकनीक से होती है। इसलिए उच्च तकनीक के खिलाड़ी को हमेशा पहचान मिलती है। एक खिलाड़ी जब अपना सर्वश्रेष्ठ मैदान पर देता है, तो टीम की जीत तय हो जाती है। कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर मंच भी प्राप्त हो रहा है। सरकार की ओर से भी उन्हें कई अवसर प्रदान किये जा रहे है। इस मौके पर उदय कुमार सिंह, पवन सिंह, नकुल राय, मुरलीघर यादव, संजय यादव, श्रीकांत राय शामिल थे।




**पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला**

# मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को इडी ने किया गिरफ्तार

> मंत्री को 18 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद तड़के किया गया गिरफ्तार
>
> छह नवंबर तक हिरासत में भेजे गये राज्य के वन मंत्री
>
> सजा सुनते ही अचेत होकर कोर्ट परिसर में ही गिरे, ले जाया गया अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कई करोड़ रुपये के कथित राशन वितरण घोटाला से संबंधित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलएल) मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने राज्य के वन मंत्री व पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को गिरफ्तार कर लिया है। मंत्री को 18 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद शुक्रवार तड़के गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय एजेंसी ने गुरुवार को मल्लिक के परिसरों पर तलाशी शुरू की थी। कथित घोटाला सार्वजनिक वितरण प्रणाली और कोविड लाकडाउन के दौरान खाद्यान्न वितरण में कथित अनियमितताओं से संबंधित है। आरोप है कि राशन के अनाज को खुले बाजार में बेचा गया।

गिरफ्तारी के बाद मल्लिक ने कहा कि मैं बहुत बड़ी साजिश का शिकार हुआ हूं। यह सब नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी व भाजपा का करा धरा है।अधिकारियों ने कहा कि मल्लिक को तड़के साढ़े तीन बजे कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित साल्टलेक में उनके आवास से यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय लाया गया। मल्लिक मधुमेह के रोगी हैं और उन्हें कई अन्य बीमारियां भी हैं। उन्हें कोलकाता के दक्षिणी भाग में जोका के एक ईएसआई अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी चिकित्सकीय जांच की गयी।

**कोर्ट में बेहोश हुए मंत्री :** इसके बाद उन्हें कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश उन्होंने छह नवंबर तक ईडी की हिरासत में भेजने का निर्देश दिया। हालांकि न्यायाधीश के निर्देश को सुनते ही ज्योतिप्रिय बेहोश हो गए। उनकी पुत्री ने उनके सिर पर पानी डाला तब वह होश में आए। इसके बाद न्यायाधीश ने उनके इलाज के लिए कमांड हास्पिटल को बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। हिरासत के दौरान मंत्री रोजाना एक घंटे अपने वकील से बात कर सकेंगे तथा घर का खाना भी खा सकेंगे।

**ज्योतिप्रिय एवं बाकिबुर को आमने-सामने बैठा कर हो सकती है पूछताछ :** ईडी ने इससे पहले मंत्री के एक विश्वासपात्र कारोबारी बाकिबुर रहमान को गिरफ्तार किया था जिसकी रिमांड इस सप्ताह खत्म होने वाली है। घटनाक्रमों के बारे में दोनों का बयान जानने के लिए उन्हें आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा सकती है।



### धनबाद लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, संयोजक अजय दुबे व जलेश्वर

# झारखंड की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा को शिकस्त देने को कांग्रेस तैयार : अविनाश पांडेय

## झारखंड की नौ लोकसभा सीटों पर कांग्रेस उतारेगी अपना प्रत्याशी, धनबाद में होगा पार्टी का स्थानीय उम्मीदवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कांग्रेस लोसकभा समन्वय समिति की बैठक शुक्रवार को प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जिला के प्रभारी मंत्री सह राज्य के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, धनबाद लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक अजय दूबे, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह समिति के लोकसभा प्रभारी जलेश्वर महतो आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने बताया कि जिस उद्देश्य के साथ वे इस बैठक में आये थे वह पूरा हुआ।



धनबाद में आयोजित बैठक में उपस्थित मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व अन्य।

राज्य के सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की विफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की जनता परेशान और दुखी है। देश में अनकही आपतकालीन जैसी स्तिथि है। जनता अपनी आंखों से देख रही है कि किस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर भय और आतंक का महौल बनाया जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नए उद्योग नहीं लग रहे हैं। नए रोजगार की कोई उम्मीद भी नहीं दिख रही है। देश में अमीर और अमीर होता जा रहा है, जबकि गरीब और गरीब होता जा रहा है। इस बढ़ती खाई को देश की जनता महसूस कर रही है। गठबंधन में सीटों के बंटवारे के सवाल पर प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पिछली बार नौ सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवार दिया था। इस लिए कहीं किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। सभी 14 लोकसभा सीट पर आईएनडीआईए प्रत्याशी की जीत होगी। धनबाद लोकसभा सीट पर उम्मीदवार के सवाल पर कहा कि इस बार यहां स्थानिय उम्मीदवार होगा न कि कोई बाहरी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि समन्वय समिति की इस बैठक में प्रत्याशी से संबंधित किसी प्रकार की कोई चर्चा नहीं हुई है। प्रत्याशी के संबन्ध में अंतिम फैसला राष्ट्रीय कमिटी और राज्य कमिटी को लेनी है। बैठक में धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, पूर्व सांसद ददई दूबे, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंग उर्फ अनूप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस के नेता अभिजीत राज, विजय सिंह, अशोक सिंह, रणविजय सिंह, वैभव सिन्हा, एसएम हाशमी, दुर्गा दास, सीता राणा, प्रभात सुरुलिया, बाबू अंसारी, सहित सभी प्रखंड और नगर के पदाधिकारी मौजूद थे।

# जन-जन को उच्च सुविधा देने का हो रहा प्रयासः पीएन सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद के भाजपा सांसद पशुपति सिंह ने पिंडाजोरा में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य मिशन के तहत 55 लाख रुपये की लागत से बने स्वास्थ उपकेंद्र का शुक्रवार को उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। भारत के जन जन को उच्च स्तरीय स्वास्थ सुविधाएं मिले इसे सुनिश्चित करने की दिशा में काम हो रहा है। सुदूर क्षेत्रों में भी स्वस्थ सुविधाएं मिले इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार काम कर रही है। इस मौके पर आरएन ओझा, जयदेव राय, मुखिया कृष्णा महतो, अशोक कुमार वर्मा, सागर सिंह चौधरी, विधायक प्रतिनिधि माथुर मंडल, अशोक महथा, मिर्गेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र महथा, विशाल सिंह, हर्ष सिंह, किशोर कुमार, रघुनाथ टुड्डू, जितेंद्र नाथ महतो, राज कुमार गोप व विकाश पांडे आदि उपस्थित थे।

# श्री राम कथा देती है आत्मा को नया रूपः श्री राजन जी महाराज





**रघुकुल परिवार की ओर से आयोजित श्री राम कथा का समापन, अंतिम दिन माननीयों का लगा जमावड़ा, विधायक पूर्णिमा सिंह ने सभी को अंगवस्त्र-श्री राम दरबार का मोमेंटो देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** जियलगोड़ा स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय श्री राम कथा का शुक्रवार को समापन हो गया। तीसरे व अंतिम दिन कथावाचक श्री राजन जी महाराज ने कहा कि श्री राम कथा तन मन को पवित्र कर उज्वल करने के साथ ही जीवन शैली और आत्मा को नया रूप देती है। श्री राजन जी महाराज ने कहा कि श्री राम कथा को जो भी पूरे तन्मयता से सुनेंगे उनके जीवन के बहुत से प्रश्न की हल एवं जीवनरूपी नैया को खेने में सहूलियत होगी। प्रेम के बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है। रामकथा का महत्व हमेशा से है और आगे भी रहेगा। यह भगवान की लीला, चरित्र और गुणों की गाथा है। भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत, और शत्रुघन के चरित्र में प्रदर्शित त्याग और तपस्या की बातों को निरंतर श्रवण करते रहने से सुनने वाले के अंदर भी ऐसे ही महान गुणों का समावेश हो जाता है। वहीं, शुक्रवार को कथा के अंतिम दिन श्री राम कथा शुरू होने के बाद से ही कई माननीयों का आने का सिलसिला जारी रहा जो कि अंतिम समय तक चलता रहा। इस दौरान झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह सभी को श्री राम लिखा अंगवस्त्र और श्री राम दरबार का मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। वहीं कथा से प्रारंभ करने से पहले विधायक पूर्णिमा सिंह के देवर अभिषेक सिंह व उनकी पत्नी ने शिवानी सिंह ने व्यासपीठ की विधिवत पूजन किया। वहीं, कथा सुनने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगिर आलम, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, बेरमो विधायक जय मंगल सिंह, विधायक अंबा प्रसाद, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, रविंद्र सिंह, जय शंकर पाठक आदि पहुंचे थे।

# बांसजोड़ा सब स्टेशन की जमीन में पड़ी दरार, शिफ्टिंग शुरू

**यहीं से बांसजोड़ा बस्ती सहित खदान से डी- वाटरिंग और बांसजोड़ा साइडिंग की बिजली की होती है आपूर्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा कोलियरी के सब स्टेशन परिसर की जमीन में दरार पड़ गयी है। स्वीच रूम और ट्रांसफर्मर भी दरार की जद में आ गया है। इससे यहां काम करने वाले बीसीसीएल मजदूर पर भी खतरा मंडराने लगा है। मजदूर जान जोखिम में डालकर ड्यूटी कर रहे हैं। प्रबंधन की ओर से एक दरार के पास घेराबंदी कर दी गयी है। वहां डेंजर जोन का बोर्ड भी लगाया गया है। हालांकि इतना सबकुछ होने के बाद भी दर्जनों मजदूर ड्यूटी में लगे हुए है। वहीं, घटना के बाद से प्रबंधन ने सब स्टेशन को स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। यहां से बांसजोड़ा बस्ती की बिजली सप्लाई होती हैं। खदान से डी- वाटरिंग और बांसजोड़ा साइडिंग की बिजली आपूर्ति भी इसी सब स्टेशन से निगरानी की जाती है। यहां एक हजार केवीए ट्रांसफार्मर और दर्जनों स्वीच स्थापित है। 220,से 550,वोल्ट एवं 6,600 हजार वोल्ट का स्वीच से बिजली सप्लाई होती है। मजदूरों ने बताया कि तत्काल स्वीच और ट्रांसफार्मर को यहां से हटाकर बगल में रखा जाएगा, फिर कुछ दिन बाद इस सब स्टेशन को दूर शिफ्ट किया जाएगा। दरार पड़े इस सब स्टेशन कैम्पस में मजदूर शिफ्टिंग के काम में लगे हुए है। जानकरों ने कहा कि सब स्टेशन के पीछे माइंस है। अग्नि प्रभावित इस परियोजना में फिलहाल उत्पादन बंद है, लेकिन आग व गैस भीतर ही भीतर बढ़ रहा है। यही वहज है कि परियोजना से सटे इस सब स्टेशन को अपने जद में लेने के लिए पांव फैला रहा है। मजदूरों ने बताया कि तीनों शिफ्ट मिलाकर करीब 70 मजदूर यहां ड्यूटी करते है। वही, कोलियरी मैनेजर एसके दास ने बताया कि अग्नि प्रभावित इलाका है। दरारें पड़ी है। खतरा तो है। क्षेत्रीय अधिकारियों को जानकारी दी गई है। वे लोग प्रतिदिन निगरानी भी कर रहे हैं। उसी परिसर में जहां खतरा कम वहां पर ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किया जाएगा। खतरे वाले स्थान पर मजदूरों को वहां पर जाने से मना किया गया है।

# डीएमएफटी की बैठक में निरसा विधायक ने की क्षेत्र में जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** धनबाद डीसी कार्यालय में शुक्रवार को डीएमएफटी की बैठक हुई। जिसमें निरसा विधानसभा क्षेत्र के 33 जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर विधयाक अपर्णा सेन गुप्ता ने जोर दिया। विधायक ने मुख्य रूप से महत्वाकांक्षी निरसा-गोविंदपुर जलापूर्ति योजना के रुके हुए कार्यों को जल्द से जल्द चालू करने, पाण्ड्रा मोड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एप्रोच रोड का निर्माण, सिंदरी मोड़ से पाण्ड्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पाइपलाइन बिछाकर पेजलापूर्ति कार्य, एवं अस्पताल के अधूरे पड़े कार्य, क्षतिग्रस्त चाहरदीवारी का निर्माण, अस्पताल परिसर में पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य पूरी कर अस्पताल को जल्द से जल्द चालू करने और मदनपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने, उपचूड़ियां पंचायत के पोद्दारडीह गांव स्थित रानी तालाब का जीणोद्धार एवं सौंद्रयीकरण कार्य, केलियासोल प्रखंड अंतर्गत जयपुर उप स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने, सलुकचापड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र जो जर्जर अवस्था में है, उसका पुनः निर्माण बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक अधिष्ठापन कार्य, उपचूड़ियां पंचायत के पोद्दारडीह गांव स्थित रानी तालाब में अंछकवेल बनाकर और कुन्थोल मोड़ में अवस्थित पम्प हाउस का निर्माण, पंप हाउस की चाहरदिवारी का पुननिर्माण, जल संग्रह टैंक का पुननिर्माण एवं जलापूर्ति के लिए उपयोग में आनेवाले मशीनरी, पाइप एवं उन सामग्री लगाने की मांग की है। इनमें से डीसी ने महत्वाकांक्षी निरसा-गोविंदपुर जलापूर्ति योजना के रुके हुए कार्यों को जल्द से जल्द चालू करने, उपचूड़ियां पंचायत के पोद्दारडीह गांव स्थित रानी तालाब का जीणोद्धार एवं सौंद्रयीकरण कार्य सहित अन्य योजनाओं पर भी विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया।



डीएमएफटी की बैठक में अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखती विधायक अपर्णा सेनगुप्ता।

# लाखों के लोहे की मशीनरी चोरी मामले में सात श्रमिकों को शो कॉज



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के बीसीसीएल महुदा वाशरी में लाखों रुपये की बेशकीमती लोह मशीनरी एवं स्क्रेप चोरी के मामले पर विभागीय कार्रवाई करते हुए प्रबंधन ने पूरा दोष श्रमिकों पर मढ़ दिया। यही नहीं, सात श्रमिकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया हैं। वहीं, इस करवाई से नाराज सभी यूनियन संगठनों ने प्रबंधन के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया हैं। इस कार्रवाई से नाराज यूनियन नेताओं ने बताया कि प्रबंधन ने बीते दो-तीन महीने पहले बंद पड़े महुदा वाशरी की करोड़ो की संपत्ति को लावारिस छोड़ तैनात सभी सीआईएसएफ के सुरक्षा बलो को वापस भेज दिया है। बताया गया कि वाशरी प्रबंधन के उच्चाधिकारियों ने न केवल कार्यरत मजदूरों को बिना पुख्ता सुरक्षा के रात के अंधेरे में करोड़ों की संपत्ति की पहरेदारी में तैनाती की, बल्कि उनके बीच दिए जाने वाली लगभग 57 संडे की बढ़ोतरी कर एक मोटी उगाही का जरिया बना लिया है। सूत्रों की मानें तो प्रबंधन ने बंद वाशरी से आर्थिक बोझ की कटौति के तर्क पर सुरक्षा में लगे जवानों को हटा कर महज तीन जवानों की तैनाती कर रखी है। बताते चलें कि वाशरी में हुई लाखों की कथित चोरी का मामला अब भी परियोजना पदाधिकारी के लिए जी का जंजाल बना हुआ हैं। घटना की शुरूआत में ही लिपापोती के असफल प्रयास के बाद कई दिनों से पुलिस को अपुष्ट एवं त्रुटीपूर्ण आवेदन देने का नतीजा है कि वर्तमान समय तक मामला रजिस्टर नहीं हो सका है। सूत्र बताते हैं कि वाशरी प्रबंधन ने अंततः महज 10 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति के चोरी होने का एक आवेदन दिया है जिस पर पुलिस जांच कर रही है। इधर, वाशरी प्रबंधन घटना को लेकर कार्यरत सात श्रमिकों लखन लाल सिंह, गया राम महतो, काली राय आदि को शो-कॉज पत्र प्रेषित कर जवाब मांगा है। बताया जा रहा है कि वाशरी प्रवंधन ने सुरक्षा व साधन विहिन श्रमिकों को रात की विरानगी में करोड़ों को संपत्ति की सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्य करने और फिर अप्रत्यासित घटना का जिम्मेदार बताते हुए कार्रवाई का जो दिशा तय किया इस पर यूनियन संगठनों ने जोरदार विरोध किया है। इस संदर्भ में सभी संगठनों ने वाशरी परिशर में पत्रकारों से बात करते वाशरी के संपत्ति की सुरक्षा के लिए महीनों पहले हटाये गये सैकड़ों सीआईएसएफ जवानों की पुनः तैनाती एवं बिना जांच के श्रमिकों पर कार्रवाई का जोरदार विरोध किया है। यूनियन नेताओं ने कहा कि वर्तमान प्रबंधक अपना दोष छिपाने के लिये मजदूरों को बलि का बकरा बना रही है। संगठन प्रतिनिधियों ने कहा कि वो तमाम मुद्दे को लेकर अतिशीध्र पीओ अथवा महाप्रबंधक से बात करेंगे। अगर बात नहीं बनी तो फिर संयुक्त मोर्चा निर्णायक अंदोलन को वाध्य होंगे। इस दौरान समद अंसारी-आर सी एम एस, मुकूंद महतो बीसीकेयू, विनोद महतो झाकोश्रयु, ठाकूर प्रसाद महतो डीसीकेएस और भीम सिंह यूनाईटेड कोल वर्कर्स संघ आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, कोयला ईस्पात मजदूर पंचायत के वाशरी अध्यक्ष विद्या प्रकाश पांडेय ने घटना के लिए प्रबंधन को ही जिम्मेदार ठहराया है।

### भ्रष्टाचार को कहे न, राष्ट्र के प्रति हों समर्पित विषय पर कथारा में संगोष्ठी का आयोजन

# अनिवार्य किया जाये पॉलीग्राफी जांच, स्वतः दूर हो जायेगा भ्रष्टाचार : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में भ्रष्टाचार को ना कहे, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे के विषय पर शुक्रवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कथारा क्षेत्र के जीएम डीके गुप्ता भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी चंदन कुमार ने की। यहां सीसीएल में शुरू हुए सतर्कता जागरूकता अभियान में प्रबंधन द्वारा आमजन के बीच जागरूकता फैलाने के तरीकों की जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सबसे अधिक स्कूली बच्चे पर ध्यान केंद्रीय किया जा रहा है। वे चीजों को अच्छे से समझ कर अनुकरण करते हैं। वहीं, विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं की भी जानकारी दी गई। महाप्रबंधक ने कहा कि भ्रष्टाचार एक ऐसी बीमारी है जो सबचीज को खराब कर देती है। उन्होंने इसपर न सिर्फ रोक लगाने में सामूहिक प्रयास किए जाने की बात कही, बल्कि कोई ऐसे कार्य मे लिप्त पाए जाए तो उनको इससे दूरी बनाने के लिए भी प्रेरित करने को कहा। विभागाध्यक्ष कार्मिक जयंत कुमार ने पत्रकारों से भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे कार्यक्रमों को प्रमुखता से चैनलों में स्थान देने का अनुरोध किया। यहां पत्रकारों ने वजनदार तरीके से अपने विचार रखते हुए इसके रोकथाम के उपाय भी सुझाएं। पत्रकार एकता मंच के सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि अब समय की मांग है कि जो भी व्यक्ति सरकारी नियुक्तियों में हैं। उनका वार्षिक जांच पॉलीग्राफी टेस्ट मशीन से हो। सवाल बस एक कि क्या आपने अपने दायित्व का निर्वहन कर्मठता और भ्रष्टाचार मुक्त किया है। वह जांच मशीन जो परिणाम दे, उसी अनुरूप सेवा को बढ़ाया जाए अथवा समाप्त कर दिया जाए। यहां एकता मंच के अध्यक्ष जगदीश महतो, एसपी सक्सेना शमशेर आलम आदि पत्रकार ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर कार्मिक अधिकारी सूर्य भूषण प्रताप सिंह, पत्रकार मो साबिर अंसारी, विरमणी पांडेय, जगदीश भारती, संदीप कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार, अनिल वर्णवाल आदि थे।


कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय, पत्रकार व अन्य गणमान्य।

**कार्यालय-कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा**

**आम सूचना।**

**कृषि उपादान व्यवसायियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DAESI) में नामांकन लेने हेतु आवश्यक सूचना।**

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) हैदराबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में आत्मा, कोडरमा में कृषि उपादान व्यवसायियों हेतु देसी (Diploma in Agriculture Extension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें कोडरमा जिला के बीज/उर्वरक/कीटनाशी विक्रेता के वैध अनुज्ञप्तिधारी/नन–अनुज्ञप्तिधारी हेतु Combined batches में नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। (DAESI) पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज हैदराबाद के वेबसाईट –www.manage.gov.in आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है या आत्मा कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। पुर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन पत्र निबंधित/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से आत्मा कार्यालय कोडरमा को दिनांक– 16.11.2023 के अपराहन 5.00 बजे तक जमा कराया जा सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना आवश्यक होगा–**

1. (DAESI) पाठ्यक्रम का आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में पुर्ण रूपेन भरा हुआ।
2. शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम– मैट्रिक (10th) पास।
3. शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
4. बीज/उर्वरक/कीटनाशी लाइसेंस का छायाप्रति। (अनुज्ञप्तिधारक के लिए)
5. आधार कार्ड की छायाप्रति।
6. 2 फोटो पासपोर्ट साईज का।
7. देसी कार्यक्रम वैध अनुज्ञप्तिधारक को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक 40 के बैच में से अनुज्ञप्तिधारक की संख्या में कमी होने पर ही नन–अनुज्ञप्तिधारक को देशी पाठयक्रम करने की अनुमती दी जाएगी साथ ही 40 का बैच पूर्ण होने पर ही शुभारंभ किया जा सकेगा।
8. सभी दस्तावेजों पर आवेदनकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।
9. शुल्क के रूप में वैध अनुज्ञप्तिधारक को रू0 10000.00 (दस हजार) तथा नन–अनुज्ञप्तिधारक को रू0 20000.00 (बीस हजार) Demand Draft जो **Director SAMETI** नाम से **Payable at Ranchi** जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ मूल **DD** संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. यह पाठ्यक्रम मैनेज हैदराबाद द्वारा प्रत्येक रविवार को ही संचालित किया जाऐगा एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करने में 48 कक्षा (दिन) लगेगें।

अधिक जानकारी हेतु आत्मा कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, कोडरमा में कार्यालय अवधि में संर्पक किया जा सकता है।

विज्ञापन रदद् करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

जिला कृषि पदाधिकारी,
–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, कोडरमा।

PR.NO.309959 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24):D




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**